डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार । 13 मार्च 2026 । वर्ष-32, अंक-146, पृष्ठ-16 । चैत्र कृष्ण पक्ष 10, संवत 2082 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 । www.rastriyanaveenmail.com

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



# शादी का भोज बना आफत, फूड पॉइजनिंग से करीब 100 ग्रामीण बीमार

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** प्रखंड के बोहिता गांव के पोखर पार टोला में आयोजित एक शादी समारोह का सामूहिक भोज ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया। भोज के बाद फूड पॉइजनिंग की आशंका से करीब 100 ग्रामीण बीमार पड़ गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 10 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर और लेस्लीगंज अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य का इलाज गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पोखर पार टोला निवासी हरिशंकर चंद्रवंशी के पुत्र के विवाह समारोह में बुधवार को ग्रामीणों को भोज के लिए आमंत्रित किया गया था। भोज में पूड़ी, सब्जी और बुंदिया परोसी गई थी। देर रात से ही कई लोगों को उल्टी-दस्त और लूज मोशन की शिकायत होने लगी। सुबह तक दर्जनों लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम प्रभारी डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और गांव में मेडिकल कैंप लगाकर इलाज शुरू किया। गंभीर हालत वाले 10 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। बाद में पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव भी गांव पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि भोज के बाद फूड पॉइजनिंग की आशंका से लोग बीमार हुए हैं, हालांकि अधिकांश मरीजों की हालत में सुधार हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में लगातार निगरानी कर रही है।



## रसोई गैस के लिए उमड़ी भीड़ ग्राहकों ने दिखाया संयम

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** रसोई गैस सिलेंडर उठाव को लेकर गुरुवार को स्थानीय एजेंसी में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बावजूद ग्राहकों ने संयम और अनुशासन का परिचय दिया। दरअसल ईरान-अमेरिका युद्ध की आशंका के कारण पेट्रोलियम पदार्थों और रसोई गैस की कमी की खबरों के बीच स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी में बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच गए। एजेंसी प्रबंधक अक्षय सिंह ने बताया कि पहली बार एक साथ 400 से अधिक ग्राहक एजेंसी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि विभागीय आदेश के अनुसार प्रतिदिन 100 ग्राहकों को ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सकता है। इसलिए 100 ग्राहकों को सिलेंडर देने के बाद शेष लोगों को अगले दिन आने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन रहने के बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था से सीमित संख्या में ग्राहकों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। साथ ही आश्वस्त किया कि एजेंसी में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी को कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।



## स्कॉर्पियो की टक्कर से बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी–दंगवार वाया जपला मुख्य पथ पर सोनबरसा पेट्रोल पंप के समीप स्कॉर्पियो वाहन की टक्कर से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि दुर्घटना में वाहन चालक और सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन सड़क किनारे लगे बिजली पोल से टकरा गया, जिससे पोल टूट गया और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद बिजली विभाग ने क्षतिग्रस्त पोल की भरपाई को लेकर प्रक्रिया शुरू की। इसी क्रम में स्कॉर्पियो मालिक ने विभाग को क्षतिपूर्ति राशि जमा कर दी, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया समाप्त कर दी गई। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए आसपास क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिसे बाद में विभाग द्वारा दुरुस्त कर बहाल कर दिया गया।

## अंडरपास ब्रिज में रोशनी और जल निकास की व्यवस्था नहीं, आवागमन में हो रही परेशानी

शंभू चौरसिया

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित रेल अंडरपास ब्रिज में रोशनी और जल निकास की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम होते ही अंडरपास में घुप अंधेरा छा जाता है, जबकि बरसात के दिनों में यहां जलजमाव की समस्या बनी रहती है। बरसात के समय पानी निकालने के लिए विभाग द्वारा मजदूर लगाकर अस्थायी व्यवस्था की जाती है, लेकिन यह उपाय कारगर साबित नहीं होता। दोबारा बारिश होने पर फिर से जलजमाव हो जाता है। साथ ही ट्रैक्टर और अन्य वाहनों की आवाजाही से कीचड़ जमा हो जाने के कारण पैदल और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है। लोगों ने अंडरपास में जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान और रात में रोशनी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। यह अंडरपास प्रखंड कार्यालय, थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय सहित रामनगर, राजनडीह और महुडंड मार्ग से जुड़े दूरदराज के पठारी गांवों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके बावजूद यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।



## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और विरोध करने पर उसकी मां के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 9 मार्च 2026 की देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी किसी काम से घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ अनुचित हरकत करने की कोशिश की। किशोरी के शोर मचाने पर उसकी मां वहां पहुंच गई और विरोध जताया। आरोप है कि युवक ने नाराज होकर महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई। बाद में दोनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर हुसैनाबाद थाना में कांड संख्या 55/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 126(2), 115(2), 352, 64(1) के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




## मांडर गांव में रहस्यमयी आगजनी से ग्रामीण चिंतित, तीन पुआल के जले

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पोलडीह पंचायत अंतर्गत मांडर गांव में होली पर्व के दौरान लगातार हुई आगजनी की घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। अज्ञात कारणों से तीन अलग-अलग रातों में तीन किसानों के पुआल के गांज में आग लग जाने से ग्रामीण हैरान और परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार होलिका दहन की रात मांडर गांव में लवकुश गुप्ता के पुआल के गांज में अचानक आग लग गई, जिससे पुआल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद होली की सुबह मुखिया पति अशोक यादव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचायत बैठक कर मामले पर चर्चा की गई और आग लगने के कारणों पर विचार किया गया। हालांकि पंचायत समाप्त होने के उसी दिन रात में अर्जुन यादव के पुआल के गांज में भी आग लगने की घटना सामने आई। वहीं होली के चौथे दिन रात में पंचायत की मुखिया के पुआल के गांज में भी आग लग गई। लगातार तीन घटनाओं के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन घटनाओं में करीब 50 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है। पुआल मवेशियों के चारे के लिए रखा जाता है, ऐसे में इसके जल जाने से किसानों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि किसी शरारती तत्व द्वारा इन घटनाओं को अंजाम दिया गया हो सकता है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि पंचायत में शामिल लोगों के पुआल को ही निशाना बनाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है, ताकि गांव में फैली चिंता और आशंका दूर हो सके।



## जलसहिया ने बैरिया टोला की महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




नवीन मेल संवाददाता


**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत भजनियां गांव की जलसहिया शकुंतला देवी ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए बैरिया टोला की महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसे लेकर गुरुवार को उन्होंने टोला में बैठक की। बैठक में उन्होंने गली-मुहल्लों के साथ ही चापानल के आसपास साफ-सफाई रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कहीं भी कूड़ा-कचरा, जलजमाव और कीचड़ जमा नहीं होने देना चाहिए। इसके लिए जनसहभागिता से जल निकास का उचित प्रबंध करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि चापानल के आसपास कीचड़ और जलजमाव से जल प्रदूषण के साथ मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे मलेरिया सहित कई बीमारियों का खतरा रहता है। बैठक में सूर्यभान प्रसाद, लालती देवी, बिसनी देवी, सीता देवी, सुमित्रा देवी, सुमन देवी और गीता देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## झारखंड के रेलयात्रियों की सुविधा में वृद्धि व विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है जेआरयूए

### सूबे के विभिन्न जिलों के सांसदों से भी पहल करने का आग्रह

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक और उपसचिव ऋतिक राज ने बुधवार शाम रांची में मंडल रेल प्रबंधक से शिष्टाचार मुलाकात कर झारखंड के रेल यात्रियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखा। इस दौरान एसोसिएशन ने झारखंड के यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल संपर्क के लिए कई सुझाव और प्रस्ताव सौंपे। उन्होंने त्योहारी सीजन के दौरान झारखंड से बेंगलुरु, पुणे, मुंबई और चेन्नई जैसे प्रमुख महानगरों के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन की मांग की, ताकि कामकाजी लोगों और छात्रों को यात्रा में सुविधा मिल सके। इसके अलावा रांची–इंदौर और रांची–गांधीधाम एक्सप्रेस शुरू करने का प्रस्ताव दिया गया। वहीं रांची–गोरखपुर एक्सप्रेस को सप्ताह में एक दिन लोहरदगा और डाल्टनगंज होते हुए चलाने की मांग भी की गई। एसोसिएशन ने 12811/12 हटिया–एलटीटी एक्सप्रेस को प्रतिदिन चलाने तथा 18636/37 और 12385/36 हटिया–एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि कर इसे दैनिक करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त 15661/62 रांची–कामाख्या एक्सप्रेस के फेरों में वृद्धि कर इसे सिलचर तक विस्तारित करने तथा 22605/06 पुरुलिया–तिरुनेलवेली एक्सप्रेस को रांची तक बढ़ाने की मांग भी रखी गई। रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एसोसिएशन ने विभिन्न सेक्शनों में चल रही पैसेंजर ट्रेनों 53371/72/73/74 कोडरमा–बरकाकाना, 53375/76 बरकाकाना–सिद्धवार और 58663/64/65/66 हटिया–शांकी को समन्वित कर हटिया–मेसरा–बरकाकाना–हजारीबाग टाउन–कोडरमा पैसेंजर सेवा शुरू करने का प्रस्ताव दिया। इससे यात्रियों को सीधी और सुगम यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। एसोसिएशन ने 18609/10 रांची–एलटीटी एक्सप्रेस में डीडीयू तक लागू सामान्य प्रतीक्षा कोटा को घटाकर कोडरमा तक सीमित करने की मांग की, ताकि झारखंड के यात्रियों को मुंबई के लिए सीट उपलब्धता बेहतर हो सके। इसके साथ ही 13351/52 धनबाद–अलेप्पी और 16619/20 पोदानुर–धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस में भी रांची के लिए यही कोटा देने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि 18309/10 संबलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस पहले हटिया से चलती थी, लेकिन बाद में इसे संबलपुर तक विस्तारित कर दिया गया, जिससे रांची का सीट कोटा सीमित हो गया है। इसलिए इस ट्रेन में रांची के लिए सामान्य कोटा बहाल करने की मांग की गई। साथ ही 12366 रांची–पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस और 20839 रांची राजधानी एक्सप्रेस में बोकारो स्टील सिटी तक सामान्य आरक्षित कोटा देने का प्रस्ताव भी रखा गया। मंडल रेल प्रबंधक ने सभी मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उच्च अधिकारियों तक भेजने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।




## इंस्पायर अवार्ड में सतबरवा के चार विद्यार्थियों का चयन, शिक्षक अभिषेक तिवारी सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रखंड का नाम रोशन किया है। भारत सरकार की इंस्पायर अवार्ड–मानक योजना के तहत सतबरवा प्रखंड के चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस सफलता के पीछे मार्गदर्शन देने वाले राजकीयकृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय के भौतिकी शिक्षक अभिषेक तिवारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि कोरोना काल से ही शिक्षक अभिषेक तिवारी प्रत्येक शनिवार को ऑनलाइन विषयगत और प्रेरणात्मक कक्षाएं संचालित कर रहे हैं, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार के लिए प्रेरित किया जाता है।उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की योजना में चयनित हो रहे हैं। मणिपुर सरकार के सचिव सह जेसीईआरटी रांची के पूर्व निदेशक शैलेश चौरसिया ने शिक्षक अभिषेक तिवारी को उनके आवास पर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित विद्यार्थियों में रिचा कुमारी (आर.के. सर्वोदय उच्च विद्यालय, सतबरवा), मोहन उरांव (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दरुवा), संजना कुमारी (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कसियाडीह) और दीपक कुमार (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पिंडरा) शामिल हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को वैज्ञानिक प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।



## विधायक से मुखिया ने की उर्दू शिक्षकों की पदस्थापन की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** क्षेत्र के उर्दू विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से उर्दू भाषी छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस संबंध में मोकहर कला पंचायत की मुखिया नाजमा खातून ने एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि हैदरनगर प्रखंड के सात उर्दू विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की पदस्थापन नहीं होने से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी नवाजिश खान ने बताया कि सिंधना, करीमनडीह, कुड़वा खुर्द, केवाल, कबरा खुर्द, भाई बिगहा और भिखा बिगहा में उर्दू विद्यालय हैं, लेकिन किसी भी विद्यालय में पर्याप्त उर्दू शिक्षक नहीं हैं। इन सात विद्यालयों में केवल भिखा बिगहा में एक उर्दू शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि उर्दू शिक्षक की इकाई निर्धारित नहीं होने से उर्दू भाषा के अस्तित्व पर संकट पैदा हो सकता है। समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उर्दू भाषी छात्र पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे। इस पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारियों से वार्ता कर समस्या के समाधान का भरोसा दिया।



## उत्तर कोयल मुख्य नहर पर 40 फीट चौड़े पुल का शिलान्यास

- दो दर्जन गांवों के ग्रामीणों का आवागमन होगा सुलभ

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर–भजनिया मुख्य मार्ग में उत्तर कोयल मुख्य नहर पर बनने वाले पुल का रविवार को जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। पुल का निर्माण हैदरनगर नए थाना परिसर के समीप संतोषडीह गांव के सामने किया जाएगा। पूजा-अर्चना का कार्य पुरोहित पं. संजीव पाठक ने संपन्न कराया। यह पुल संतोषडीह गांव के सामने स्थित मुख्य नहर पर बनाया जाएगा, जहां सात मीटर चौड़े पक्के मार्ग का निर्माण होगा। इसके साथ ही पुल के दोनों ओर ढाई-ढाई मीटर चौड़े फुटपाथ भी बनाए जाएंगे, जिससे आम लोगों को सुरक्षित पैदल आवागमन की सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्य पूरा होने पर मार्ग की कुल चौड़ाई लगभग 40 फीट होगी। पुल बनने से पंसा, कबरा कला, कबरा खुर्द, रजौंधा, सजवन, सलेमपुर, खरगाड़ा, चेचरिया सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को हैदरनगर मुख्यालय तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी। साथ ही थाना, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, प्रखंड व अंचल कार्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों तक आवागमन में समय और परेशानी दोनों की बचत होगी। कार्य शुभारंभ के अवसर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह और संवेदक अभय कुमार सिंह ने कहा कि यह मार्ग वर्षों से ग्रामीणों की मांग रहा है। नहर पर पक्के पुल के अभाव में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पुल बनने से क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा ग्रामीणों की आवाजाही सुरक्षित और सुगम होगी। मौके पर आरसीडी विभाग के एसडीओ ज्ञान प्रकाश, कनीय अभियंता नीतीश कुमार दुबे, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अशोक चंद्रवंशी सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।



## डिग्री कॉलेज हुसैनाबाद में स्नातक सेमेस्टर-1 की परीक्षा शांतिपूर्ण

# 360 में सात परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित, परीक्षार्थियों मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की गई

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** डिग्री कॉलेज हुसैनाबाद (झरहा) में गुरुवार को स्नातक सेमेस्टर-1 की हिंदी और इतिहास विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की उड़नदस्ता टीम के सदस्य रवि शंकर प्रसाद और नरेश कुमार गुप्ता ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम कुमार प्रसाद को परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने के निर्देश दिए। परीक्षा में कुल 360 परीक्षार्थियों में से 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सीताराम कुमार तथा वीक्षक पंचम कुमार सिंह, अनिल कुमार पासवान, कबिन्द्र कुमार पासवान, अनिल कुमार सिंह, मो. इरफान, वीरेंद्र पाल, उमेश कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र राम, तनु सिंह, बसंत राम, रवि आनंद, रवि शंकर विभूति, मोनू सिंह, गोविंदा प्रसाद सिंह, पप्पू पासवान और प्रो. चंदन पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।



## हैदरनगर में विश्व प्लंबर दिवस पर कर्मियों को अंगवस्त्र व किट देकर सम्मानित किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में बुधवार को विश्व प्लंबर दिवस के अवसर पर प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि के संचालन में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने किया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख ने क्षेत्र में विभागीय स्तर पर तेजी से किए जा रहे कार्यों और जागरूकता अभियानों की चर्चा की। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल जीवन मिशन के तहत 8 से 22 मार्च तक जल महोत्सव पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण पेयजल सेवाओं को सुदृढ़ करने, जल गुणवत्ता निगरानी को संस्थागत रूप देने, जल स्रोत संरक्षण, जल संचयन को प्रोत्साहित करने तथा ग्राम स्तर पर संचालन और अनुरक्षण की व्यवस्था में जनभागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। सुजल ग्राम अवधारणा के तहत पेयजल सेवाओं की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने में जल पखवाड़ा को उपयोगी बताया। इस अवसर पर क्षेत्र में बेहतर योगदान देने वाले प्लंबर शिवकुमार सिंह और उमेश सिंह को अंगवस्त्र और किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जलसहिया आरती, गीता, रिंकी सहित कई जलसहियाओं ने भाग लिया।



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 11

राष्ट्रीय नवीन मेल **खास**

# अधूरी सड़क पर टोल टैक्स क्यों ? लोगों ने उठाए सवाल, जवाब दें जिम्मेदार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** नेशनल हाईवे-39 पर भोगु से शंखा तक निर्माणाधीन सड़क पर टोल वसूली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर टोल संचालन कर रही विवेक कंस्ट्रक्शन कंपनी का कहना है कि उसने यह टोल प्लाजा एनएचएआई के टेंडर के तहत लिया है और टेंडर शर्तों के अनुसार उसे प्रतिदिन 5.19 लाख रुपये जमा करने होते हैं, इसलिए नियमानुसार टोल वसूली की जा रही है। कंपनी के जनरल मैनेजर अनूप सिंह के मुताबिक टोल प्लाजा फिलहाल तीन महीने के लिए कंपनी के पास है और इस दौरान सरकार द्वारा तय दरों पर ही वाहनों से शुल्क लिया जाएगा। वहीं स्थानीय लोगों के लिए 10 किलोमीटर के दायरे में आधार कार्ड के आधार पर 340 रुपये मासिक शुल्क का पास जारी करने की भी व्यवस्था बताई गई है।

दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारिक संगठनों ने अधूरी सड़क पर टोल वसूली को अनुचित बताते हुए इसका विरोध किया है। उनका कहना है कि कई जगहों पर सड़क और फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है, जिससे लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी हो रही है।

ऐसे में सड़क निर्माण पूरा होने से पहले टोल वसूली शुरू करना जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में लगातार सवाल उठ रहे हैं और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।


राष्ट्रीय नवीन मेल

अधूरी सड़क पर टोल वसूली

नियमों की अनदेखी कर लिए जा रहे पैसे

दो किलोमीटर के सफर पर भी टोल, छात्रों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

पहले के कुछ मामले, जिसमें ये थे न्यायालयों के आदेश

1. पालयेकरा टोल प्लाजा मामला : सुप्रीम कोर्ट

2. बेंगलुरु-डोड्डाबल्लापुर मामला : कर्नाटक हाईकोर्ट

3. कुम्बला टोल प्लाजा मामला : केरल हाईकोर्ट

12 मार्च का प्रकाशित अंक

## नियमों का उल्लंघन, जनता पर बोझ : मणिकांत सिंह



झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रवक्ता मणिकांत सिंह ने कहा कि नेशनल हाईवे-39 पर भोगु से शंखा तक निर्माणाधीन सड़क पर टोल वसूली नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 के नियमों के अनुसार नगर निगम क्षेत्र से 10 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में अधूरी सड़क पर टोल वसूली शुरू करना न सिर्फ जनता पर बोझ है बल्कि नियमों की भी अनदेखी है।

## प्रशासन को इस पर तुरंत विचार करना चाहिए : शिवनाथ राम



पड़वा निवासी शिवनाथ राम ने अधूरी सड़क पर टोल वसूली को अनुचित बताया। उन्होंने कहा कि जब तक सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली बंद रखी जानी चाहिए। उनका कहना है कि कई जगहों पर सड़क का काम अभी भी अधूरा है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में टोल लेना आम लोगों के साथ अन्याय है और प्रशासन को इस पर तुरंत विचार करना चाहिए।

## अधूरे एनएच-39 पर टोल जनहित के खिलाफ : इंद्रजीत



पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने कहा कि अधूरे एनएच-39 पर टोल टैक्स लागू करना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जब तक सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली नहीं होनी चाहिए। चैंबर ने प्रशासन से मांग की है कि पहले सड़क निर्माण का कार्य पूरा कराया जाए, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो।

## पहले सड़क निर्माण पूरा करना जरूरी : आशीष भारद्वाज



समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने कहा कि अधूरी सड़क पर टोल टैक्स वसूली करना पूरी तरह गलत है। उनका कहना है कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य पूरी तरह पूरा नहीं हो जाता, तब तक लोगों से टोल वसूली नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पहले सड़क का निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और उसके बाद ही टोल वसूली शुरू की जाए।

## अधूरे फ्लाईओवर के बाद टैक्स वसूली से दोहरी परेशानी : मधुकर शुक्ला



मधुकर शुक्ला ने कहा कि सिगरा में बन रहा फ्लाईओवर अभी तक अधूरा है, जिसके कारण लोगों को रोजाना आने-जाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के चलते कई जगहों पर मार्ग बाधित रहता है और वाहनों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में टोल वसूली शुरू कर देना लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन गया है।

## टोल वसूली शुरू होने के बाद बढ़ा अतिरिक्त आर्थिक बोझ : धर्मेन्द्र



ग्रामीण धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि इस टोल वसूली से लातेहार और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों पर यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। उन्होंने कहा कि सड़क अभी पूरी तरह तैयार नहीं है और कई जगहों पर काम जारी है। ऐसी स्थिति में टोल वसूली शुरू करना स्थानीय लोगों के साथ अन्याय है।

## तीन किलोमीटर की सड़क अधूरी, फिर क्यों दें टैक्स : मुकेश सिंह



कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मुकेश सिंह ने अधूरी सड़क पर टोल वसूली का विरोध करते हुए कहा कि लोहड़ा से राजहरा के बीच लगभग तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण अभी भी अधूरा है। कई स्थानों पर काम जारी है और सड़क की स्थिति भी ठीक नहीं है। इसके बावजूद टोल वसूली शुरू कर देना पूरी तरह अनुचित है। पहले सड़क निर्माण कार्य पूरा होना चाहिए, तभी टोल वसूली शुरू की जानी चाहिए।




आज / कल




### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में बेकन फैक्ट्री के पुनरुद्धार के लिए हुआ एमओयू

# मांस प्रसंस्करण को मिलेगा बढ़ावा, रोजगार के खुलेंगे द्वार

## आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को लागू करने पर जोर

- राज्य में मांस प्रसंस्करण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की योजना
- स्थानीय उद्यमियों और श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की योजना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–राष्ट्रीय मांस एवं पॉल्ट्री अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर- एनएमआरआई), हैदराबाद और पशुपालन निदेशालय, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के बीच रांची स्थित बेकन फैक्ट्री के पुनरुद्धार तथा राज्य में मांस प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता झारखंड में पशुपालन क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और मांस प्रसंस्करण की क्षमता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एमओयू राज्य सरकार द्वारा संचालित पशुपालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को मजबूती देगा और पशुधन क्षेत्र में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

आईसीएआर- एनएमआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एम. मुथुकुमार ने कहा कि यह सहयोग झारखंड के मीट सेक्टर में आधुनिक प्रसंस्करण तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को लागू करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि बेकन फैक्ट्री का पुनरुद्धार राज्य में मांस प्रसंस्करण क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए उत्प्रेरक साबित होगा, जिससे किसानों, उद्यमियों और उपभोक्ताओं सभी को लाभ मिलेगा। एमओयू के तहत रांची स्थित बेकन फैक्ट्री के आधुनिकीकरण और पुनरुद्धार के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी।

शेष पेज 13 पर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# शिशु देखभाल अवकाश के दौरान छुट्टी वेतन की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**




- डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर किया गया
- मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के दायरे का हुआ विस्तार

**रांची ।** पलामू जिले के ऐतिहासिक डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम अब आधिकारिक रूप से मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन होगा। केंद्र सरकार की सहमति मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। सरकार के इस निर्णय के साथ ही करीब दो दशक पहले शहर का नाम बदलकर मेदिनीनगर किए जाने की प्रक्रिया अब रेलवे स्टेशन तक भी पहुंच गई है। दरअसल, ब्रिटिश काल में वर्ष 1861-62 के आसपास छोटानागपुर के तत्कालीन कमिश्नर और मानवविज्ञानी कर्नल एडवर्ड टुइट डाल्टन के नाम पर इस शहर का नाम डालटनगंज रखा गया था।

बाद में, वर्ष 2004 में राज्य सरकार ने ऐतिहासिक खेरो राजवंश के लोकप्रिय शासक मेदिनी राय के नाम पर शहर का नाम बदलकर मेदिनीनगर कर दिया था। अब लगभग 22 वर्ष बाद रेलवे स्टेशन का नाम भी उसी के अनुरूप बदलने का रास्ता साफ हो गया है। कैबिनेट बैठक में इस निर्णय के अलावा कुल 40 प्रस्तावों पर स्वीकृति दी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में राज्य कर्मियों की सेवा और सेवा निवृत्ति से जुड़े विवादों के समाधान के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई है। इस व्यवस्था के तहत कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए समय सीमा तय की गई है और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई है। यदि किसी कर्मचारी को निचले स्तर पर लिए गए निर्णय से संतोष नहीं होता है, तो उसके लिए अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपनी बात रखने की भी व्यवस्था की गई है। सरकार का मानना है कि इस नियमावली से सेवा से जुड़े विवादों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे में मदद मिलेगी। इसके अलावा कैबिनेट ने मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के दायरे को भी विस्तारित करने का फैसला किया है।

अब इस योजना का लाभ झारखंड से बाहर स्थित तकनीकी महाविद्यालयों में पढ़ने वाली राज्य की छात्राओं को भी मिल सकेगा। इससे पहले यह सुविधा केवल झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं तक सीमित थी।

शेष पेज 13 पर

## बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** अपराधियों ने कांके थाना क्षेत्र गुरुवार की शाम गोलीबारी की है। इस फायरिंग की घटना में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की गोली लगने से मौत हो गई है। मामले की जानकारी मिलते ही कांके पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रांची के कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटु स्थित ऊपर टोला में रहने वाले 65 वर्षीय राजेन्द्र मुंडा की गुरुवार की शाम गोली मार कर हत्या कर दी गई है। प्रथम दृष्टया पुरानी रंजिश में हत्याकांड को अंजाम देने की बात सामने आ रही है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से पेट्रोल में लगी आग, युवक गंभीर रूप से झुलसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एनएच-343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के लोटो गांव में पेट्रोल पंप के समीप बुधवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

जानकारी के अनुसार ओबरा गांव निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता (पिता स्व. रामलाल गुप्ता) मोपेड पर प्लास्टिक के गैलन में पेट्रोल लेकर जा रहे थे। लोटो गांव स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल खरीदने के बाद जैसे ही वे सड़क पर निकले, उसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण गैलन फट गया और पेट्रोल सड़क पर फैल गया, जिससे तुरंत आग लग गई। देखते ही देखते मोपेड और उस पर सवार युवक आग की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस चुका था।



शेष पेज 13 पर

## 12 इंट्रीग्रेटेड थानों का आज होगा शिलान्यास नए वाहन भी मिलेंगे

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर रांची से अत्याधुनिक 12 नए इंटीग्रेटेड थानों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। साथ ही 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दो पहिया वाहन थानों को गश्ती के लिए सौंपेंगे। कुल स्वीकृत 1255 पेट्रोलिंग वाहन और 1697 दो पहिया वाहन में से प्रथम चरण में 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दो पहिया वाहन थानों को सौंपे जाएंगे। वहीं राज्य के 12 जिलों रांची, हजारीबाग, बोकारो, देवघर

शेष पेज 13 पर

# बोहिता गांव में फूड पॉइजनिंग की बड़ी घटना, 200 से अधिक लोग बीमार

- भोज में पूड़ी-बुंदिया और स जी खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, कई मरीज मेदिनीनगर रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर/सतबरवा।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत बोहिता गांव में फूड पॉइजनिंग की बड़ी घटना सामने आई है। बुधवार को आयोजित एक भोज में खाना खाने के बाद गुरुवार सुबह तक 200 से अधिक ग्रामीण बीमार पड़ गए। बीमार लोगों में उल्टी-दस्त, चक्कर और कमजोरी की शिकायत थी। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए मेदिनीनगर भेजा गया, जबकि अन्य लोगों का उपचार उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पोखरपार टोला, बोहिता में लगाए गए अस्थायी चिकित्सा शिविर में किया जा रहा है।

शेष पेज 13 पर

**तैयारी**

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारीने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

# झारखंड में मतदाता सूची एसआईआर की तैयारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची की एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की तैयारी तेज हो गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर 'एसआईआर' की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिहीन बनाने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जाएगा। राज्य में मतदाताओं को पिछले गहन पुनरीक्षण की सूची से मैपिंग करने का काम शुरू कर दिया गया है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल होने से वंचित न रह जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस 'एसआईआर' अभियान की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बीएलओ की घर-घर दस्तक होगी। बीएलओ न केवल प्रत्येक घर जाकर 'इन्यूमेरेशन फॉर्म' देंगे और उन्हें भरकर वापस लेंगे, बल्कि हर घर के बाहर एक विशेष स्टिकर भी लगाएंगे। इस स्टिकर पर मतदाता के घर की संख्या के साथ-साथ उनके संबंधित बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। निर्वाचन आयोग की इस पहल का उद्देश्य यह है कि आम नागरिक को मतदाता सूची से जुड़ी किसी भी समस्या या नाम जुड़वाने के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े और वे सीधे अपने बीएलओ से संपर्क कर सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लक्ष्य हर हाल में एक पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची तैयार करना है।

बैठक के दौरान के. रवि कुमार ने राजनीतिक दलों से भी सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी दल अपने मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति में तेजी लाएं, ताकि 'एसआईआर' के दौरान बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय बना रहे। इसके साथ ही एजेंटों की ट्रेनिंग पर भी जोर दिया गया ताकि जमीनी स्तर पर काम करते समय किसी तरह का संशय न रहे।

शेष पेज 13 पर

## रैयतों को उनका अधिकार दिलाने के लिए सरकार कटिबद्ध : दीपक बिरुआ

**रांची।** राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के विस्थापन से जुड़े ध्यानाकर्षण पर जवाब देते हुए कहा कि निजी क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव इस सदन द्वारा पारित किया जा चुका है। वर्तमान में यह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और 12 मार्च को इसकी सुनवाई निर्धारित है, इसलिए आगे की कार्रवाई न्यायालय के निर्देशों के अनुसार होगी। नियमों के अनुसार रैयतों को उनका अधिकार दिलाने के लिए सरकार कटिबद्ध, बशर्ते वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करें।

शेष पेज 13 पर

# राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास को मिलेगा बढ़ावा : सीएम हेमंत

- झारखंड सरकार व भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान के बीच एमओयू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में गुरुवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में उद्यान निदेशालय, झारखंड एवं भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर), बेंगलुरू के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा की इस एमओयू से राज्य में उद्यानिकी क्षेत्र के विकास एवं विस्तार होगा। इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। बागवानी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक एवं सेवाओं का मिलेगा फायदा

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद- भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर), बेंगलुरू के साथ एमओयू होने से राज्य में फल, सब्जी, सजावटी, औषधीय, मशरूम फसलों में उत्पादकता, गुणवत्ता और मूल्य को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, बागवानी क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग, अनुसंधान और प्रशिक्षण एवं सेवाएं उपलब्ध होंगी।

शेष पेज 13 पर

# रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता




**रंका।** अनुमंडल क्षेत्र में आगामी रामनवमी पूजा एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) ने की। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में प्रशासन की ओर से कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। रंका थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जुलूस या धार्मिक कार्यक्रमों में डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा पूजा समितियों को अपने-अपने पंडाल और जुलूस मार्ग पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्देश दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान एनएच-343 मुख्य सड़क को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, ताकि आम लोगों की आवाजाही बाधित न हो। साथ ही सभी पूजा समितियों से कहा गया कि अपने वॉलंटियर की सूची रंका थाना में जमा कराएं और उनका सत्यापन करवाया जाए। प्रत्येक वॉलंटियर की जिम्मेदारी तय करने और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। मोटरसाइकिल जुलूस को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए गए। जुलूस में शामिल सभी बाइक सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा तथा झंडे की लंबाई 12 फीट से अधिक नहीं रखने का निर्देश दिया गया। पर्व के दौरान शराब की बिक्री और सेवन पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी भ्रामक खबर या अफवाह पर ध्यान न दें और ऐसी सूचना तुरंत रंका थाना को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर रंका अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी, रंका थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी, अनुमंडल पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, समाजसेवी किशोर कुमार, सुरेश पांडे, शोएब खलीफा, डॉ. इकरामुद्दीन, डॉ. इस्लाम, उत्तरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी, तमगे पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, खरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, उत्तम पांडे, सुल्तानी सिंह, सोनू मद्धेशिया सहित सैकड़ों ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तापमान में तेजी से बढ़ोतरी, दोपहर की धूप हुई असहनीय

**मोहम्मदगंज।** हाल के दिनों में मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। तापमान में तेजी से बढ़ोतरी के कारण गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान बढ़ने के कारण दोपहर की धूप असहनीय हो गई है। अगले तीन दिनों तक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया गया है। मौसम में बदलाव के कारण पानी और ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई है। मार्च के मध्य में ही तापमान में इस तरह की बढ़ोतरी को लेकर लोगों ने आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका जताई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पेयजल स्रोतों का सर्वेक्षण कर खराब और बंद पड़े जलमीनार व चापानलों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो गर्मी के दिनों में पेयजल संकट उत्पन्न हो सकता है।

## एक साल से खराब पड़ी जलमीनार, प्यासे राहगीर, प्रशासन बेखबर



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार बाजार स्थित कर्पूरी गेट के समीप विधायक मद से लगाई गई जलमीनार पिछले एक वर्ष से खराब पड़ी है, लेकिन इसे दुरुस्त कराने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की गई है। नतीजतन बाजार आने-जाने वाले राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। गर्मी की शुरुआत होते ही लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई जलमीनार अब शोपीस बनकर रह गई है। बावजूद इसके प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। दुकानदार जयंत विश्वकर्मा, सुदामा चौधरी, कुमार सूर्या, सोनू और आदित्य मेहता ने बताया कि जब जलमीनार लगाई गई थी, तब बाजार आने-जाने वाले लोगों को आसानी से पेयजल मिल जाता था, लेकिन पिछले एक साल से खराब रहने के कारण लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा जलमीनार से सोलर पैनल भी खोलकर ले जाया गया है, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द जलमीनार की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को पेयजल की सुविधा मिल सके।

## डंडई प्रखंड में नहीं है डिग्री कॉलेज स्नातक की पढ़ाई के लिए बढ़ रही परेशानी

- छात्राएं बोलीं : शहर में पढ़ाई से बढ़ रहा आर्थिक बोझ, सरकार डंडई में खोले डिग्री कॉलेज

नवीन मेल संवाददाता




**डंडई।** प्रखंड में अब तक एक भी डिग्री कॉलेज स्थापित नहीं होने के कारण यहां के छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई तो किसी तरह स्थानीय विद्यालयों में पूरी हो जाती है, लेकिन इसके बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को 25 से 30 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम परिवार अपने बच्चों को शहर भेजकर पढ़ाई करवा लेते हैं, लेकिन गरीब परिवारों के लिए यह संभव नहीं हो पाता। नतीजतन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट के बाद ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा किसी भी क्षेत्र के विकास की बुनियाद होती है। यदि डंडई जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं होगी तो यहां के युवाओं का भविष्य प्रभावित होगा। प्रखंड में फिलहाल तीन प्लस-टू उच्च विद्यालय संचालित हैं, जहां से हर वर्ष सैकड़ों छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट पास करते हैं, लेकिन डिग्री कॉलेज के अभाव में उनके सामने आगे की पढ़ाई एक बड़ी चुनौती बन जाती है। अभिभावकों का कहना है कि शहर में रहकर पढ़ाई कराने में किराया, भोजन और अन्य खर्चों के कारण आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता नहीं दी। छात्राओं अंशु कुमारी, चंदा कुमारी, रीना कुमारी, शिवानी कुमारी, राधिका कुमारी और अर्चना कुमारी ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि डंडई प्रखंड में जल्द से जल्द डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

## भगवान घाटी के समीप बाइक दुर्घटना, पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल

**केतार।** भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर भगवान घाटी के समीप गुरुवार को एक तेज रफ्तार अपाची बाइक असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में टंडवा निवासी तुलसी सिंह और उनकी पत्नी सोना देवी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तुलसी सिंह अपनी पत्नी के साथ किसी कार्य से अपने ससुराल केतार थाना क्षेत्र के बलिगढ़ पंचायत के बनखेता गांव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में दोनों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उसी मार्ग से गुजर रहे चेचरिया निवासी अवध यादव ने राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी भवनाथपुर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

### पूर्व मंत्री के आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन

## सामाजिक समरसता व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है इफ्तार पार्टी का उद्देश्य : मिथिलेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) गढ़वा जिला इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार के बाद नमाज अदा की गई। रमजान के पवित्र माह में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के लोग, समाजसेवी तथा विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के रोजेदारों के लिए विशेष रूप से इफ्तार की व्यवस्था की गई थी। अजान के साथ ही पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित उपस्थित अतिथियों और रोजेदारों ने सामूहिक रूप से रोजा खोला। रोजेदारों ने देश और प्रदेश में अमन, शांति तथा तरक्की के लिए दुआ की। मौके पर मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि झामुमो गढ़वा जिला इकाई की ओर से प्रति वर्ष इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि रोजा आत्मसंयम, अनुशासन और धार्मिक भावना को बढ़ाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है और यहां सभी धर्मों के लोग कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए काम करते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि समाज को बांटने की कोशिश करने वाली ताकतों को यह संदेश है कि गढ़वा की जनता हमेशा एकजुट रही है और आगे भी रहेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने लोगों को ईद और रामनवमी की अग्रिम बधाई भी दी। कार्यक्रम में भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, एसपी दीपक पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, गढ़वा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, सीडीपीओ नीरज कुमार, बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, दिनेश प्रसाद सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष शंभू राम, सचिन शरीफ अंसारी, धीरज दुबे, डॉ. यासीन अंसारी, डॉ. असजद अंसारी, ताहिर अंसारी, जितेंद्र सिन्हा, राकेश पाल, रेखा चौबे, मदनी खान, पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, केंद्रीय सदस्य गोपाल सिंह, सानू सद्दीकी, शनी शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## खरौंधी प्रखंड में वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा के दूसरे दिन हिंदी व विज्ञान की परीक्षा संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन (एसए-2) परीक्षा गुरुवार को दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। दूसरे दिन प्रथम पाली में हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। दोनों पालियों में विद्यार्थी निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान बीपीओ विपिन बिहारी गुप्ता ने प्रखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ बीआरपी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं सीआरपी दिनेश कुमार दुबे भी विभिन्न विद्यालयों में पहुंचे और परीक्षा संचालन की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कक्षाओं में जाकर परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रश्नपत्र वितरण, उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। बीपीओ विपिन बिहारी गुप्ता ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का आकलन करने के लिए महत्वपूर्ण होती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप सभी विद्यालयों में परीक्षा की समुचित व्यवस्था की गई है और सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संचालित हो रही है।

## सहार बिहरा के संजय कुमार का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के सहार बिहरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सच्चिदानंद शर्मा के पुत्र संजय कुमार (55) का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे गाजियाबाद (दिल्ली एनसीआर) में अपने परिवार के साथ रहते थे और केंद्र सरकार में एक्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। बताया जाता है कि वे कुछ समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और दिल्ली में ही उनका इलाज चल रहा था। उनके पिता सच्चिदानंद शर्मा और भाई रणजीत कुमार भी फिलहाल दिल्ली में ही हैं।

## दो जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में दी आर्थिक सहायता

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** चुतरू पंचायत के बीडीसी मो. आसीफ आलम ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए दो जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में पहुंचकर आर्थिक सहयोग किया। पहले अवसर पर वे ग्राम बरदरी पहुंचे, जहां हरिवंश सिंह की पुत्री विनीता की शादी आयोजित थी। इस दौरान उन्होंने विवाह समारोह में शामिल होकर ड्रेसिंग के रूप में आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वे ग्राम चुतरू पहुंचे, जहां राजिंदर भुईयां की पुत्री आरती की शादी थी। वहां भी उन्होंने विवाह समारोह में उपस्थित होकर परिवार को सहयोग दिया और नवविवाहित जोड़े के सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। स्थानीय लोगों ने मो. आसीफ आलम के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

## नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड अंतर्गत करके गांव स्थित शिव चर्चा स्थल छठ घाट सूर्य मंदिर परिसर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम का संचालन जिला स्तरीय गायत्री परिवार गढ़वा के परिव्राजक संतन मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। इस अवसर पर गढ़वा जिला के युवा सह-समन्वयक महेंद्र कुमार, गायत्री परिवार महिला सह-समन्वयक अनीता देवी तथा गायत्री परिवार महिला मंडल की अध्यक्ष ममता तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ममता देवी, किरण देवी और गायत्री परिवार गढ़वा के व्यवस्थापक रंजीत केसरी ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद यादव ने की। वहीं उपाध्यक्ष रामप्रवेश चंद्रवंशी, सचिव चुनमुन चौधरी और कोषाध्यक्ष सचिन कुमार की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न कराया गया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य ललन चौधरी, मनोज प्रजापति, रामेश्वर प्रजापति, अखिलेश यादव, सुनील कश्यप, अजय यादव, विकास कुशवाहा, अजय कुशवाहा, शिवपूजन शर्मा, शंकर चौधरी, देव कुमार प्रजापति, अजय कुमार सिंह और शंभू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर व्यवहार न्यायालय में बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय नगर ऊंटरी परिसर में गुरुवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीजे-वन संजय कुमार एवं सिविल जज सीनियर डिवीजन-श्री राजश्री अपर्णा कुजूर ने की। बैठक में सभी बैंकों, वन विभाग और उत्पाद विभाग के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली तथा झालसा के निर्देशानुसार पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति नगर ऊंटरी के तत्वावधान में 14 मार्च को अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय नगर ऊंटरी परिसर में चौथे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने ऋणकर्ताओं को नोटिस के माध्यम से लोक अदालत में उपस्थित होने की सूचना दें, ताकि आपसी समझौते के आधार पर ऋण मामलों का निष्पादन कराया जा सके।

## प्रखंड कार्यालय में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष का सम्मान



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता का गुलदस्ता देकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के कर्मियों ने उन्हें बधाई देते हुए नगर के विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने सम्मान के लिए सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे नगरवासियों का है और वे सभी के सहयोग से नगर के विकास के लिए कार्य करेंगे। मौके पर प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू नवाब साहब, प्रखंड नाजिर राकेश कुमार, जेई राजू कुमार रजक, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक विवेक श्रीवास्तव, कृष्ण प्रसाद साहू, जनसेवक संतोष पासवान सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### केतार में चार राज्यों की 32 टीमें दिखाएंगी दम, नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 15 मार्च से

## विजेता टीम को ₹51,000 नकद राशि व ट्रॉफी

नवीन मेल संवाददाता




**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित श्री मां चतुर्भुजी नाइट कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 के सफल आयोजन को लेकर समाजसेवी पंकज सिंह ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च से विद्यालय परिसर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। पंकज सिंह ने बताया कि इस टूर्नामेंट में झारखंड के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ की कुल 32 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के विजेता टीम को 51,000 नकद राशि व ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 31,000 नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों के लिए रहने और खाने की समुचित व्यवस्था की गई है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र के खिलाड़ियों में छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है, ताकि यहां के खिलाड़ी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। पंकज सिंह ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, इसलिए ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन लगातार होना चाहिए। संरक्षक नीरज कमलापुरी ने कहा कि समाजसेवी पंकज सिंह द्वारा क्षेत्र में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित कर खिलाड़ियों को मंच देना सराहनीय पहल है। उन्होंने खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह, उपाध्यक्ष श्याम बिहारी, कोषाध्यक्ष ऐनुल परवेज, उपकोषाध्यक्ष आशिष गुप्ता, सचिव रामाश्रय मेहता, संरक्षक नीरज कमलापुरी, गौतम पाल, रविंद्र सोनी, उप सचिव हेमंत मेहता, धीरू, विशाल कुमार और बसंत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी

**हुसैनाबाद।** ईदगाह में ईद की नमाज के समय निर्धारण को लेकर गुलाम मोहम्मद अमीन खान के आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शोएब अहमद खलीफा ने की, जबकि संचालन सुहैल आलम ने किया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। बैठक में मोहिउद्दीन अंसारी, शमीम कुरैशी, गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान, एनामुल हक खान, अब्बास अंसारी, रेयाज खान, मो. कुद्दूस, प्रो. नजमुद्दीन, एसएम अकरम, सद्दाम हुसैन, मो. दानिश इदरीसी, सलाम खलीफा सहित कई लोग मौजूद थे।

# बाल विवाह रोकने पहुंची प्रशासनिक टीम पर हमला दो नाबालिग लड़कियों को ग्रामीण छुड़ाकर ले गए





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेया बभंडी गांव में बाल विवाह रोकने पहुंची प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों और परिजनों ने हंगामा करते हुए हमला कर दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी वाहन को घेर लिया और अधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की की। अफरा-तफरी के बीच ग्रामीण दोनों नाबालिग लड़कियों को छुड़ाकर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि चैनपुर थाना क्षेत्र के तलेया बभंडी गांव में दो नाबालिग लड़कियों की शादी कराई जा रही है। इनमें से एक लड़की लोहरदगा जिले की रहने वाली बताई जा रही है, जबकि दूसरी चैनपुर क्षेत्र की है। सूचना मिलने पर चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कर लिया। बताया जाता है कि जब प्रशासनिक टीम दोनों लड़कियों को अपने साथ लेकर जाने लगी तो वहां मौजूद ग्रामीण और परिजन उग्र हो गए। भीड़ ने कार्रवाई का विरोध करते हुए टीम की गाड़ी को घेर लिया और अधिकारियों के साथ हाथापाई करने की कोशिश की। इसी दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और ग्रामीणों ने दोनों नाबालिग लड़कियों को छुड़ाकर वहां से भगा दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप दास ने बताया कि उच्च अधिकारियों से मिली सूचना के आधार पर बाल विवाह रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही थी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक टीम को कार्रवाई से रोकने की कोशिश की गई, हाथापाई की गई तथा सरकारी वाहन को नुकसान पहुंचाने का भी प्रयास किया गया। वहीं डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पूरे इलाके में पुलिस कैंप कर रही है और मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अधूरी सड़क पर टोल वसूली जनभावना के विपरीत : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर निर्माण कार्य अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ है, इसके बावजूद टोल वसूली की तैयारी किया जाना जनभावना और व्यापारिक हितों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि अधूरी सड़क, अधूरे पुल और कई स्थानों पर जारी निर्माण कार्य के बीच टोल वसूली शुरू करना आम जनता और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने जैसा है। चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि मेदिनीनगर और आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन हजारों छात्र पढ़ाई के लिए इस मार्ग से आवागमन करते हैं। विशेष रूप से क्षेत्र के इंजीनियरिंग कॉलेज और लॉ कॉलेज के छात्र इसी मार्ग से आते-जाते हैं। ऐसे में टोल टैक्स लागू होने से छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा, जो शिक्षा के हित में उचित नहीं है। आनंद शंकर ने कहा कि यह मार्ग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क तक जाने का प्रमुख रास्ता भी है। यदि इस मार्ग पर टोल वसूली लागू की जाती है तो इससे पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि चैंबर की ओर से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर मांग की गई है कि जब तक सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली पर रोक लगाई जाए। साथ ही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, छात्रों तथा बेतला नेशनल पार्क जाने वाले वाहनों को विशेष पास अथवा टोल शुल्क में छूट देने की व्यवस्था की जाए। चैंबर ने कहा कि जनभावना, व्यापारिक हित और छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर उचित निर्णय लेगी।

## न्यूज बॉक्स

### आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नामांकन के लिए 434 आवेदन, 332 सीटों पर होगा दाखिला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सत्र 2026-27 के लिए 332 सीटों के विरुद्ध कुल 434 आवेदन शिक्षा विभाग को प्राप्त हुए हैं। जिले के 18 मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं की कुल सीटों के 25 प्रतिशत पर आरटीई के तहत बच्चों का दाखिला कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च को समाप्त हो चुकी है और फिलहाल प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कार्य जारी है। इसके लिए संबंधित प्रखंडों के बीईईओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई है, जो आवेदनों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि सत्यापन का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें चयनित बच्चों का नामांकन जिले के 18 निजी स्कूलों में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे प्रखंडों से भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, जहां मान्यता प्राप्त निजी स्कूल संचालित नहीं हैं, फिर भी अभिभावकों ने अपने बच्चों के दाखिले के लिए आवेदन किया है। जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि अप्रैल के प्रथम या द्वितीय सप्ताह तक आरटीई के तहत चयनित बच्चों का नामांकन संबंधित स्कूलों में पूर्ण करा दिया जाएगा। इन स्कूलों में सीटों के अनुसार नामांकन होगा— ओरिएंट पब्लिक स्कूल 15, ब्राइट लैंड स्कूल 20, ब्राइट लैंड संस्कृति स्कूल 5, विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल 8, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल 5, भुवनेश्वर दुबे मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल 10, संत मरियम आवासीय विद्यालय 50, आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला 5, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल 38, रोटरी स्कूल 20, एलिट पब्लिक स्कूल 10, सनातन विद्यालय निकेतन 10, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल 10, आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल 20, एमके डीएवी पब्लिक स्कूल 20, एसएलए पब्लिक स्कूल 40, दीप्ति निकेतन स्कूल 15 तथा भागमणि चंद्रवंशी पब्लिक स्कूल में 11 सीटों पर आरटीई के तहत नामांकन किया जाएगा।

### सरकारी पैसे से बना सामुदायिक शौचालय दबंग के कब्जे में कैद, बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा छिनी

**ऊंटारी रोड।** एनएच-39 के पिपरा गांव स्थित बस स्टैंड पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए जिला परिषद की ओर से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। शौचालय के सुचारू संचालन के लिए वहां डीप बोर कर पानी की भी व्यवस्था की गई थी। शुरुआती दिनों में यह शौचालय खुले स्थान पर था और बस स्टैंड आने-जाने वाले लोगों के लिए राहत की एक जरूरी सुविधा बना हुआ था। लेकिन समय बीतने के साथ यह सार्वजनिक व्यवस्था धीरे-धीरे एक दबंग परिवार के कब्जे में सिमटकर रह गई। आरोप है कि प्रभावशाली व्यक्ति सतदेव प्रसाद ने निजी जमीन पर बने इस सामुदायिक शौचालय को अपनी निजी संपत्ति की तरह घेर लिया। पहले आसपास निर्माण कराया गया और बाद में पूरे परिसर में भवन खड़ा कर दिया गया, जिससे शौचालय एक कमरे तक सीमित होकर रह गया। नतीजतन जो सुविधा बस स्टैंड के यात्रियों और आम लोगों के लिए बनाई गई थी, वह अब लगभग बंद हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी पैसे से बनने वाली योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों को सुविधा देना होता है, न कि किसी एक व्यक्ति की निजी जागीर बनाना। यदि किसी निजी जमीन पर ऐसी योजना का निर्माण होता है तो उस जमीन को राज्यपाल के नाम दानपत्र करना अनिवार्य होता है, ताकि वह पूरी तरह सामुदायिक उपयोग के लिए सुरक्षित रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों की अनदेखी कर सामुदायिक शौचालय को ही निजी कब्जे में लेने का खेल चल रहा है। पहले शौचालय के आसपास निर्माण कराया गया और फिर धीरे-धीरे पूरे परिसर को निजी भवन का रूप दे दिया गया, जिससे आम लोगों की पहुंच लगभग समाप्त हो गई।

## चार माह से वेतन नहीं मिलने पर एमएमसीएच के एनआरएचएम कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के एकमात्र मेडिकल कॉलेज व अस्पताल एमएमसीएच में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गईं। अस्पताल में कार्यरत एनआरएचएम कर्मियों ने चार माह से बकाया वेतन नहीं मिलने के विरोध में कार्य बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर एमएमसीएच परिसर में धरना-प्रदर्शन भी किया। जानकारी के अनुसार वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे दर्जनों कर्मियों ने होली से पहले पलामू के सिविल सर्जन से मिलकर बकाया वेतन के भुगतान की मांग की थी। उस समय उन्होंने चेतावनी दी थी कि समय पर वेतन नहीं मिलने पर वे हड़ताल पर जाने को विवश होंगे। इसके बाद मंगलवार को कर्मियों ने पलामू समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी थी। कर्मियों का कहना है कि तय समय सीमा के भीतर कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण गुरुवार से सभी एनआरएचएम कर्मी हड़ताल पर चले गए। हड़ताल का सीधा असर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा। दूर-दराज से इलाज के लिए आए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बना रहा। धरना पर बैठे स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि वे अस्पताल में दिन-रात ड्यूटी कर स्वास्थ्य सेवाओं को संभालते हैं, लेकिन पिछले चार से छह महीनों से उन्हें वेतन नहीं मिला है। इस समस्या को लेकर वे कई बार सिविल सर्जन और विभागीय अधिकारियों से मिल चुके हैं तथा उपायुक्त से भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन हर बार तकनीकी कारणों का हवाला देकर भुगतान टाल दिया जाता है। कर्मियों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और बच्चों की फीस, मकान का किराया तथा अन्य घरेलू खर्चों का वहन करना मुश्किल हो गया है। कई मकान मालिक घर खाली करने की चेतावनी भी दे चुके हैं। कर्मियों की प्रमुख मांगों में नवंबर 2025 से लंबित वेतन का अविलंब भुगतान, भविष्य में वेतन की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करना और इस संबंध में लिखित आदेश जारी करना शामिल है। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम मेदिनीनगर करने को मंत्रिपरिषद की मंजूरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। बताया गया कि यह निर्णय पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप लिया गया है। जानकारी के अनुसार अब इस प्रस्ताव को आगे की प्रक्रिया के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा। वहां से औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद रेल मंत्रालय द्वारा डालटनगंज रेलवे स्टेशन का नाम आधिकारिक रूप से बदलकर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन कर दिया जाएगा। पलामू सांसद बीडी राम के निजी सचिव अलख दुबे ने बताया कि केंद्र सरकार से प्रक्रिया पूरी होने के बाद बहुत जल्द रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तन लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पलामूवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## एनपीयू में अव्यवस्था और विवादों का दौर छात्रों का भविष्य संकट में : अमरनाथ तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के बाद भी विश्वविद्यालय की व्यवस्था लगातार विवादों और आरोपों के घेरे में बनी हुई है। तिवारी ने आरोप लगाया कि पूर्व के कुलपतियों ने जहां छात्रहित और शैक्षणिक विकास को प्राथमिकता दी, वहीं वर्तमान कार्यकाल में ठेकेदारी, खरीदारी और कथित भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग भी इन विवादों से अछूता नहीं रहा है और डिग्री तथा वोकेशनल कोर्सों के परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन, रजिस्ट्रेशन और विभिन्न वोकेशनल कोर्सों में पैसों के लेन-देन की चर्चाएं भी सामने आती रही हैं। कम समय में ही विश्वविद्यालय को कई जांचों का सामना करना पड़ा है। तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय का माहौल तनावपूर्ण हो गया है, जिससे छात्र-छात्राएं परिसर में सहज महसूस नहीं कर पा रहे हैं। प्रोफेसरों और कर्मचारियों के बीच भी कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष की स्थिति बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट को जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर के हॉबी सेंटर में संचालित किया जा रहा है, जहां पर्याप्त कमरे और बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को परेशानी हो रही है। तिवारी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक सत्र 2022–26 के चार वर्ष पूरे होने के बावजूद अब तक आठ सेमेस्टर में से केवल तीन सेमेस्टर की ही परीक्षा हो सकी है। वहीं सत्र 2023–27 में भी केवल दो सेमेस्टर की परीक्षा ही आयोजित हुई है, जिससे आगामी पीजी सत्र 2026–28 में नामांकन को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि सत्र 2021–24 तथा सीबीसीएस प्रणाली के विद्यार्थियों का बैकलॉग भी अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे हजारों छात्रों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटका हुआ है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी व कार्यशाला के लिए नामधारी महिला कॉलेज का चयन

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंगीभूत महाविद्यालय योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज का चयन राष्ट्रीय संगोष्ठी और राष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन के लिए किया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से कॉलेज के दो सहायक प्राध्यापकों को शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर दोनों प्राध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विश्वविद्यालय में शोध और अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. मिनी टुडू के नेतृत्व में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसकी संभावित तिथि 8 और 9 मई निर्धारित की गई है। वहीं इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. संगीता कुजूर के नेतृत्व में 17 और 18 अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। बताया गया कि दोनों कार्यक्रमों का आयोजन बहुविषयक स्वरूप में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विषयों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी भाग लेंगे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी और कार्यशाला के आयोजन के लिए कॉलेज का चयन होना गर्व की बात है। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को नई जानकारियां प्राप्त होंगी तथा कॉलेज में शोध, नवाचार और अकादमिक संवाद की संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

## रामनवमी की तैयारियों के बीच सौहार्द की मिसाल
## मुस्लिम समाज ने महावीर नवयुवक दल के पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी महोत्सव की तैयारियों के बीच शहर में आपसी सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। मोहम्मद कलाम के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने श्री महावीर नवयुवक दल (जनरल) के अध्यक्ष मंगल सिंह सहित जनरल कमिटी के सदस्यों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि रामनवमी का पर्व मेदिनीनगर की सांस्कृतिक पहचान है और हर वर्ष इसकी भव्यता पूरे शहर को एक सूत्र में बांधती है। सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। महावीर नवयुवक दल (जनरल) के अध्यक्ष मंगल सिंह ने मुस्लिम समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेदिनीनगर की गंगा-जमुनी तहजीब ही इस शहर की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी समाज के सहयोग से ही रामनवमी महोत्सव हर वर्ष शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न होता है। कार्यक्रम में दोनों समुदायों के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने आपसी एकता, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल के कोषाध्यक्ष किशोर सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, विजय चंद्रवंशी, राजू चौहान, अमित कुमार रिंकू, आकाश कुमार, अभिषेक राज, अमृत अग्रवाल, प्रभात कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल और अभिजीत प्रताप देव को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया मुस्लिम समाज की ओर से अरशद अहमद (सन्नू), मो. जलालउद्दीन अंसारी, गुलाम मख़सूद, मुन्ना तड़ीपार, सलीम सदर साहब, क़ासिम, मुन्ना कुरैशी, मो. नसीम, ज़ाहिद अहमद और मो. आशिक़ सहित अन्य लोगों ने सम्मान समारोह में भाग लिया।

### फर्जी स्थल पर बनई मसना स्थल की चारदीवारी का निर्माण, ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप


**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में कल्याण विभाग की योजनाओं में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। होटाई पंचायत के बनई गांव में मसना स्थल की चारदीवारी निर्माण के नाम पर फर्जी स्थल पर काम कराए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार चारदीवारी का निर्माण लाभुक समिति के लोगों की निजी भूमि पर कराया जा रहा है, जबकि पूर्व में इस स्थान पर किसी प्रकार का मसना स्थल मौजूद नहीं था। दस्तावेजों में भी इस स्थल का उल्लेख नहीं है। इसके बावजूद फर्जी चेक स्लिप बनाकर विभाग को गुमराह कर योजना का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस भूमि पर चारदीवारी बनाई जा रही है, वह लाभुक समिति के सदस्य रामवृक्ष सिंह की निजी जमीन है, जहां पहले जंगल-झाड़ी और आहर का हिस्सा मौजूद था। इसके बावजूद वहां मसना स्थल के नाम पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार चारदीवारी निर्माण में पुराने और क्षतिग्रस्त सरिया, घटिया ईंट और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इस संबंध में विभाग के जेई दिनेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसी शिकायत है तो जांच कर जिला कल्याण पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का मुद्दा सदन में उठा

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा सत्र के दौरान पलामू जिले के 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की सेवा समाप्ति का मुद्दा प्रमुखता से सदन में उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए कहा कि विज्ञापन और चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त इन कर्मचारियों ने वर्षों तक अपनी सेवा दी है। ऐसे में उनके साथ न्याय किया जाना आवश्यक है। विधायक ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इन 251 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पुनः यथावत सेवा में बनाए रखने पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों की सेवा समाप्ति से उनके परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए सभी प्रभावित कर्मचारियों को पुनः सेवा में बहाल किया जाए, ताकि उनके साथ न्याय हो सके और उनके परिवारों को राहत मिल सके।

## रामदेव प्रसाद यादव ने जताया आभार, सहकर्मियों के सहयोग से सफल हुआ राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट बर काउंसिल के चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोग करने वाले अधिवक्ताओं और संघ कर्मियों को पलामू जिला अधिवक्ता संघ की ओर से बधाई दी गई है। पलामू जिला अधिवक्ता संघ डाल्टनगंज के अध्यक्ष सह पीठासीन अधिकारी रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अधिवक्ता जनार्दन प्रसाद सिंह, शशि भूषण दुबे, प्रदीप कुमार सिंह, नागेंद्र श्रीवास्तव, जावेद अख्तर खान, शैलेन्द्र, त्रिपुरारी तिवारी, अकेला, नसीम खान, सुरेन्द्र पांडेय, सतीश कुमार दुबे, मनोज कुमार राजन, संतोष कुमार पासवान, धीरेन्द्र साहू, मनोज कुमार, आनंद तिवारी और गौरव कुमार सिंह सहित संघ के अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि सभी ने सुबह से संध्या तक कड़ी मेहनत कर चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही संघ के माननीय अधिवक्ताओं ने भी बड़े ही शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से मतदान कर चुनाव को सफल बनाने में सहयोग दिया। इसके लिए उन्होंने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

## झारखंड राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव: पलामू में 80 प्रतिशत मतदान

# 761 में 612 अधिवक्ताओं ने डाले वोट, मतदान पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू

**, नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट बर काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव के तहत गुरुवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान निर्धारित समय सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। कुल 761 मतदाताओं में से 612 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे करीब 80 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया इस चुनाव में परिषद के 23 पदों के लिए मतदान कराया गया। राज्यभर से कुल 100 अधिवक्ता उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं, जिनका भाग्य अब मतपेटी में बंद हो गया है। मतगणना के बाद सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले 23 प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र मिलेगा। उल्लेखनीय है कि परिषद में कुल 25 सदस्य होते हैं, जिनमें 23 का चुनाव मतदान से होता है, जबकि दो सदस्य पदेन होते हैं। राज्य के महाधिवक्ता इसके पदेन सदस्य होते हैं। निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल पांच वर्षों का होता है और इस बार 2026-2031 के लिए चुनाव कराया गया है। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान केंद्र पर पहुंचकर कतार में लगे और पहचान पत्र दिखाने के बाद मतदान किया। मतदान प्रक्रिया की देखरेख के लिए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव को प्रेसीडिंग ऑफिसर बनाया गया था। वहीं चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए अधिवक्ता शशि भूषण दुबे आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। मतदान के लिए अधिवक्ता संघ भवन में दो मतदान केंद्र बनाए गए थे। भवन के ऊपरी तल्ले पर ए से एम तक नाम वाले 380 मतदाताओं के लिए बैलेट पेपर की व्यवस्था की गई थी, जबकि नीचे कक्ष संख्या छह में एन से जेड तक नाम वाले 381 मतदाताओं के लिए मतदान की व्यवस्था की गई थी। चुनाव में बैलेट पेपर के माध्यम से वरीयता आधारित मतदान प्रणाली अपनाई गई। मतदाताओं को पांच महिला और 18 पुरुष अधिवक्ताओं सहित अधिकतम 23 उम्मीदवारों को वरीयता देनी थी। मतदाता उम्मीदवारों के नाम के सामने अपनी पसंद के अनुसार प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ और पंचम वरीयता अंकित करते हैं। कम से कम पांच उम्मीदवारों को वरीयता देना अनिवार्य था, अन्यथा मत अमान्य हो सकता था। इस चुनाव में पलामू जिला अधिवक्ता संघ की सदस्य मधुलता रानी भी उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। मतदान के दौरान अधिवक्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला और कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## न्यूज बॉक्स

### हर घर नल-जल योजना में बड़े घोटाले का आरोप, 90 प्रतिशत जलमीनार बंद

**चतरा।** चतरा जिले में सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए मिनी जलमीनार (वाटर टावर) में से लगभग 90 प्रतिशत बंद पड़े हैं या पूरी तरह खराब हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर केवल लोहे का ढांचा खड़ा कर दिया गया है और फर्जी फोटो व वाउचर के माध्यम से संवेदकों द्वारा सरकारी राशि की निकासी कर ली गई। कागजों में योजना को पूर्ण दिखा दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर लोगों को एक बूंद पानी भी नहीं मिल रहा है। यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ जगहों पर जलमीनारों का निजी कार्यों में उपयोग किया जा रहा है, जबकि कई स्थानों पर जमीन देने वाले लोग उस पर मालिकाना हक जताने लगे हैं, जो पूरी तरह अवैध बताया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि इस योजना में संवेदकों और विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। लोगों का कहना है कि बिना अधिकारियों की निगरानी और सहमति के इतने बड़े पैमाने पर सरकारी राशि की निकासी संभव नहीं है। इस मामले को लेकर विधायक प्रतिनिधि रौशन कुमार सिंह ने राज्य सरकार से पूरे चतरा जिले में हर घर नल-जल योजना की विजिलेंस या एसीबी से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस कथित घोटाले में शामिल संवेदकों, अभियंताओं और जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए और सभी बंद पड़े जलमीनारों को तत्काल चालू कराने की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सरकार इस घोटाले को दबाने का प्रयास कर रही है।

### महिला दिवस पर एसबीआई फाउंडेशन व सपोर्ट संस्था ने बांटे सहायक उपकरण

**मनिका।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड मनिका अंतर्गत ग्राम औराटांड़ स्थित गौरियाटांड़ खेल मैदान में एस बी आई फाउंडेसन के सहयोग से संस्था द्वारा महिला सशक्तिकरण सह वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांव जुंगुर, औराटांड, उरांवटोली, माइल और मटलौंग के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद लाभुकों के बीच विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। ग्राम जुंगुर के दिव्यांगजनों-जीतेंद्र राम, कमलेश राम, भोला कुमार रवि, पियुस राज एवं जुगेश्वर उरांव को व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं लालबिहारी भुइयां, शिला कुमारी, केश्वर सिंह, रतिया देवी, गोवर्धन सिंह, बिटू लोहरा, लवकुश भुइयां, अकलेश उरांव, राजेंद्र उरांव, संजय उरांव, अमित उरांव, रंजित उरांव एवं विजय उरांव को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा राजो देवी, सुदामा सिंह, लव उराँव, चन्दन कुमार साहू एवं कईल सिंह को श्रवण यंत्र (ईयर मशीन) प्रदान किए गए। आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से महिला स्वयं सहायता समूहों को भी मशीनें दी गईं। आलका आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह (उराँव टोली मटलौंग) को 3 एचपी क्षमता का मिनी राइस मिल, अनीता महिला स्वयं सहायता समूह (जामुनटोला, औराटांड) को फ्लोर मिल तथा चमेली महिला स्वयं सहायता समूह (खउराटोली, जुंगुर) को ऑयल मिल मशीन प्रदान की गई। साथ ही 11 बच्चियों को एस बी आई ओजस रूरल टैलेंट छात्रवृत्ति भी दी गई।

### रेल ओवरब्रिज मार्ग पर झूल रहा 11 हजार वोल्ट का तार, ग्रामीणों ने जताई हादसे की आशंका

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत भूषाढ़ गांव स्थित रेल ओवरब्रिज जाने वाले मार्ग पर 11 हजार वोल्ट का हाई वोल्टेज बिजली तार जमीन से महज करीब आठ फीट ऊपर झूल रहा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह तार काफी नीचे लटक रहा है और इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोग छोटे-बड़े वाहनों से आवागमन करते हैं। बताया जाता है कि इस सड़क से जमीरा, महुआमिलान, रक्सी, पिपराही, लोहसिंगना, तुपी, अनगड़ा, मरमर, डूरू तथा महुआमिलान स्टेशन समेत कई गांवों के ग्रामीण रोजाना गुजरते हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति या वाहन अनजाने में हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ जाए तो गंभीर हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विभाग की ओर से केवल 11 हजार वोल्ट का तार गुजरने का सांकेतिक बोर्ड लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द झूल रहे तार को ठीक कराया जाए, ताकि किसी संभावित हादसे को रोका जा सके।

### बरछिया में हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण

**बारीयातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा के बरछिया मे हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम गुरुवार को विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। जिसका मंत्रोच्चार विधि विधान से मुख्याचार्य जयप्रकाशनारायण उपाध्याय महाराज सह आचार्य भीम नारायण पंडित ने करवाए और मुख्य जजमान शिलवंत सिंह, मोहन मिस्त्री ने पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रमेश राम, विधायक प्रतिनिधि योगेंद्र गंझु, संसद प्रतिनिधि शिवमंगल सिंह, प्रमुख पति नंदू उरांव, सुदीप प्रजापति, राजेंद्र राणा, अशोक ठाकुर, जीतन राणा, जितेंद्र सिंह, फूलचंद गंझु, पुराण साव, एवं रुद्र महायज्ञ समिति के अध्यक्ष नरसिंह सिंह, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सोनू प्रजापति, उपाध्यक्ष सुमेर सिंह, पारस सिंह, सचिव अयोध्या प्रजापति, सचिव राजेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष नवीन सिंह, विनय सिंह, धनंजय सिंह, डाक्टर रणधीर प्रजापति, डाक्टर दिलीप प्रजापति, तथा जय श्री राम जय बजरंग बली के उद्घोष से पूरा काफिला गूंज उठा तथा काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति सदस्यों ने बताया कि यह महायज्ञ क्षेत्र में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्री रुद्र महायज्ञ का कार्यक्रम इस प्रकार निर्धारित कि गई है। 18 अप्रैल को कलश यात्रा, 19 अप्रैल को अरनि मंथन एवं यज्ञ प्रारंभ, 23 अप्रैल को हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह पूजन, 25 अप्रैल को यज्ञ पूर्णाहुति एवं महासंतों की विदाई, आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित, 77 लोगों की जांच, 22 में मोतियाबिंद मिला

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) द्वारा संचालित तुबेद कोयला खान क्षेत्र में गुरुवार को मोतियाबिंद नेत्र जांच सह ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डीही पंचायत सचिवालय में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई। इस अवसर पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक (खनन) सह परियोजना प्रधान अरविन्द कुमार ठाकुर ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत पिछले चार वर्षों से मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन कर रहा है। उन्होंने बताया कि डीवीसी द्वारा अपने परियोजना क्षेत्र में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत कई जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उप महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. अलका लकड़ा ने बताया कि इस वर्ष यह शिविर डीवीसी परियोजना प्रभावित गांवों में 12 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। शिविर के पहले दिन कुल 77 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिनमें से 22 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। शिविर के दौरान मरीजों को जांच के बाद चश्मा एवं दवाइयों का भी वितरण किया गया। नेत्र जांच डीवीसी के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. बी. सुदर्शन द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि चिन्हित सभी मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन लातेहार के निजी अस्पताल में कराया जाएगा। मौके पर डीवीसी के प्रबंधक (मानव संसाधन) रवि प्रकाश तिवारी, सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार, फार्मासिस्ट ब्रजेश कुमार, सिस्टर सुधा कुमारी तथा हॉस्पिटल लातेहार की टीम उपस्थित थी। वहीं शिविर के सफल आयोजन में डीही पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी, मुखिया प्रतिनिधि संदीप उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य मो. उमर आलम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## महुआडांड़ में आरसीसी बेंच खरीद पर उठे सवाल

# बेंच की बाजार कीमत करीब 3000 रुपए, छह गुने दाम पर खरीदारी

- 14 पंचायतों में करीब ₹18,500 प्रति बेंच की दर से सप्लाई, मुखिया भी जानकारी देने से बच रहे





**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में 15वें वित्त आयोग की राशि से पंचायतों में लगाए गए आरसीसी बेंच की खरीद को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। प्रखंड की कुल 14 पंचायतों में बड़ी संख्या में आरसीसी बेंच लगाए गए हैं, जिनकी लागत लगभग 18,500 रुपए प्रति बेंच दर्शाई जा रही है। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार दुरूप पंचायत में 13, परहाटोली में 28 और अकसी पंचायत में 29 आरसीसी बेंच लगाए गए हैं। चौकाने वाली बात तो यह है कि दुरूप पंचायत में लग आरसीसी बेंच का जियोटैग महुआडांड़ में की गयी है। और तो और पंचायत भवन में भी नहीं लगा है बेंच। इसके अलावा प्रखंड की अन्य पंचायतों में भी इसी दर से बेंच की सप्लाई और स्थापना किए जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय बाजार से जुड़े जानकारों और आपूर्तिकर्ताओं का कहना है कि सामान्यतः एक आरसीसी बेंच की कीमत करीब 2,500 से 3,000 रुपए के बीच होती है। परिवहन, इंस्टॉलेशन और पेंटिंग का खर्च जोड़ने के बाद भी इसकी अधिकतम लागत 4,000 से 4,500 रुपए तक ही पहुंचती है। इसके बावजूद पंचायतों में लगभग 18,500 रुपए प्रति बेंच की दर से भुगतान दिखाया जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

इस मामले में जब पंचायत प्रतिनिधियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो अधिकांश मुखिया स्पष्ट जवाब देने से बचते नजर आए। कई मुखियाओं ने कहा कि योजना और भुगतान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया प्रखंड स्तर से संचालित होती है, इसलिए विस्तृत जानकारी प्रखंड कार्यालय ही दे सकता है।

**जांच की उठने लगी मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बाजार दर और सरकारी भुगतान की तुलना की जाए तो प्रति बेंच काफी अधिक राशि खर्च दिखाई दे रही है। ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक लागत और भुगतान की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग उठने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच होती है तो आरसीसी बेंच की खरीद में हुए वास्तविक खर्च और संभावित अनियमितताओं की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

उपप्रमुख ने कहा इस संबंध में महुआडांड़ उपप्रमुख अभय मिंज ने कहा कि 15वें वित्त से लग रहे आरसीसी बेंच में फण्ड का दुरूपयोग हो रहा है। जो सरासर गलत है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही गर्मी का मौसम आ रहा है इस फण्ड का उपयोग जलमीनार मरम्मति, चापाकल मरम्मति व पानी की समुचित व्यवस्था हरेहेक पंचायत में होनी चाहिए।

## लातेहार सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

### पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार सिविल कोर्ट को अज्ञात ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया और सुरक्षा के मद्देनजर पूरे कोर्ट परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे न्यायालय के सरकारी ई-मेल पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने की धमकी दी। ई-मेल प्राप्त होते ही न्यायालय प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा तथा थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा पुलिस बल के साथ तुरंत सिविल कोर्ट परिसर पहुंचे। इसके बाद सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरे परिसर में गहन जांच अभियान शुरू किया गया।

बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वॉड की सहायता से न्यायालय परिसर के विभिन्न कक्षों, कार्यालयों तथा आसपास के क्षेत्रों की बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने कोर्ट के सभी कमरों और परिसर के कोने-कोने की जांच की, हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू की जांच में जुटा हुआ है। ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए तकनीकी टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है। धमकी मिलने के बाद एहतियातन कोर्ट परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। इस मामले में एसपी ने धमकी मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही ई-मेल भेजने वाले की पहचान कर उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## लाधुप पंचायत के सेन्हा ग्राम का मामला

# सुनसान जगह पर अस्पताल निर्माण का हुआ विरोध

- ग्रामीणों ने डीसी से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के लाधुप अंतर्गत सेन्हा ग्राम में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण गलत स्थान पर किया जा रहा है। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान बिगन मुंडा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने उपायुक्त से हस्तक्षेप करने की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन देकर कहा है कि जिला परिषद लातेहार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जिस स्थान पर निर्माण कार्य किया जा रहा है वहां आसपास एक भी मकान नहीं है। यह स्थान सुनसान होने के साथ-साथ नदी के किनारे स्थित है, जिससे लोगों को अस्पताल पहुंचने में काफी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने बताया कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पीरदाग हाई स्कूल के बगल में, चार गांवों के बीच सड़क किनारे एक उपयुक्त स्थान का चयन किया है। इस स्थान पर अस्पताल बनने से कई गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा और जरूरत पड़ने पर समय पर इलाज उपलब्ध हो पाएगा। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि यदि अस्पताल सुनसान स्थान पर बनाया जाता है तो वहां चोरी व आपराधिक घटनाओं की आशंका बनी रहेगी। इसलिए जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों द्वारा चयनित स्थान पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जाए। मांग करने वालों में मुखिया विफई मुंडा,पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू, पीरदाग ग्राम प्रधान जीवन मुंडा, वार्ड सदस्य रीता देवी, मासुम खान, फिरोज राय, गंदरु मुंडा, सहिया जमीला खातून, अमिता देवी, सीमा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

### सड़क हादसे में फाइनेंस कंपनी के कर्मी की मौत, गांव में मातम

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले में हुए सड़क हादसे में बिहार के औरंगाबाद जिले के एक युवक की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत कासमा थाना क्षेत्र के कासमा बाजार निवासी प्रवेश मिश्र के इकलौते पुत्र 28 वर्षीय सतीश मिश्र चतरा जिले में एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। बताया जाता है कि सोमवार को सतीश मिश्र अपने सहकर्मी दिनेश पांडेय के साथ कंपनी के काम से बाइक पर सवार होकर बगरा से चतरा लौट रहे थे। इसी दौरान चतरा से लगभग 15 किलोमीटर दूर रांची-चतरा मार्ग पर लावालौंग थाना क्षेत्र के करवियासन के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए सतीश मिश्र को रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गई।

## 581 कामगारों के नियोजन की सहमति के बाद आंदोलन खत्म



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा।** गुरुवार को आम्रपाली परियोजना में ठेका मजदूर, सीसीएल और खनन कंपनी एनसीसी के प्रतिनिधि , प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई सफल वार्ता के बाद मजदूरों द्वारा आंदोलन समाप्ति की घोषणा की गई। इस बाबत जानकारी देते हुवे ग्राम विकास समिति के सांसद प्रतिनिधि अर्जुन राम ने बताया कि अंबे ज्वाइंट वेंचर और बीएलए के ठेका मजदूरों ने एनसीसी कंपनी में नियोजन की मांग को लेकर आंदोलित थे। जिसपर सांसद के निर्देश से आम्रपाली परियोजना प्रबंधन द्वारा त्वरित संज्ञान ली गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी मो. अकरम एवं संचालन थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने किया जहां एनसीसी कंपनी प्रबंधन की ओर से के. उदय राजू, बी. के. ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। विचार विमर्श के बाद 6 दिसंबर 2025 को मजदूर प्रतिनिधियों के साथ हुई वार्ता में 581 कामगारों को योग्यतानुसार एनसीसी कंपनी में सर्वसम्मिति से शीघ्रताशीघ्र नियोजन करने की लिखित घोषणा की गई, जिसके बाद मजदूरों ने आंदोलन को वापस ले लिया गया। सकारात्मक हुई वार्ता पर मजदूर प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने संतोष व्यक्त किया है। इस मौके पर मंटू सिंह, महेश वर्मा, बिजय साहु, अमलेश दास , रविन्द्र वर्मा समेत सैंकड़ों कामगार व अन्य मौजूद थे।

### तेज मोड़ पर अनियंत्रित होकर फ्रिज लदा ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। पुणे से गुवाहाटी जा रहा फ्रिज से लदा ट्रक थाना क्षेत्र के सतबहिनी और सिद्दीकी के बीच जंगल के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हालांकि चालक को केवल हल्की चोटें आईं और उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना बुधवार रात करीब 2 बजे हुई। बताया जाता है कि सड़क पर तेज मोड़ होने के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना प्रतापपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने दुर्घटनास्थल पर ट्रक और उसमें लदे सामान की सुरक्षा को देखते हुए दो पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया है। ट्रक चालक, जो महाराष्ट्र का निवासी बताया जा रहा है, ने बताया कि वह पुणे से गुवाहाटी फ्रिज लदा ट्रक लेकर जा रहा था। रास्ता तय करने के लिए उसने मोबाइल में मैप लगाया हुआ था। इसी दौरान वाहन प्रतापपुर की ओर आ गया और सड़क पर तीखा मोड़ होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।

### अगलगी की घटना में लाखों का नुकसान

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शहर से सटे बुधबाजार स्थित दर्जी मुहल्ला में बुधवार अहले सुबह करीब तीन बजे भीषण आग लगने से एक घर जलकर राख हो गया। आगलगी की इस घटना में घर में रखे बड़ी मात्रा में कपड़े, सिलाई का सामान और अन्य घरेलू सामग्री नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार हसीना बेगम (पति मंसूर खलीफा) के घर में अचानक आग लग गई। उस समय परिवार के लोग सो रहे थे। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों की नींद खुली और ग्रामीण मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

## कौलेश्वरी रामनवमी मेला की तैयारी को लेकर बैठक

# श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड स्थित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त माता कौलेश्वरी पर्वत और उसकी तलहटी में रामनवमी के अवसर पर लगने वाले 9 दिवसीय मेला की तैयारियों को लेकर एसडीओ जहूर आलम की अध्यक्षता में कौलेश्वरी प्रबंधन विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीओ ने रामनवमी मेला के दौरान पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की। इस दौरान पर्वत पर पेयजल, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एसडीओ ने मेला के दौरान व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए समिति के सदस्यों और पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं प्रबंधन समिति की ओर से मेला में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात रखी गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। एसडीओ ने थाना प्रभारी को मेला के दौरान कड़ी और चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। एसडीओ जहूर आलम ने कहा कि 9 दिवसीय विशाल कौलेश्वरी मेला की तैयारी आपसी समन्वय और सामंजस्य के साथ समय पर पूरी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगली बैठक में सभी समिति सदस्य और पुजारी समिति की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि इस वर्ष कौलेश्वरी महोत्सव का आयोजन दशहरा पर्व के दौरान किया जाए।

### बाल विवाह रोकथाम को लेकर कार्यशाला आयोजित

**गिद्धौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने को लेकर बारीसाखी गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिकार मित्र पवन कुमार के द्वारा किया गया। उपस्थित लोगों ने पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार लड़की की शादी 18 वर्ष के बाद तथा लड़के की शादी 21 वर्ष के बाद करना ही कानूनी रूप से मान्य है। इससे पहले विवाह करना कानुनन अपराध है,और ऐसा करने वाले को दंड और सजा का प्रावधान है।

### लंबित आवासों को पूरा कराने के लिए 11 से 20 मार्च तक चलेगा गहन अभियान

**सिमरिया (चतरा)।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए सिमरिया प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लंबित आवासों को पूरा कराने के लिए 11 से 20 मार्च तक विशेष गहन अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त चतरा के निर्देश पर पंचायत स्तर के कर्मियों द्वारा लंबित आवासों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिन लाभुकों को अग्रिम किस्त मिल चुकी है लेकिन अब तक आवास निर्माण पूरा नहीं किया गया है, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कई पंचायतों का भ्रमण कर लंबित आवासों की समीक्षा की। इस दौरान कई लाभुकों को प्रखंड कार्यालय बुलाया गया और उनसे अभियान के दौरान ही आवास निर्माण पूरा करने का घोषणा पत्र लिया गया। बीडीओ ने बताया कि भुगतान के अनुरूप आवास निर्माण पूरा कराना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि लंबे समय से आवास निर्माण लंबित रखने वाले लाभुकों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 13 मार्च को सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें लंबित आवासों की समीक्षा और उन्हें शीघ्र पूरा कराने को लेकर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# मानव तस्करी व पुनर्वास मामलों में त्वरित कार्रवाई हो : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मानव तस्करी, पुनर्वास तथा बाल संरक्षण से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने फरवरी माह में जिले में पंजीकृत बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में कुल 17 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें बाल श्रम के 02, बाल विवाह के 02, अपहरण (किडनैप) के 03, गुमशुदा बच्चों के 04, पॉक्सो एक्ट के 05 तथा एस.एन.सी.पी. का 01 मामला शामिल है। मिशन वात्सल्य एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास, स्पॉन्सरशिप, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा अन्य संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पीड़ित बच्चों को हर संभव सहायता एवं सुरक्षा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, पोषण अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना एवं भवन निर्माण सहित बच्चों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों को शीघ्र भरने पर जोर देते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को 31 मार्च तक नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, महिला पर्यवेक्षिका तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में 110 अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा करते हुए समिति ने कुल 110 अभ्यावेदनों पर विचार-विमर्श किया। समीक्षा के बाद समिति द्वारा 110 में से 107 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई, जबकि 3 अभ्यावेदनों को सशर्त अनुशंसा प्रदान की गई। बैठक के दौरान सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी एवं जलाशयों में डूबने से हुई मौत तथा सर्पदंश से संबंधित आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई। अंचल एवं अनुमंडल स्तर के पदाधिकारियों द्वारा किए गए जांच और सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों को आपदा राहत मद से भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो, कार्यपालक दंडाधिकारी सह विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज, नगर पंचायत लातेहार के प्रशासक राजीव रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।




### जिले से बाहर कार्यरत श्रमिकों का अद्यतन डाटा संधारित किया जाए : उपायुक्त

**लातेहार।** जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवासी श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं तथा बाल एवं अल्पवयस्क श्रमिकों से संबंधित मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने प्रवासी श्रमिकों से जुड़ी जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि जिले से बाहर कार्यरत श्रमिकों का अद्यतन डाटा संधारित किया जाए। साथ ही उनकी सुरक्षा एवं सुविधा से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक श्रमिकों का निबंधन सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में बाल एवं अल्पवयस्क श्रमिकों से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बाल श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाए तथा ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आंध्र प्रदेश से मछली लेकर बिहार जा रहा था ट्रक

# तिलैया डैम में मछली लदा ट्रक गिरा चालक लापता, सह चालक घायल





**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** एन एच जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम में गुरुवार को करीब 11 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आंध्र प्रदेश से मछली लेकर बिहार जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पुल का गार्डवाल तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे तिलैया डैम में जा गिरा। हादसे में ट्रक चालक लापता हो गया है, जबकि सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सह चालक को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक जवाहर घाट के पास पहुंचा ही था कि अचानक चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद ट्रक सीधे पुल का गार्डवाल तोड़ते हुए डैम के पानी में जा गिरा। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर बिनोद कुमार पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। ट्रक और चालक की तलाश के लिए दो दो किरान और स्थानीय नाविकों की मदद से बचाव कार्य चलाया गया। देर शाम तक पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से चालक की खोजबीन जारी रही, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका था। घटना की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखते हुए रेस्क्यू अभियान जारी रखा। प्रशासन द्वारा चालक की तलाश के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## जमानत पर बाहर चल रहे अभियुक्तों के खिलाफ करें कार्रवाई : आईजी

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र बोकारो के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर की अध्यक्षता में बोकारो जोन के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था की स्थिति और आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आईजी ने आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए सभी जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से पूर्व में हुई सांप्रदायिक घटनाओं में शामिल और जमानत पर बाहर चल रहे अभियुक्तों और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। लंबित जमानती और गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया। आईजी ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने सभी जिलों में प्रतिदिन एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने, महिला प्रताड़ना और अनुसूचित जाति-जनजाति से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई कर 60 दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

## दलहनी फसलों के उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बरही।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गौरियाकरमा में अनुसूचित जाति परियोजना के अंतर्गत "दलहनी फसलों में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन" विषय पर आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सम्पन्न हुआ। जो पिछले 10 मार्च को प्रारंभ हुआ था। प्रशिक्षण में हजारीबाग जिले के बरही एवं चौपारण प्रखंड के महिला किसान शामिल हुए। समापन समारोह में संस्थान के परिसर प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सनत कुमार महंता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि दलहनी फसलें पोषण सुरक्षा और मिट्टी की उर्वरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। वहीं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बैद्यनाथ मंडल ने किसानों को फसल विविधीकरण का महत्व बताते हुए दलहनी फसलों को फसल चक्र में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्राप्त किसान अपने-अपने गांवों में इन तकनीकों का प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण निदेशक डॉ. अनिमा महतो ने किया, जबकि प्रशिक्षण की निगरानी डॉ. आकाश ए. एवं डॉ. पवित्रा के.एन. कर रहे थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका आम)-सह-उपायुक्त, गढ़वा (व्यय अनुश्रवण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों एवं नगरपालिका निर्वाचन 2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय 16 की कण्डिका 16.4 एवं 6.6 में निहित अनुदेशों के आलोक में अभ्यर्थियो/निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का संधारित लेखा परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना है। निर्वाचन व्ययों का लेखा जमा करने के अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर सभी अभ्यर्थियो/निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कर्मियों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यकम (Facilitation Training Programme) आयोजित करने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में सरलीकरण प्रशिक्षण निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद(वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में |

**अभ्यर्थियो द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच तिथि**

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद (वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्री बंशीधर नगर सभाकक्ष में |

सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता व्यय पंजी निरीक्षण की अंतिम निर्धारित तिथि को निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय के साथ मतगणना तिथि तक व्यय राशि को अपने लेखा पंजी में विधिवत् संधारित कर मूल अभिश्रवों (Vouchers) बैंक खाता के अद्यतन विवरणी एवं सार विवरणी भाग (I से VI) के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक अंतिम जाँच तिथि को अभ्यथियों के दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच के कम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष उसी दिन समर्पित करेगे तथा समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी, समान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–(नगरपालिका) सह–उपायुक्त,गढ़वा।

PR.NO.374876 Election(25-26):D

## पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर 18 मार्च को एकदिवसीय धरना

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और लंबित मांगों को लेकर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा 18 मार्च को झारखंड विधानसभा के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने यह निर्णय पत्रकार हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर लिया है।

इस संबंध में संगठन के संस्थापक शाहनवाज हसन ने पत्र जारी कर पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोगों से धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर नैतिक समर्थन देने की अपील की है। जारी पत्र में कहा गया है कि लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है और उसका मुख्य दायित्व जनता की आवाज को निष्पक्ष और सटीक रूप से सरकार तक पहुंचाना है। इसके बावजूद झारखंड में पत्रकारों की सुरक्षा और कल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं अब तक प्रभावी ढंग से लागू नहीं हो पाई हैं। राज्य में पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू नहीं हो सकी है और पत्रकार सुरक्षा से जुड़े मुद्दे भी लंबे समय से लंबित हैं।

इसलिए सभी पत्रकारों ने सरकार से अपनी मांगों को लेकर सरकार से मांग की है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर पत्रकारों ने धरना लेने का संकल्प किया है। साथ ही कई पत्रकारों की हत्या तथा उन पर झूठे मुकदमे दर्ज होने की घटनाओं को भी संगठन ने गंभीर चिंता का विषय बताया है।

## डॉ रजनीकांत ने फीता काटकर नेत्र जांच केंद्र का किया शुभारंभ



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के बाजार रोड स्थित साई कॉम्प्लेक्स में नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ डॉ रजनीकांत ने फीता काटकर किया। मौके पर डॉ रजनीकांत ने कहा पहले बरकट्ठा क्षेत्र के लोगों को नेत्र जांच कराने के लिए हजारीबाग व रांची जाना पड़ता था अब लोगों को बाहर नहीं जाना होगा। साथ ही समय की बचत होगी। वहीं संचालक नीरज कुमार गुप्ता ने कहा कि यहां पर लोगों का कम खर्च में कम्प्यूटर के द्वारा समुचित नेत्र जांच किया जाएगा।

साथ ही महीने में एक बार स्पेशल नेत्र जांच शिविर लगाकर लोगों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि यहां पर किफायती दर पर पॉवर चश्मा भी लोगों के लिए उपलब्ध है। मौके पर दिलीप कुमार नायक, इम्तियाज अंसारी, कुंदन यादव, सतार खां, लक्ष्मण नायक समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## गोला के कई गांवों में अकीदत के साथ पढ़ी गई खत्म तरावीह की नमाज

**गोला।** गोला जामा मस्जिद समेत सोसोकलां जामा मस्जिद व नुरी मस्जिद में मंगलवार की रात खत्म तरावीह की नमाज अकीदत के साथ पढ़ी गई। तरावीह खत्म होने पर नमाजियों ने हाफिज ए कुरआन को माला पहना कर मुबारकबाद दिया। इस दौरान मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी गई और खजुर का वितरण किया गया। उक्त सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज हाफीज कारी ने हर रात तरावीह की नमाज में कुरान पाक की तिलावत की गई। तरावीह नमाज के दौरान पूरा कुरान सुनाया गया। तरावीह की की नमाज ईशा की नमाज के साथ पढ़ी जाती है।तरावीह की नमाज 20 रिकअत की होती है। इस नमाज को पढ़ने में एक से डेढ़ घंटे का समय लग जाता है।

जामा मस्जिद के इमाम मौलाना महमुद आलम नुरी ने नबी अकरम सल. की सुन्नत पर चलने और रमजान की फजीलत पर तकरीर करते हुए कहा कि रमजान के महीने में कुरआन नाजिल हुआ था। उन्होंने इस महीने का आदर करने, फर्ज रोजे रखने, ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की नसीहत की।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह–उपायुक्त, लातेहार (व्यय अनुश्रवण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

नगरपालिका निर्वाचन–2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय–16 के कंडिका–16.6 के आलोक में परिणाम घोषणा की तिथि–27.02.2026 से 30 दिनों के भीतर सभी अभ्यर्थियों के द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा समर्पित किया जाना है। हस्पुस्तिका के कंडिका–16.6 के आलोक में नगर पंचायत, लातेहार में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद का लेखा जमा करने की अंतिम तिथि के पूर्व सभी निर्वाचन अभिकर्त्ताओं/अभ्यिर्थियों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation Training Program) का आयोजन किया जाता है, जो निम्नवत् है:–

| क्र0सं0 | पद | प्रषिक्षण की तिथि एवं समय | प्रषिक्षण स्थल | अभ्यूक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद | 16.03.2026 अपराह्न 03:00 बजे | सभागार, लातेहार | |

नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के लिए चुनाव लडने वाले अभ्यर्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित चतूर्थ (अंतिम) व्यय लेखा पंजी के जॉच की तिथि का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है:–

| क्र0सं0 | पद | निर्धारित तिथि एवं समय | स्थान | अभ्यूक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद | 19.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक | समाहरणालय स्थित जिला नजारत शाखा, लातेहार के बगल में District Facilitation Center | |

नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के अन्तर्गत चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों (अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद) को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में स–समय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना एवं प्रशिक्षण के उपरान्त निर्धारित तिथि एवं समय पर निर्वाचन व्यय लेखा को विधि पूर्व तैयार कर लें। तदुपरान्त अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा के विवरणी (मूल निर्वाचन व्यय पंजी एवं मूल अभिश्रव/रसीद सहित) को जॉच कराने हेतु उपस्थित होकर जॉच स–समय कराना सूनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 374882 (Election)25-26*D

### JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED

CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj) Address-Sudna, Daltonganj
e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

e-NIT No. 846/PR/ JUSNL/ 2025-26

e-Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Outsourcing of Manpower (Highly skilled, Skilled/ I.T.I. trained and Unskilled Khalasi/ Supporting Staff) against the required vacant posts for operational work of various Grid Substations under Transmission Zone- IV, Medininagar for the period from 01.04.2026 to 31.03.2027. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.10000 + SGST@9% +CGST@9%= Rs. 11800.00 |
| Earnest Money Deposit | Rs.5,49,500.00/- (Rupees Five Lac Forty Nine Thousand Five Hundred) only. |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 14.03.2026 at 04:30 PM to 28.03.2026 up to 05:00 PM |
| Start Date and time of upload of BID | 14.03.2026 at 04:30 PM |
| End date and time of upload of BID | 28.03.2026 up to 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 30.03.2026 up to 10:30 AM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 374920 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची)
### कार्यालय–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
### जिला संयुक्त कृषि कार्यालय तपेज, चतरा

E-Mail ID- chatrasco@gmail.com

**आम सूचना**

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहो, पानी पंचायतों जलछाजन समितियों, पैक्स–लैम्पस एवं अन्य संगठन को ट्रैक्टर एवं उसके सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित दर पर वितरण हेतु **"मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना"** हेतु **आवेदन आमंत्रण की सूचना।**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–79 दिनांक 05.03.2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजना अन्तर्गत कृषक समूहों, महिला स्वयं सहायता समूहो, पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, पैक्स–लैम्पस एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रैक्टर एवं इसके साथ कम से कम दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर कुल पैकेज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रैक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रो के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत देय होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पांच लाख) रूपये ही देय होगा। साथ ही साथ वैसे कृषक समूह जिनके पास बड़े ट्रैक्टर पूर्व से उपलब्ध है एवं केवल कृषि यंत्र प्राप्त करने हेतु कृषि यंत्र की लागत का 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान की राशि 2.00 (दो लाख) देय होगा। इससे अधिक राशि होने पर कृषक अपना अतिरिक्त अंशदान दे कर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृषक समूहों को आवेदन करने के लिए आमत्रिंत किया जाता है। दिनांक 20.03.2026 संध्या 05.00 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, चतरा में आवेदन फार्म पूर्ण रूपेण भर कर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।

**मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रैक्टर एवं उसके सहायक कृषि यंत्रो की सूची एवं अनुदान निम्न प्रकार से होगी**

| S. N. | Details Of Machines | Package Cost | Target | Subsidy &Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 Max PTO HP Ps) Approved Model Tested by FMTTI, With Standard Tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc.& 2 Agriculture Implements. | Rs. 10.00 lakh | OSP 34 SCSP 24 | -One Tractor With Minimum Two Implements From S. No- 02 To 12 Have To Be Taken In Tractor Package. -Maximum Subsidy On Tractor @50% & On Agriculture Imlements @ 80% Of Quoted L-1 Prices As Per EoI. -Farmers Group Maximum Subsidy On Tractor Package Will Be Rs 5.00 Lakh |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | OSP-28 SCSP-20 | Any Farmer Group Having Tractor And Need extra Imlement They can Get Subsidy @ 80% Or Maximum Rs. 2.00 Lakh Whechever Is Minimum Of Quoted L-1 Price As Per EoI. |
| 03 | Cultivator (7-13 Tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 Disc) | | | |
| 05 | Ridger/ Trencher/ Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage Drill/Seed Cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to Above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop thresher ( tractor drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (tractor drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher / Maize dehusker Cum sheller (T.D) | | | |
| 12 | MB plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुंशसा को प्राथमिकता देते हुए जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी।

**नोटः–विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

PR 374935 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)#D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी चतरा

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/F2-05/2025-26**

**(Two Envelope System)**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | प्रखंड – नीलाम्बर पीताम्बरपुर अंतर्गत न्यू प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय कुसही डैम के पोषक क्षेत्र से विद्यालय तक पहुंच पथ एवं 20 फीट पुलिया निर्माण। | 91,99,900.00 | 1,84,000 | 10000 | 6 माह |
| 2. | 2 | प्रखंड पांकी में डंडार बगीचा से बसडीहा पी0डब्लू0 डी0 पथ तक पथ निर्माण। | 92,81,800.00 | 1,85,700 | 10000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2026 (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – 27.03.2026 अपराह्न 4:00 बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR.NO.374821 Rural Development(25-26):D

### कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

Email ID - adss.plm@gmail.com

**सूचना**

जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में रिक्त पद के विरूद्ध विज्ञापन संख्या – 362/जि0स0क0, दिनांक–27.02.2025 के आलोक में कुल 04 पद यथा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, संरक्षण पदाधिकारी संस्थागत देख–रेख, परामर्शदाता, सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर एवं विज्ञापन संख्या– 1730/जि0स0क0, दिनांक–14.10.2024 के आलोक में कुल 03 पद यथा लेखापाल, सामाजिक कार्यकर्ता (अनु0 जा0) एवं सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर बाल कल्याण समिति, पलामू पर नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 201/सा0सु0को0, दिनांक–27.01.2026 एवं ज्ञापांक 204/सा0सु0को0, दिनांक–02.02.2026 के द्वारा अंतिक मेघा सूची का प्रकाशन पलामू के अधिकारिक वेबसाईड www.palamu.nic.in एवं दैनिक समाचार पत्र में किया गया था।

अंतिम मेधा सूची में सफल अभ्यर्थियों की सूची का पुनः प्रकाशन करते हुए सूचित किया जाता है कि दिनांक– 16.03.2026 को पूर्वाहन 11 बजे से समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए के सभागार कक्ष में विज्ञापन में प्रकाशित शर्तो के अनुपालन में पूर्व में प्रस्तुत किए गये दस्तावेज यथा शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, का मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर जाँच/सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद के अभ्यर्थी उसी दिन अपराह्न 01 बजे से टंकण जाँच परीक्षा में भी सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे। टंकण जाँच परीक्षा में उतीर्णता होना अनिवार्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहेंगे तो कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु योग्य नहीं माना जायेगा। उन्हें अयोग्य माना घोषित किया जायेगा।

उपायुक्त,
पलामू

PR 374819 Palamu (25-26)_D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू पंचायत महुगावां अनतर्गत ग्राम कानित मुख्य पथ से विनोद शर्मा के घर होते हुए विरनाथ पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3664700.00 | 73500 | 5000 | 04 माह |
| 2 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अनतर्गत कुटूमू पी0डब्लू0डी0 रोड से मेन रोड तक पी0सी0सी0 बरवाही पथ निर्माण। | 4437800.00 | 89000 | 5000 | 04 माह |
| 3. | 03 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अन्तर्गत ग्राम रतनाग में गिरजा चौधरी के घर से शिव पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4126300.00 | 83000 | 5000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2026 ( अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 25.03.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.03.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 374823 Rural Development(25-26)#D

**विचार प्रवाह** दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया है लेकिन फैसला संसद को करना होगा

इंडिया



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

संविधान की प्रस्तावना में जो इसकी मूल भावना लिखी है वह समानता की बात करती है जिसे मौलिक अधिकार भी कहा जाता है पर जात, धर्म, क्षेत्र और वोट बैंक की राजनीति में इसकी जमकर अनदेखी करने के प्रयास होते हैं जबकि जहां खुद फंस जाएं तो वही नेता संविधान में वर्णित समानता की बात करने लगते हैं। निज़ाम रामपुरी की पंक्तियां याद आती हैं 'अंदाज़ अपना देखते हैं आइने में वो और ये भी देखते हैं कोई देखता न हो'। महिलाओं को सामान अधिकार की बात करने वाले भारत में लगभग सभी सक्रिय राजनीतिक समूह भी इसी प्रकार का दोहरा चरित्र दिखा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देश में यूसीसी का प्रश्न लंबे समय से राजनीतिक, सामाजिक और कानूनी बहस का विषय रहा है। ऐसे में, शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी, कि शायद अब वह समय आ गया है, जब देश में समान नागरिक संहिता पर गंभीरता से विचार किया जाए, महज एक कानूनी अवलोकन नहीं, बल्कि उस लंबे विमर्श का नया अध्याय है, जो दशकों से चला आ रहा है। गौरतलब है कि संविधान के अनुच्छेद-44 में राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के तहत स्पष्ट कहा गया है कि राज्य पूरे देश में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता लागू करने का प्रयास करेगा। यह प्रावधान संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का परिणाम है, जिन्होंने महसूस किया कि धार्मिक आधार पर अलग-अलग कानून राष्ट्रीय एकता और लैंगिक समानता के मार्ग में बाधा बन सकते हैं। पिछले कई दशकों में सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो मामले (1985), सरला मुद्गल (1995) और 2017 के तीन तलाक मामले (शायरा बानो) में यूसीसी की वकालत की है, लेकिन अब उसके रुख से यूसीसी के समर्थन वाला पक्ष और मजबूत ही हुआ है। दरअसल, यूसीसी के पक्ष में सबसे मजबूत तर्क महिलाओं के अधिकार का ही है। शरिया कानून में उत्तराधिकार, बहुविवाह इत्यादि मुद्दे लैंगिक असमानता को बढ़ावा देते हैं, जबकि यूसीसी इन आधारों पर होने वाली सभी किस्म की असमानताओं को खत्म कर एकसमान, निष्पक्ष और सांविधानिक मूल्यों पर आधारित ढांचा प्रदान कर सकता है। कुछ समुदाय इसे संविधान के अनुच्छेद-25 द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर हमला मानते हैं, जिस पर शीर्ष अदालत पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि यूसीसी का उद्देश्य धार्मिक प्रथाओं को खत्म करना नहीं, बल्कि नागरिक अधिकारों में समानता लाना है। अदालत का यह कहना भी तर्कपूर्ण है कि शरिया कानून को एकदम से खत्म करने से एक अनावश्यक शून्य पैदा हो सकता है, इसलिए बेहतर है कि विधायिका ही इस दिशा में धीरे-धीरे कदम बढ़ाए, जैसा उत्तराखंड में किया गया, जो यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। लिहाजा, अदालत का रुख संसद के लिए स्पष्ट संदेश है, जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार होना ही चाहिए। भाजपा बहुत पहले से एक देश दो विधान दो संविधान का विरोध करती रही है और इसी समान नागरिक संहिता धर्म की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के व्यक्तिगत मामलों को नियंत्रित करने के लिए कानूनों का एक सेट है, जो यह सुनिश्चित करती है कि उनके मौलिक और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित हैं। यूसीसी का मतलब समान नागरिक संहिता है। उत्तराखंड में सोमवार 27 जनवरी से लागू यह कानून देश में पहली बार लागू हुआ है। यूसीसी के मुख्य प्रावधान हैं - शादी, तलाक, उत्तराधिकार और विरासत के नियम सभी धर्मों और समुदायों के लिए समान होंगे। इससे हलाला जैसी कुप्रथाओं का अंत होगा और महिलाओं के समान अधिकार सुनिश्चित किए जाएंगे। विवाह और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण अनिवार्य होगा।बिना पंजीकरण के लिव-इन संबंध एक महीने से अधिक चलने पर तीन महीने की कैद या 10,000 रुपए जुर्माने का प्रावधान है। विवाह पंजीकरण न होने पर 25,000 रुपए जुर्माना का प्रावधान किया गया है। विवाह और लिव-इन संबंधों का पंजीकरण ऑनलाइन करने के लिए एक डिजिटल पोर्टल उपलब्ध कराया गया है।बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र सात दिनों के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना होगा।यूसीसी के तहत एक पत्नीत्व को सुनिश्चित किया गया है। विवाह के समय किसी व्यक्ति का अन्य जीवनसाथी जीवित नहीं होना चाहिए। वसीयतनामे में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आधार आधारित दस्तावेजीकरण और गवाहों की वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य किया गया है।अब लड़कियों और लड़कों को उत्तराधिकार में समान अधिकार मिल गया है। सीएम धामी ने प्रदेश में यूसीसी लागू होने के बाद पोर्टल के जरिए सीएम धामी ने अपनी शादी का सर्टिफिकेट लिया। गोवा में एक समान पारिवारिक कानून है, इस प्रकार यह पूर्व से एकमात्र भारतीय राज्य था, जहां समान नागरिक संहिता है और 1954 का विशेष विवाह अधिनियम किसी भी नागरिक को किसी विशेष धार्मिक व्यक्तिगत कानून के दायरे से बाहर शादी करने की अनुमति देता है।ब्रिटिश सरकार ने 1840 में लेक्स लोकी की रिपोर्ट के आधार पर अपराधों, सबूतों और अनुबंधों के लिए एक समान कानून बनाए थे, लेकिन हिंदुओं और मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों को उन्होंने जानबूझकर कहीं छोड़ दिया था।दूसरी ओर ब्रिटिश भारत न्यायपालिका ने ब्रिटिश न्यायाधीशों द्वारा हिंदू, मुस्लिम और अंग्रेजी कानून को लागू करने का प्रावधान किया। साथ ही उन दिनों सुधारक महिलाओं द्वारा मूलतः धार्मिक रीति-रिवाजों जैसे सती आदि के तहत किये जाने वाले भेदभाव के विरुद्ध कानून बनाने के लिए आवाज उठा रहे थे।संविधान सभा की स्थापना की गई थी, जिसमें दोनों प्रकार के सदस्य शामिल थेः वे जो समान नागरिक संहिता को अपनाकर समाज में सुधार चाहते थे जैसे डॉ. बी. आर अंबेडकर और अन्य मुस्लिम प्रतिनिधि थे, जिन्होंने व्यक्तिगत कानूनों को कायम रखा।साथ ही समान नागरिक संहिता के समर्थकों का संविधान सभा में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा विरोध किया गया था। परिणामस्वरूप, डीपीएसपी (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) के भाग IV में अनुच्छेद 44 के तहत संविधान में केवल एक पंक्ति जोड़ी गई थी। इसमें कहा गया है कि "राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा"। चूंकि, इसे डीपीएसपी में शामिल किया गया है, इसलिए वे न तो अदालत में लागू करने योग्य हैं और न ही कोई राजनीतिक विसंगति इससे आगे बढ़ पाई है। अनुच्छेद 25 में अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्म के मुक्त पेशे, अभ्यास और प्रचार की स्वतंत्रता बताई गई है। इसलिए, यूसीसी को लोगों पर जबरदस्ती नहीं थोपा जा सकता। क्योंकि, तब यह स्पष्ट रूप से भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन होगा।इसलिए, यूसीसी और पर्सनल लॉ का सह-अस्तित्व होना चाहिए। यूसीसी और कुछ नहीं, बल्कि सभी मौजूदा व्यक्तिगत कानूनों के लिए आधुनिक और प्रगतिशील पहलुओं का समावेश है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चार खंडों और 740 से अधिक पृष्ठों वाली एक मसौदा रिपोर्ट एक समूह द्वारा बनाई गई थी जिसे अब न्यायालयों में चुनौती मिलेगी ही।

# जब दांडी मार्च की खबरों से हिल गया था ब्रिटिश साम्राज्य

आज की बात



**हृदयानंद मिश्र**
**एडवोकेट एवं सदस्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार**

> साबरमती आश्रम से समुद्र तट के छोटे से गांव दांडी तक शुरू हुई यह यात्रा केवल 388 किलोमीटर की पदयात्रा नहीं थी; यह साम्राज्यवाद के विरुद्ध आत्मसम्मान की घोषणा थी।

12 मार्च 1930 -भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह ऐतिहासिक दिन, जब महात्मा गांधी ने एक साधारण-सी वस्तु नमक को अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध जनविद्रोह का प्रतीक बना दिया। साबरमती आश्रम से समुद्र तट के छोटे से गांव दांडी तक शुरू हुई यह यात्रा केवल 388 किलोमीटर की पदयात्रा नहीं थी; यह साम्राज्यवाद के विरुद्ध आत्मसम्मान की घोषणा थी। गांधीजी स्वयं एक अनथक यात्री थे। कहा जाता है कि उन्होंने जीवन में इतनी पदयात्राएं कीं कि यदि उनके कदमों की दूरी नापी जाए तो वह पूरी पृथ्वी के दो चक्कर लगाने के बराबर बैठती है। इसलिए उन्हें "सफ़र का सूफ़ी" भी कहा गया। प्रसिद्ध लेखक लुई फिशर ने लिखा था—

"यदि इतिहास में नहीं तो 20वीं सदी में गांधी सबसे बड़े आदमी थे।"1929 के लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का लक्ष्य घोषित किया। इसके बाद गांधीजी अंग्रेजी शासन के अन्यायपूर्ण कानूनों के खिलाफ जनआंदोलन की रणनीति खोज रहे थे। कई दिनों तक आत्ममंथन के बाद उन्होंने नमक कानून को चुनौती देने का निश्चय किया—एक ऐसा कानून जो गरीब से गरीब भारतीय पर भी कर का बोझ डालता था।

11 मार्च 1930 की रात साबरमती आश्रम में असाधारण हलचल थी। हर कोई आशंकित था कि मार्च शुरू होते ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मीरा बेन ने लिखा है—पूरी रात आश्रम जागता रहा, पर एक व्यक्ति गहरी नींद में सो रहा था उसका नाम था महात्मा गांधी। गांधीजी यह कहते हुए जल्दी सो गए कि "कल क्या होगा इसकी चिंता आज क्यों की जाए? अब मुझे सोने दो।"

### 79 सत्याग्रहियों के साथ ऐतिहासिक प्रस्थान

12 मार्च 1930 की सुबह 6:30 बजे, गांधीजी अपने 79 सत्याग्रहियों के साथ समुद्र की ओर चल पड़े। उन्होंने यह सूची स्वयं तैयार की थी। जब महादेव देसाई की पत्नी दुर्गाबेन ने पूछा कि महिलाओं को इसमें क्यों शामिल नहीं किया गया, तो गांधीजी मुस्कराए और बोले "अगर महिलाओं को अभी शामिल करूंगा तो अंग्रेज मुझे कहेंगे कि गांधी कायर है। डंडों के डर से महिलाओं को आगे कर दिया। दूसरा जवाब यह है कि अहिंसक संघर्ष में महिलाएँ पुरुषों से अधिक त्याग और साहस दिखा सकती हैं। असली परीक्षा बाद में आएगी—तब महिलाएं नेतृत्व करेंगी।"

साबरमती से दांडी तक 24 दिनों की इस यात्रा



का पूरा रूट सरदार पटेल ने तय किया। बीच में खेड़ा में एक जगह उनसे कहा गया कि 105 साल की एक बुढ़िया आपके दर्शन करना चाहती है। गांधीजी ने कहा कि मैं स्वयं जाऊंगा उनसे मिलने। गांधीजी ने बुढ़िया से कहा " मैं आपको प्रणाम करता हूं।" बुढ़िया ने कहा आप महात्मा हैं आप प्रणाम न करें। गांधीजी ने कहा ठीक है मैं प्रणाम नहीं करूंगा। आप आशीर्वाद दीजिए, आप मुझसे बड़ी हो। बुढ़िया ने आशीर्वाद दिया "स्वराज लेकर जल्दी वापस आना।" एक तरह से सारे देश का आशीर्वाद इस 105 साल की बुढ़िया ने शब्दों के माध्यम से दे दिया। गांधीजी ने उत्तर दिया "कौवे कुत्ते की मौत से मरूंगा लेकिन स्वराज अगर नहीं आएगा तो साबरमती आश्रम में पैर नहीं रखूंगा।" गांधीजी 12 मार्च 1930 को साबरमती से निकले और जीवन की अंतिम सांस तक साबरमती नहीं लौटे। इस तरह साबरमती आश्रम नमक सत्याग्रह की भेंट चढ़ गया।
1930 का नमक सत्याग्रह अंतरराष्ट्रीय मीडिया के लिए एक बड़ा आकर्षण बन गया।

गांधी का मानना था कि भारत के स्वराज की गूँज तभी शक्तिशाली होगी, जब विश्व का जनमत उससे जुड़ेगा।उन्होंने इस सत्याग्रह के माध्यम से पूरे विश्व की आत्मा को झकझोरा। 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'टाइम' मैगजीन जैसे संस्थानों ने गांधी को प्रमुखता दी। विशेषकर अमेरिकी पत्रकार वेब मिलर ने ब्रिटिश सेंसरशिप तोड़कर 'धरासना' के दमन का सच दुनिया तक पहुँचाया, जिसे दुनियाभर के 1350 समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया। जे.ए. मिल्स और विलियम शरर जैसे पत्रकारों की रिपोर्टिंग ने गांधी को एक ऐसे शक्स के रूप में पेश किया, जो अकेले ही विशाल साम्राज्यवादी तंत्र से टकरा रहा था। इस प्रकार, एक व्यक्ति की अहिंसा पूरी दुनिया की सुर्खियां बन गई।

अंतरराष्ट्रीय पत्रकारों की रिपोर्टिंग ने गांधीजी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम को एक वैश्विक दर्जा दिला दिया। इसके कारण दांडी मार्च धरासना से निकलकर ओशियन सर्किल की तरह इतना बड़ा सर्किल बन गया कि उसकी परिधि में पूरा विश्व समा गया और गांधीजी टाइम मैगजीन के मुख्य पृष्ठ पर मैन ऑफ ईयर बनकर एक बड़े विश्व आइकन बन गए।

नमक सत्याग्रह का प्रभाव यह हुआ कि वर्ष 1935 तक आते-आते गांधीजी केवल भारत के राजनैतिक नेता नहीं रह गए थे, बल्कि वे एक वैश्विक नैतिक प्रतीक बन चुके थे। उनके अहिंसक विचारों का प्रभाव अमेरिका के नागरिक अधिकार आंदोलनों से लेकर अफ्रीका और एशिया के उपनिवेशवाद विरोधी अभियानों तक फैल गया। यह एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी, कि कैसे एक साधारण व्यक्ति के 'अधिकारों' और 'नमक' की बात ने दुनिया भर के शक्तिशाली साम्राज्यों की नींद उड़ा दी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**



# निरंतर विचार-विमर्श में अहंकार का परिष्कार करें



**स्वामी चिन्मयानंद**

समस्त शास्त्र एकस्वर में घोषणा करते हैं कि हमारा वास्तविक शत्रु अहंकार है। दु:ख तथा उद्विग्नता उसी अहं-छाया के हैं। निरंतर विचार-विमर्श में अहंकार का परिष्कार करें। वास्तविक तथा अवास्तविक के विवेक में असत्य अहं-स्वप्न का अन्त हो जाता है। अहं का नाश करें, तब क्लेश स्वत: समाप्त हो जाते हैं। यदि आपके भीतर का अहं ही संसार-बंधन में फँसा हुआ है, यदि वही कष्टदाता है, यदि वही शत्रु है, तो उस पर सावधानीपूर्वक सूक्ष्म दृष्टि रखें तथा जाने कि वह वास्तव में है कौन। अपने शत्रु की पहचान करें व उसे दूर करें। अहं वस्तुत: मिथ्या है-निराधार, स्वप्नवत्, छायामात्र। समस्त दु:ख इसी छाया के हैं। अपने ही अविवेकवश मनुष्य इस छाया के निरन्तर अत्याचार का शिकार हो जाता है। इस छाया का सर्वथा अन्त करें। प्रभु के चरणों में प्रेम तथा समर्पण सहित अग्रसर हों। हमारे सम्मुख खड़ी छाया का अन्त करने का एकमात्र उपाय है-अपने भीतर विद्यमान प्रकाश का साक्षात्कार। यदि हम तत्काल ऐसा न कर सकें, तो सरल उपाय है आत्म-समर्पण का अभ्यास। जितने ऊँचे हम खड़े होते हैं, उतनी ही लम्बी छाया बनती है। जब हम विनम्र होकर झुकते हैं, छाया आधी पड़ जाती है। बैठ जाएँ तो वह और भी क्षीण हो जाती है। प्रभु के चरणों में प्रेम तथा पूर्ण समर्पण सहित दंडवत् हो जाएँ, छाया विलीन हो जाती है। इस प्रकार अपने भीतर स्थित अहं-छाया का अन्त करें-परमात्मस्वरूप आत्मा के प्रति समर्पण से ही यह सम्भव है। इस प्रकार, अहंकार का समर्पण ही वास्तविक स्वतंत्रता तथा हमारे सत्य स्वरूप की अनुभूति में आनन्द का स्रोत है। जब बुद्धि, मन तथा शरीर इस प्रकार वश में आ जाते हैं, शांत एवं संयमित हो जाते हैं, तब हृदय में एक अद्भुत आनन्द, पवित्र सुख-भाव, पूर्ण संतोष तथा अलौकिक तृप्ति नृत्य करने लगती है। जीवन अत्यंत समृद्ध, उत्तम प्रतिफल वाला एवं अविश्वसनीय रूप से विस्तृत हो जाता है। व्यक्ति अपने भीतर, केवल स्वयं में, सभी बाहरी कारकों से स्वतंत्र होकर, एक नए अर्थपूर्ण सुख के राज्य आत्मस्वरूप का अनुभव करता है।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार*

# तम्बाकू : सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए खतरा

अलग बात




**ई0 प्रभात किशोर**

तम्बाकू सेवन रोकी जा सकने वाली मृत्यु और बीमारी का प्रमुख कारण है, जो अपने सेवनकर्ताओं को समय पूर्व, काल के गाल में पहुंचा देता है। यह कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, फेफड़ों के रोग, स्ट्रोक, बांझपन, अंधापन, तपेदिक (टीबी), मौखिक गुहा आदि अनेक पुरानी बीमारियों के लिए एक प्रमुख कारक है। सेकेंड-हैंड धूम्रपान या निष्क्रिय धूम्रपान के संपर्क में आने से शिशुओं, बच्चों और वयस्कों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। तंबाकू उत्पादों को यत्र-तत्र थूकने से स्वाइन फ्लू, निमोनिया, गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल रोग फैलते हैं, जिससे टीबी के संचरण का संभावित खतरा बना रहता है और साथ ही जनता को अकारण परेशानी होती है। तम्बाकू के दो रूप हैं - 'धूम्रपान तम्बाकू', जैसे सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, गांजा, सिगार आदि और 'धूम्र रहित तम्बाकू' जैसे खैनी, जर्दा, गुटखा आदि। नए विकसित इलेक्ट्रॉनिक धूम्र-उत्पाद (यथा ई-सिगरेट और अन्य समरूप उत्पाद) हमारे समक्ष नई चुनौतियां उत्पन्न कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक गैर-निकोटीन डिलीवरी सिस्टम, जिन्हें आमतौर पर ई-सिगरेट के नाम से प्रचलित है, में तंबाकू नहीं होता है और इसमें निकोटीन हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन ये स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। ग्लोबल एडल्ट तम्बाकू सर्वेक्षण भारत (2016-17) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की लगभग 33.2 करोड़ वयस्क जनसंख्या (सभी वयस्कों का लगभग 28 प्रतिशत) तम्बाकू का उपयोग करती है, जिनमें से 10 करोड़ धूम्रपान तम्बाकू सेवन करने वाले, 20 करोड़ धूम्ररहित तम्बाकू सेवन करने वाले और 3.2 करोड़ दोनों का सेवन करने वाले हैं। ग्लोबल यूथ तम्बाकू सर्वेक्षण (2009) की रिपोर्ट के अनुसार, 13 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत छात्र तम्बाकू का सेवन करते हैं। भारत में हर साल 13 लाख से ज्यादा लोग तम्बाकू सेवन के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। इससे सामाजिक और आर्थिक हानि भी होती है। वैश्विक स्तर पर 62 देशों ने अपने यहां व्यापक धूम्रपान-मुक्त नीतियां अपनाई हैं। भारत सरकार ने तम्बाकू की खपत में प्रभावी कमी लाने के लिए 2004 में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन प्रतिबंध तथा व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण विनियमन) अधिनियम 2003 लागू किया। तम्बाकू सेवन को प्रतिबंधित करने के लिए समय-समय पर अनेक नियम और दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, नाबालिगों के द्वारा सेवन एवं उनके द्वारा तंबाकू उत्पादों की बिक्री, शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री, ऐसे उत्पादों का विज्ञापन और प्रचार प्रसार आदि प्रतिबंधित है। तम्बाकू पैकेटों पर वैधानिक चेतावनी अंकित की जा रही है तथा फिल्मों एवं टीवी में ऐसी चेतावनी दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर निषेध और प्रतिबंध) विनियम 2011 के माध्यम से धुआं रहित तम्बाकू उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 2007-08 में, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है जो नियंत्रण कानूनों के कार्यान्वयन के साथ-साथ लोक भागीदारी, विद्यालय कार्यक्रम, आईईसी और वकालत पर केन्द्रित है। तंबाकू सेवन को नियंत्रित करने के लिए प्रख्यापित कानूनों, नियमों और विनियमों को लागू करने में नागरिक संगठनों की अहम भूमिका और जिम्मेदारियां हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




**आज का दोहा**

सधी बीन बजती रही, समझ न पाये राग।
धीरे धीरे डस गया, अहंकार का नाग।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# हंगामा व अफवाह फैलाने की राजनीति और जिम्मेदारी से भागता विपक्ष

देश की बात



**कांतिलाल मांडोत**

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद वह स्थान है जहां जनता से जुड़े हर बड़े मुद्दे पर गंभीर और जिम्मेदार चर्चा होनी चाहिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हाल के वर्षों में विपक्ष की राजनीति का एक बड़ा हिस्सा केवल हंगामा और अफवाह फैलाने तक सीमित होता जा रहा है। एलपीजी सिलेंडर को लेकर संसद के बाहर हुई नारेबाजी और आरोपों की बौछार इसी प्रवृत्ति का उदाहरण है। हाल ही में संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने नारे लगाए कि नरेंदर भी गायब और सिलेंडर भी गायब इस तरह के नारे सुनने में भले ही आकर्षक लगते हों लेकिन यह देश की वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं हैं बल्कि यह केवल राजनीतिक माहौल को गरमाने की कोशिश भर है। जनता यह समझती है कि देश की ऊर्जा जरूरतों और वैश्विक परिस्थितियों जैसे गंभीर विषयों को केवल नारेबाजी से नहीं, बल्कि ठोस नीति और विवेकपूर्ण चर्चा से हल किया जा सकता है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने यह दावा किया कि आने वाले समय में ईंधन का बड़ा संकट पैदा हो सकता है और इसके लिए उन्होंने सरकार की विदेश नीति को जिम्मेदार ठहराया लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया ऊर्जा आपूर्ति की चुनौतियों से जूझ रही है,पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी स्थिति ने वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। ऐसे में किसी एक देश की सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराना वास्तविकता से दूर और राजनीतिक बयानबाजी ज्यादा प्रतीत होता है। भारत जैसे विशाल देश की ऊर्जा जरूरतें बहुत बड़ी हैं और इन्हें पूरा करने के लिए सरकार को कई स्तरों पर लगातार प्रयास करने पड़ते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। विभिन्न देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते किए गए हैं। आपूर्ति के नए स्रोत तलाशे गए हैं और वैकल्पिक ऊर्जा पर भी बड़े पैमाने पर निवेश किया गया है। सौर ऊर्जा हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है ताकि भविष्य में ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भरता बढ़ सके। इसके बावजूद विपक्ष लगातार यह माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है कि देश किसी बड़े संकट की ओर बढ़ रहा है संसद में चर्चा से पहले ही सड़क और संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन कर देना यह दिखाता है कि विपक्ष का उद्देश्य समाधान निकालना नहीं बल्कि डर का वातावरण बनाना है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है लेकिन जब सवाल तथ्यों के बजाय आशंकाओं और अफवाहों पर आधारित हों तो वह राजनीति से ज्यादा भ्रम फैलाने का माध्यम बन जाते हैं। एलपीजी को लेकर भी यही स्थिति देखने को मिली। कुछ स्थानों पर लंबी कतारों की खबरें सामने आईं तो उसे तुरंत राष्ट्रीय संकट के रूप में पेश किया जाने लगा जबकि सरकार और कई जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि देश में एलपीजी की वास्तविक कमी नहीं है। कई जगह लोगों ने घबराहट में जरूरत से ज्यादा सिलेंडर जमा करने शुरू कर दिए जिससे अस्थायी दबाव की स्थिति बन गई। जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने भी यही बात कही कि कई लोग एक साथ चार चार सिलेंडर घर में जमा कर रहे हैं जिससे कृत्रिम कमी का माहौल बन रहा है यह स्थिति तब और ज्यादा गंभीर हो जाती है जब राजनीतिक बयानबाजी के कारण लोगों के मन में डर बैठ जाता है और वे जरूरत से अधिक सामान खरीदने लगते हैं। विपक्ष को यह समझना चाहिए कि देश की जनता अब पहले से अधिक जागरूक है वह केवल आरोप और नारे सुनकर निर्णय नहीं करती बल्कि यह भी देखती है कि कौन जिम्मेदारी से बात कर रहा है और कौन केवल माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## जनता दरबार में प्राप्त भूमि विवाद मामलों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# 71 मामलों की प्रगति पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह ने एनआईसी सिमडेगा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारियों एवं भूमि से संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में वर्ष 2025 तक उपायुक्त के जनता दरबार में प्राप्त भूमि विवाद से जुड़े आवेदनों के निष्पादन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।उपायुक्त ने बताया कि जनता दरबार के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिए गए थे, जिन्हें निष्पादन के लिए संबंधित अंचल अधिकारियों को अग्रसारित किया गया था। बैठक के दौरान कुल 71 मामलों की समीक्षा की गई। इनमें कई मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।आवेदनों में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे, अवैध कब्जा, जमाबंदी दर्ज या रद्द करने, जमीन का सीमांकन, आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री, पंजी-2 में सुधार, भूमि अधिग्रहण तथा जमीन से जुड़े धोखाधड़ी के मामले शामिल हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अवर निबंधन पदाधिकारी पवन महतो, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रवि किशोर राम, ईडीएम चंद्रशेखर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सिमडेगा में उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात गंभीरता से सुनी और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए मामलों को अग्रसारित किया।जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। ग्रामीणों ने भूदान की जमीन का बंदोबस्ती करने, स्वेच्छा सेवानिवृत्ति से संबंधित मामलों के निष्पादन, रोजगार उपलब्ध कराने, पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा घर से सटे सीमेंट गोदाम से हो रही परेशानी और प्रदूषण की शिकायत रखी। इसके अलावा राज्य सरकार की प्रतिपूर्ति एवं पुनर्वास नीति के तहत देय 04 डिसमिल जमीन आवंटन, वृद्धा पेंशन बंद होने, दुर्घटना में अंग क्षतिग्रस्त होने पर कृत्रिम अंग और दिव्यांग छात्रवृत्ति दिलाने से जुड़े आवेदन भी दिए गए।एक विधवा महिला होमगार्ड जवान ने अपने छोटे बच्चों की पढ़ाई और पालन-पोषण के लिए नियमित ड्यूटी उपलब्ध कराने की गुहार लगाई। इसके अलावा भी कई अन्य मामलों पर उपायुक्त ने संज्ञान लिया।

## ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

● अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश-निकास प्रणाली और निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया

**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे ने गुरुवार को सिमडेगा स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिमडेगा-70 एवं कोलेबिरा-71 विधानसभा क्षेत्र से संबंधित वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने वेयरहाउस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास प्रणाली तथा निगरानी व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वेयरहाउस के अंदर और बाहर की निगरानी की स्थिति की भी समीक्षा की और यह सुनिश्चित किया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा उपकरणों और अभिलेखों की नियमित जांच करते रहने के निर्देश दिए, ताकि ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित रहे।निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन शाखा के कर्मी मौजूद रहे।

## रामनवमी समिति का हुआ विस्तार कई पदाधिकारियों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रामनवमी प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को महाबीर चौक स्थित महाबीर मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप शर्मा ने की। बैठक में आगामी रामनवमी महापर्व के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उपस्थित संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों की उपस्थिति में रामनवमी प्रबंधन समिति महाबीर मंडल का विस्तार किया गया। संरक्षक पद के लिए राजेश सिंह के नाम पर सहमति बनी। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अनुप केसरी, दीपक कुमार अग्रवाल (रिंकू), दीपक पुरी, विष्णु दयाल शर्मा, उदय प्रसाद, बजरंग रजक और जिपा ठाकुर का चयन किया गया।उप सचिव के रूप में अमित अग्रवाल, दीपक प्रसाद, पवन ठाकुर, उपेंद्र श्रीवास्तव, सत्या महतो और विकास वर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मीडिया प्रभारी के रूप में विकास शाहू का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि वर्मा, अमित चौधरी, अपूर्व केसरी, सूरज रजक, सोनू, रवि चौधरी, विनायक अग्रवाल, कुणाल केसरी, नरेश साहनी, मानस प्रसाद, दिलीप प्रसाद, राजा गुप्ता, अक्षय चक्रवर्ती, रॉनी कुमार, बाबू प्रसाद, पप्पू अग्रवाल, भरोसा महतो, राज कुमार केसरी (पप्पू) और विक्रम ठाकुर को शामिल किया गया।बैठक में संरक्षक डीडी सिंह, श्यामलाल शर्मा, अमरनाथ बामलिया, संजय ठाकुर सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकानों की दूरी को लेकर विस में उठा सवाल

**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से जन वितरण प्रणाली से जुड़ा सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को रियायती दरों पर अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराने के लिए उचित मूल्य की दुकानों का संचालन कर रही है। विधानसभा क्षेत्र की दुर्गम भौगोलिक स्थिति के कारण कई ग्रामीणों को राशन लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस पर विभाग की ओर से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जवाब देते हुए बताया कि सरकार जन वितरण प्रणाली के माध्यम से पात्र लाभुकों को रियायती दर पर अनाज उपलब्ध करा रही है। जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 के अनुसार दुकानों की स्थापना इस प्रकार की जाती है कि सामान्य क्षेत्रों में किसी भी कार्डधारक को 3 किलोमीटर तथा दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में 2 किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

## झारखंड स्टेट बार काउंसिल का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**सिमडेगा।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के लिए मतदान प्रक्रिया गुरुवार को सिमडेगा बार एसोसिएशन भवन में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो गई। सुबह 10 बजे से शुरू हुए मतदान में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे दिन मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं की आवाजाही बनी रही और निर्धारित समय तक मतदान की प्रक्रिया जारी रही।जानकारी के अनुसार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में कुल 100 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। वहीं सिमडेगा बार एसोसिएशन में कुल 111 अधिवक्ता सदस्य मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, जिन्होंने अपने प्रतिनिधियों के चयन के लिए मतदान किया।चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए झारखंड हाईकोर्ट से अधिवक्ता नवनीत को चुनाव अधिकारी के रूप में सिमडेगा भेजा गया था। वहीं सिमडेगा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामवृक्ष प्रसाद को पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। दोनों अधिकारियों की देखरेख में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

## रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ महिला कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और सिलेंडर की किल्लत के विरोध में गुरुवार को महिला जिला कांग्रेस कमिटी के बैनर तले महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में वीर बुधु भगत चौक से पैदल मार्च निकाला गया, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महावीर चौक पहुंचा। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में रसोई गैस सिलेंडर के फोटो वाले पोस्टर और बैनर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महंगाई के विरोध में आवाज उठाई।मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि आज देश की हर रसोई से महंगाई की पीड़ा की आवाज सुनाई दे रही है। रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और कच्चे खाद्य तेल सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर गैस की भारी किल्लत है और एजेंसियां समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं। होटल और ढाबा संचालकों को भी सिलेंडर नहीं मिलने से छोटे व्यवसायियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। जोसिमा खाखा ने कहा कि जिस रसोई से कभी स्वाद और खुशबू की महक आती थी, आज वहीं से चिंता और मजबूरी का धुआं उठ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
Electric Supply Circle, Daltonganj

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 428/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and maintenance of F type quarter one block (Qtr No. F-1 to F-4) at Sudna under Electric Supply Circle, Daltonganj | 936950/– | (03) Three Months | 19000.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 23/03/2026 upto 03:00 PM | 23/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer,
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 374939 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 427/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and maintenance of Control Room Building and and allied civil works at 33/11 KV P/S/S, Mahuadar under Electric Supply Circle, Daltonganj | 943800/– | (03) Three Months | 19000.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 24/03/2026 upto 03:00 PM | 24/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**Electrical Superintending Engineer,**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

PR 374931 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D



**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
*(Email-id: zplohardaga@gmail.com)*

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**(Short term Tender Notice)**

लोहरदगा जिला अन्तर्गत 10 विद्यालयों हेतु पुस्तको का क्रय किया जाना है। इस आशय इच्छुक आपूर्तिकर्ता / कम्पनी / संस्थानों उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **23-03-2026** के **11:30** बजे पूर्वा0 तक निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। विद्यालय एवं पुस्तको की सूची तथा निविदा के नियम शर्त लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। सीलबंद निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 23-03-2026 के 12:30 बजे (अपराह्न)** को खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा।

नोट :–विशेष जानकारी हेतु कार्यालय में कार्यालय दिवस एवं अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा।

PR 374871 (Lohardaga) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –**
**11RIII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**
**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।**

1. कार्य का नाम : **दिनांक–12.03.2026**

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/52/2024-25 | मिडिल स्कूल बडपुर से पंचायत भवन होते हुए पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण कार्य। 2.00कि0मी0 | 219.056 | दो करोड़ उन्नीस लाख पांच हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 25.03.2026 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.03.2026 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 374916 (Rural Development) 25-26 (D)



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 426/PR/JBVNL/2025-26 | Repair and maintenance of F type quarter one block (Qtr No. F-5 to F-8) at Sudna under Electric Supply Circle, Daltonganj | 973100/– | (03) Three Months | 19500.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 23/03/2026 upto 03:00 PM | 23/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer,
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 374928 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, चतरा।**

**एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक– 14.03.2026**
**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक– 14.03.2026 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक निम्नांकित Company द्वारा निम्नवत पद हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| Stall No. | Name & Address of the mployer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Exp. | Job location | Sex | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/S Sri Ganpati Dona Plate loga Wodha | Helper | 06 | Non Matric | 18+ | Non | Chatra | Only For Female | 7500/- | – |
| | | Driver | 01 | Matric | | 1 Year | | Only For Male | 9000/- | – |
| | | Flour Mile Operator | 01 | Matric + Inter | | 2 Years | | Only For Male | 15000/- | – |
| | | Tele Caller | 01 | Inter | | Non | | Only For Female | 5000/- | – |
| 02 | AB INDIA SERVICES, SARAIKELA KHAR SAWAN, Adityapur | Hilti Core Cutting/Bolt Fixing Machine Operator | 10 | ITI/Diploma, (Fitter/Electrician/Turner) | 20-45 | 1 Year | Jamshedpur | Male | 14,000/- | Lodging Free |
| | | Data Entry Operator | 15 | 10+2, DCA/ADCA | 18-45 | NO | Work From Home | Male/Female | 8,000/- | Computer Must |
| | | Computer Operator | 10 | 10+2+3 | 18-45 | NO | Work From Home | Male/Female | 10,000/- | Computer Must |
| | | TelleCaller | 10 | 10+2 | 18-45 | No | Work From Home | Male/Female | 6,000/- | Mobile Recharge Expenses |
| | | Trainee Operator | 15 | ITI/Diploma | 18-23 | Fresher | JamshedPur/Pantnagar | Male/Female | 11,000/- | – |
| | | Mason /Carpentar | 20 | Non Matric | 20-50 | 1 Year | Jamshedpur | Male/Female | 18,000/- | Lodging Free |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | 18-45 | Fresher | Home District (Chatra) | Male/Female | 10,000/- | – |
| | | Field Executive | 10 | Matric | 18-45 | Fresher | Home District (Chatra) | Male/Female | 10,000/- | – |
| | | Project Trainer | 2 | MBA/B.Tech | 20-40 | Fresher | Home District (Chatra) | Male/Female | 12,000/- | Computer Must |
| | | Office Administrator | 1 | MBA/B.Tech | 20-32 | 1 year | Jamshedpur | Female | 12,000-20,000 | Calm Knowledge English Grammar |
| | | IT Executive | 1 | B.tech - CS/IT | 20-32 | 1 year | Jamshedpur | Female | 12,000-20,000 | – |
| | | Helper | 25 | Non Matric | 18-45 | Fresher | (Odisha) | Male | 12,000/- | Lodging Free |
| | | Side Supervisor | 5 | Graduation | 23-45 | 6 Month | Jharkhand/Odisha | Male | 12,000/- | – |
| | | Tele Sales Executive | 10 | 10+2 | 20-35 | 6 Month | Work from Home | Male/Female | 10,000/- | – |
| | | Running Scott Staff | 15 | Matric | 18-45 | Fresher | Odisha | Male | 12,000/- | Lodging Free |
| | | Delivery Boy/Girl | 10 | $10^{th}$ | 18-45 | 6 Month | Jharkhand | Male/Female | 10,000-12,000 | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Panchayat Cordinator | 25 | 10+2+3 | 20-45 | – | Home District (Chatra) | Male/Female | 12,000/- | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Field Surveyor | 15 | 10+2 | 20-45 | Fresher | Home District (Chatra) | Male/Female | 12,000/- | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Village Farmer Cordinator | 15 | 10+2+3 | 20-45 | – | Home District (Chatra | Male/Female | 12,000/- | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Shop Video KYC Excutive | 10 | 10+2 | 20-45 | – | Home District (Chatra | Male/Female | 12,000/- | Smart phone Must |
| | | Ac Coach Attendar | 20 | 10+2 | 18-50 | Fresher | Pan India | Male | 12,000/- | Lodging Free |
| | | Area Field Supervisor | 5 | 10+2+3 | 19-45 | Field exp. | Home District (Chatra | Male/Female | 12,000/- | Patrol + Mobile Expanse |
| | | Hr Recruiter | 3 | M.B.A | 20-45 | Fresher | Work From Home | Male/Female | 10,000/- | Laptop Must |
| | | Food & Beverage staff Chef/server /Waiter | 50 | Matric | 18-29 | Fresher | Jharkhand/Orissa/ W.bangal | Male/Female | 15,000/- | Lodging Free + Fooding free |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

PR 374818 Labour Employment and Traning(25-26)D

जिला नियोजन पदाधिकारी जिला नियोजनालय, चतरा।

# हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार ससुर-दामाद की मौत



नवीन मेल संवाददात

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नगरखारा के समीप गुरुवार को एक सड़क हादसे में ससुर और दमाद की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान नवलशाही निवासी 62 वर्षीय दिनेश्वर ठाकुर और उनके दामाद गिरिडीह के चिलगा गांव निवासी 35 वर्षीय सचिन ठाकुर के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गिट्टी लदा एक हाईवा डोमचांच से कोडरमा की ओर आ रहा था। वहीं उस हाईवा के ठीक पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दिनेश्वर ठाकुर तथा उनके दामाद सचिन ठाकुर कोडरमा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान नगरखारा के समीप बाइक सवार ने हाईवा से ओवरटेक करने का प्रयास किया।

इसी बीच बाइक सवार हाईवा की चपेट में आ गया और बाइक हाईवा में ही फंसा रह गया। इस दौरान बाइक के हाईवा में फंस जाने के कारण करीब 100 मीटर तक हाईवा उक्त बाइक व उस पर सवार दोनों लोगों को घसीटते हुए जलवाबाद तक पहुंच गया। इस दौरान बाइक सवार दोनों लोगों के शरीर के चिथड़े उड़ गए और उनके शरीर के कई टुकड़े सड़क पर बिखर गए। घटना के बाद आसपास के लोग काफी संख्या में जुटे। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे।

## चक्रधरपुर में भी हादसा, दो युवकों की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के चक्रधरपुर बाईपास स्थित भोया गांव के पास गुरुवार को हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सिदीयू हाईबुरु (35) और मनोज लुगुन उर्फ मिलन (30) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बुधवार को मागे पर्व मनाने के लिए अपने एक रिश्तेदार के घर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जानमबेड़ा गांव गए थे। पर्व में शामिल होने के बाद गुरुवार को वे स्कूटी से अपने घर गुटाई लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह में चक्रधरपुर बाईपास के भोया गांव के पास कलभट्ट पुलिया के समीप उनकी स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक स्कूटी सहित नीचे खेत में जा गिरे। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के मुताबिक मनोज लुगुन उर्फ मिलन की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि गंभीर रूप से घायल सिदीयू हाईबुरु को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने भी दम तोड़ दिया।

## युवक ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना क्षेत्र के हलुदबनी इलाके में बुधवार की देर रात एक युवक ने अपने किराये के कमरे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद पड़ोसियों की मदद से युवक के शव को फंदे से उतारा गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और गुरुवार को परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान बिरेंद्र धाकर (35) के रूप में हुई है। वह हलुदबनी में किराये के मकान में अपनी पत्नी के साथ रहता था और पेशे से ट्रैक्टर चालक था। उसकी पत्नी सुशीला पात्रो ने बताया कि घटना से पहले दोनों के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह काम पर चली गई थी। सुशीला शादी समारोहों में हेल्पर के रूप में काम करती है।

सुशीला ने बताया कि देर रात जब वह काम से लौटी तो पति के साथ हुए विवाद के कारण वह अपने घर नहीं गई और अपनी मां के घर जाकर सो गई। गुरुवार की सुबह जब वह अपने घर पहुंची और दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला।

## जमशेदपुर के 53 पुलिस अफसरों का तबादला

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर।** जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडेय ने गुरुवार को जिले में बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के अनुसार कुल 53 पुलिस अधिकारियों को इधर-उधर स्थानांतरित किया गया है। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देते हुए थाना प्रभारी भी बनाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार इंस्पेक्टर और कदमा थाना प्रभारी प्रवेश चंद्र सिन्हा को जादूगोड़ा का सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है, जबकि जादूगोड़ा के अंचल निरीक्षक दिलीप कुमार यादव को कदमा थाना का नया प्रभारी बनाया गया है।

चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार को जुगसलाई थाना में जेएसआई के रूप में भेजा गया है। वहीं सीतारामडेरा थाना में पदस्थापित जेएसआई राजेश कुमार को चाकुलिया का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत को हटाकर परसुडीह थाना प्रभारी बनाया गया है, जबकि उलीडीह ओपी के जेएसआई विष्णु चरण भोग्ता को पटमदा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को कदमा थाना में जेएसआई बनाया गया है, जबकि जुगसलाई थाना में पदस्थापित मुकेश कुमार साव को कोवाली थाना का नया प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कई अन्य पुलिस पदाधिकारियों का भी तबादला किया गया है।

एसआई रामप्रवेश कुमार राय को बिष्टुपुर थाना से हटाकर बहरागोड़ा थाना में जेएसआई बनाया गया है। पुलिस लाइन से मनोरंजन कुमार को सीतारामडेरा थाना, राजेश कुमार मंडल को बिष्टुपुर थाना में जेएसआई के रूप में पदस्थापित किया गया है।

श्यामसुंदरपुर थाना के जेएसआई अमर पोद्दार को मानगो थाना भेजा गया है, जबकि दुर्गा तिर्की को श्यामसुंदरपुर थाना में पदस्थापित किया गया है। इसी क्रम में पटमदा थाना के अजय प्रसाद यादव, पोटका थाना के सुनील टुटी तथा परसुडीह थाना के कौशल किशोर पांडेय को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। गोलमुरी पुलिस लाइन से अरविंद कुमार को बर्मामाइंस थाना में जेएसआई बनाया गया है।

बिष्टुपुर ट्रैफिक थाना के कामाख्या पासवान और बिष्टुपुर ट्रैफिक के रमेश कुमार पांडेय को साकची यातायात थाना में जेएसआई (जुनियर सब इंसपेक्टर) के रूप में तैनात किया गया है। यातायात शाखा में भी कई बदलाव किए गए हैं।

## धनबाद कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस जांच में जुटी

**धनबाद।** जिला सिविल कोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आई। गुरुवार को सूचना मिलते ही पुलिस की टीम कोर्ट परिसर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर डॉग स्क्वायड व मेटल डिटेक्टर के साथ सघन जांच शुरू की। इस जांच अभियान के दौरान डॉग स्क्वायड की मदद से कोर्ट परिसर के कोने-कोने की तलाशी ली गई। परिसर में खड़े सभी वाहनों की भी मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। जिससे किसी भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री की मौजूदगी की संभावना को पूरी तरह खारिज किया जा सके। इस दौरान डीएसपी डीएन बंका, धनबाद थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। पुलिस कोर्ट परिसर में आने-जाने वाले लोगों पर भी कड़ी नजर रखे हुए है। डीएसपी डीएन बंका ने कहा कि वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर कोर्ट परिसर में संघन जांच पड़ताल की चल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी इस जांच पड़ताल में शामिल है। वहीं धनबाद सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी फिर से मिली थी। जिसके आलोक में कोर्ट की सघन जांच की गई है।

### धनबाद में फूड सेफ्टी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 1400 किलो मिलावटी पनीर और वेजिटेबल ऑयल जब्त

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ फूड सेफ्टी विभाग ने गुरुवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में मिलावटी पनीर और वेजिटेबल ऑयल जब्त किया। पूजा टॉकीज इलाके में गोपनीय सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में करीब 1400 किलो मिलावटी पनीर और वेजिटेबल ऑयल के 6 टिन बरामद किए गए, जिसकी अनुमानित कीमत 2 से 3 लाख रुपये बताई जा रही है। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे फूड सेफ्टी अधिकारी डॉ। राजा कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बिहार से आने वाली बुंदेला एसी बस के जरिए यह पनीर धनबाद लाया जा रहा था। आशंका है कि इसे शहर के विभिन्न बाजारों में खपाने की तैयारी थी। सूचना मिलने के बाद फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बस से पूरी खेप को जब्त कर लिया। मौके पर ही पनीर की प्राथमिक जांच के लिए स्टार्च टेस्ट किया गया, जिसमें सभी नमूने फेल पाए गए। शुरुआती जांच में पनीर के मिलावटी और निम्न गुणवत्ता के होने की पुष्टि हुई। अधिकारियों के मुताबिक लैब रिपोर्ट आने के बाद संबंधित आपूर्तिकर्ताओं और कारोबारियों के खिलाफ फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

लॉटरी आयोजन का स्थगति से सम्बंधित आम सूचना

ज्ञापांक.......................दिनांक.......................

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तृतीय फेज में गढ़वा नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सदर हॉस्पीटल, गढ़वा के सामने 19 दुकानों का लॉटरी के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया उपायुक्त महोदय, गढ़वा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 17.03.2026 को समय 12:00 बजे अपराहन् से मल्टीपरपस कल्चरल कॉम्पलेक्स, चिनिया मोड़, गढ़वा में आयोजन किया गया था, जिसका PR No.- 374582 है। उक्त लॉटरी कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

PR 374850 Urban Development(25-26).D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा


**कार्यालय नगर परिषद्, चतरा, पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)- 825401**

दुरभाष : 06541–253030, ई-मेल : npchatra@gmail.com

पत्रांक– 241 / न0प0, दिनांक– 12.03.2026

**नोटिस**

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धार 184 (1) (ड) के अनुसार बकायेदार के नाम, बैंक खाता तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारित हो जब्त करने और वसूल करने हेतु वारंट निर्गत करने का प्रावधान है, जिसके तहत संबंधित बकायेदारों के बैंक खातों को फ्रीज करने एवं बकाया राशि की वसूली हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के आलोक में सुसंगत धाराओं से प्रदत्त शक्तियों के तहत बकायेदारों के आधार सं0 / मोबाईल संख्या से लिंक बैंक खाता को फ्रीज करते हुए बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि या उससे कम जो भी राशि बैंक में संधारित है, को भारतीय स्टेट बैंक, बाजार शाखा, चतरा में नगर परिषद्, चतरा का संचालित खाता संख्या– 35584056673, IFSC कोड– SBIN0010776 में हस्तांतरित करने की कार्रवाई की जा रही है।

| Sl. No. | Ward No. | Holding No. | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Demand From | Demand upto | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 1 | '0010000201000C1 | RAJESH KUMAR AGRAWAL | RAMJIVAN LAL AGRWAL | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 425272.00 |
| 02 | 1 | '0010000232000A1 | GAYATRI DEVI | RAM KUMAR SINGH | CHATRA | 2/2022-2023 | 4/2025-2026 | 78756.00 |
| 03 | 1 | '0010000432000M0 | Laxman Lal gupta | TINKULAL GUPTA | chaur mohalla | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 65401.00 |
| 04 | 1 | '0010000563000I1 | KARIYALAY PATH NIRMAN CHATRA | KARIYALAY | PWD CHATRA | 1/2022-2023 | 4/2025-2026 | 62560.00 |
| 05 | 1 | '0010000562000I2 | GODAWN,PATH NIRMAN VIBHAG | NIRMAN VIBHAG | PWD CHATRA | 1/2022-2023 | 4/2025-2026 | 17654.00 |
| 06 | 2 | '0020000454000M0 | YASHODA DEVI | SANJAY KUMAR | Awall muhalla | 1/2021-2022 | 4/2025-2026 | 55161.00 |
| 07 | 2 | '0020000161000F2 | RAJNI KANT SINHA | PARSU RAM PRASAD | CHATRA | 3/2022-2023 | 4/2025-2026 | 20375.00 |
| 08 | 2 | '0020000274000A1 | VAN PARMANDAL PADADHIKARI UTRI KARAMCHARI AWAS | | CHATRA | 1/2023-2024 | 4/2025-2026 | 19799.00 |
| 09 | 2 | '0020000420000M0 | PRASHANT KUMAR GOYAL | | DARJIBIGHA, AWALL MUHALLA CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 17155.00 |
| 10 | 2 | '0020000307000A1 | SANJAY KUMAR DWIVEDI | RAJDEO DWIVEDI | AWWAL MOHALLA CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 15133.00 |
| 11 | 3 | '0030000296000M0 | MOHIUDDIN AND OTHERS | HAFIZ ABDUL KARIM | Dargibigha chatra | 1/2020-2021 | 4/2025-2026 | 28800.00 |
| 12 | 3 | '0030000329000M0 | HEWANTI DEVI | JAWAHAR PRAJAPATI | DHANGERTOLI CHATRA | 1/2022-2023 | 4/2025-2026 | 27510.00 |
| 13 | 3 | '0030000128000X4 | MD NAUSHAD MASOOD | MASOOD ALAM | GUDRI BAZAR CHATRA | 3/2025-2026 | 4/2025-2026 | 21230.00 |
| 14 | 3 | '0030000299000M0 | MASOMAT ARJUN DARJIN | RAJBI KHALIFA | DARJI BIGHA CHATRA | 1/2020-2021 | 4/2025-2026 | 19740.00 |
| 15 | 3 | '0030000130000A1 | RAGINI GUPTA | TARKESHWAR PRASAD | CHATRA | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 16795.00 |
| 16 | 4 | '0040000546000M0 | MEHRUN Masomat | LT ISHMAIL | Darji bigha chatra | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 37130.00 |
| 17 | 4 | '0040000586000M0 | SRIMATI SUSHMA SINHA | DEEPAK KUMAR SINHA | ZATRAHI BAGH | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 17476.00 |
| 18 | 4 | '0040000572000M0 | Kumari nidhi verma | SANJAY KUMAR | DARJI BIGHA | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 14234.00 |
| 19 | 4 | '0040000726000M0 | MANOJ KUMAR JAISWAL | SHAMBHU PRASAD JAISWAL | RANI BAGECHA BUCHI DADHI CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 13760.00 |
| 20 | 4 | '0040000595000M0 | MD SULEMAN KHALIFA | LT TAJJU KHALIFA | DARGI BIGHA | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 12728.00 |
| 21 | 5 | '0050000250000X1 | VINAY KUMAR VERMA, SANJAY KUMAR VERMA, SANTOSH KUMAR VERMA, VIKASH KUMAR VERMA, ARVIND KUMAR VERMA | | MAIN ROAD CHATRA | 3/2018-2019 | 4/2025-2026 | 106407.00 |
| 22 | 5 | '0050000170000A1 | DEEPAK KUMAR VERMA | GOURI SHANKAR PRASAD | NEAR BOYS HIGH SCHOOL, MAIN ROAD CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 48293.00 |
| 23 | 5 | '0050000212000M0 | MAMTA DEVI | MOHAN LAL KHANDELWAL | Churihar muhalla chatra | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 26693.00 |
| 24 | 5 | '0050000254000X1 | NUTAN VERMA | DEEPAK KUMAR VERMA | NEAR BOYS HIGH SCHOOL, MAIN ROAD CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 24148.00 |
| 25 | 5 | '0050000179000A1 | KAMLA DEVI | MANHAR PRSAD SONI | CHATRA dhangartoli | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 22802.00 |
| 26 | 6 | '0060000187000X3 | MD. AHSAN | MD HANIF | Main raod keshri chouk chatra | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 44296.00 |
| 27 | 6 | '0060000177000X4 | VIJAY PRASAD KESHRI | NARAYAN SAW | GUDRI BAZAR, CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 35232.00 |
| 28 | 6 | '0060000081000C2 | Asama khatoon | | KHAINI GOLA CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 26676.00 |
| 29 | 6 | '0060000261000D2 | MURARI PRASAD | RAM NARAYAN PRASAD KESHRI | Main raod keshri chouk chatra | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 23965.00 |
| 30 | 6 | '0060000142000X1 | BANWARI LAL KHANDELWAL | | MAIN ROAD NEAR BOYS HIGH NSCHOOL | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 23020.00 |
| 31 | 7 | '0070000150000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | . | CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 50088.00 |
| 32 | 7 | '0070000119000X3 | RAJESH KUMAR JAISWAL & OTHERS | LT NARENDER PRSAD JESWAL | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 49036.00 |
| 33 | 7 | '0070000151000D1 | JAGTENDRA PRASAD JAISWAL H.U.F | . | CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 49012.00 |
| 34 | 7 | '0070000187000A3 | MD GULAM SARWAR | | AWALL MUHALLA, NEAR TOWN HALL CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 17744.00 |
| 35 | 7 | '0070000143000M0 | MD MUTUJA | LT HAKIM NUR MOHMAD | Shahadatt chouk bind mohall neem khet chatra | 1/2022-2023 | 4/2025-2026 | 16832.00 |
| 36 | 8 | '0080000282000M0 | Lt. Banarasi Panda | | Dibha Mohalla Chatra | 1/2021-2022 | 4/2025-2026 | 37503.00 |
| 37 | 8 | '0080000243000M0 | BIBI RUKSHANA BEGUM BIBI AFSANA KHATUN & | MD IKBAL & MD JADIR | Bind muhalla ansar nagar chatra | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 17795.00 |
| 38 | 8 | '0080000249000A4 | MD SABIR ANSARI AND OTHERS | LT ABDUL SAKUR | BIND MOHALLA ANSAR NAGAR CHATRA | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 15568.00 |
| 39 | 8 | '0080000008000A3 | MD. MANJUR ALAM | MD MANSOOR ALAM | BIND CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 13422.00 |
| 40 | 8 | '0080000292000M0 | KOILI DEVI | GOBARDAN MISTRI | CHATRA | 1/2022-2023 | 4/2025-2026 | 12947.00 |
| 41 | 9 | '0090000112000D1 | MD ABDULLAH,MD ABDULLAH | JEHAL MIYAN JEHAL MIYAN | CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 14204.00 |
| 42 | 9 | '0090000185000X1 | KRISHNA DEVI | MADAN GOPAL | NAIKI TALAB CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 13344.00 |
| 43 | 9 | '0090000041000A1 | SANTOSH KUMAR | LATE JAGDISH PRASAD | DIWANKHANA MOHALLA CHATRA | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 13307.00 |
| 44 | 9 | '0090000079000X1 | ASHOK KUMAR & OTHER | BHUNESHWAR SHAU | MAIN ROAD CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 11994.00 |
| 45 | 9 | '0090000056000A1 | DILIP MISTRI | SHANKAR MISTRI | NAIKI TALAB CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 8936.00 |
| 46 | 10 | '0100000105000C1 | MD. ABDAL | GULAM MUSTAFA | CHATRA | 1/2017-2018 | 4/2025-2026 | 12614.00 |
| 47 | 10 | '0100000142000A1 | MD. KALAM | LT MD HALIM | SAHADAT CHOUK BIND MOHALL | 2/2019-2020 | 4/2025-2026 | 11261.00 |
| 48 | 10 | '0100000003000A4 | NARESH SAW | LATE TILAK SAW | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 9489.00 |
| 49 | 10 | '0100000161000M0 | MD MUKHTAR ALAM | MD REYAZ UDDIN ANSARI | KHAINI GOLA ROAD, CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 8896.00 |
| 50 | 10 | '0100000124000A3 | SANTI DEVI MOSOMAT | LET.MOHAN CHOUDHRY | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 5828.00 |
| 51 | 11 | '0110000083000A4 | JIATUN NISHA | LATE HAJI MD QURBAN ALI | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 11484.00 |
| 52 | 11 | '0180000077000X1 | BINDIYA DEVI | BASUDEO PRASAD RANA | Marwari muhalla near_gandouri mandir Chatra | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 10732.00 |
| 53 | 11 | '0110000169000A4 | Mohammad Osama | LT HAFIZ MD KHALIL | Line muhalla rahmat chowk | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 7767.00 |
| 54 | 11 | '0110000014000A1 | MD. ILYAS | MD.ISHAAK | RAHMAT NAGAR,CHATRA | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 6965.00 |
| 55 | 11 | '0110000015000A3 | MD KALAM | SUJAED MINYA | RAHMAT NAGER CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 6635.00 |
| 56 | 12 | '0120000387000M0 | Mulchand saw | Sita saw | Chatra | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 145120.00 |
| 57 | 12 | '0120000389000M0 | KISHUN SINGH OTHERS | LT BHOLA SINGH | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 86924.00 |
| 58 | 12 | '0120000410000M0 | Pacho Devi & Droupadi Devi | Niranjan prasad & Gopal prasad | Bind muhalla chatra | 1/2020-2021 | 4/2025-2026 | 84141.00 |
| 59 | 12 | '0120000300000L1 | Maulana azad inter mahavidyalay chatra | MD SHAHABUDDIN | Line mohalla azad nager chatra | 3/2017-2018 | 4/2025-2026 | 35652.00 |
| 60 | 12 | '0120000386000M0 | MUSTAFA, YUSUF, MD SUMAN USMAN, KHURSHEED, ABDUL MANNAN | ABDUL GAFUR | CHATRA | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 23790.00 |
| 61 | 13 | '0130000240000A2 | Mahmood Alam | ABDUL KARIM | CHATRA azad nagar | 1/2017-2018 | 4/2025-2026 | 14566.00 |
| 62 | 13 | '0130000404000A4 | Mahaveer saw | LT GOVARDHAN SAW | CHATRA Chiraiya tand | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 13946.00 |
| 63 | 13 | '0130000320000A3 | MD.Umar | SULEMAN MIYAN | CHATRA Rashid nagar | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 11393.00 |
| 64 | 13 | '0130000248000M0 | MD Shahazad gani | MD SAMSUL BARI | Kishunpur | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 11052.00 |
| 65 | 13 | '0130000392000M0 | Chamru / heman teli | CHUBA SAW | CHATRA kisunpur tongari | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 10936.00 |
| 66 | 14 | '0140000231000X1 | ABRA KHATUN | MD. MURSALIN | LINE MUHALLA LIYAQAT ALI ROAD | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 12432.00 |
| 67 | 14 | '0140000166000A4 | MD KAISAR ANSARI | | LINE MUHALLA KHANQUA ROAD | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 10013.00 |
| 68 | 14 | '0140000141000A1 | ALIM UDDIN ZAYA | HAKIM MD ZAYAUDDIN | BIND MOHALLA CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 7724.00 |
| 69 | 14 | '0140000037000A1 | SUMITRA DEVI | LATE BADRI PRASAD | LINE MOHALLA CHATRA | 1/2017-2018 | 4/2025-2026 | 7674.00 |
| 70 | 14 | '0140000071000A3 | ZAHIDA KHATOON | LATE MOIN UDDIN | LINE MOHALLA, CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 7597.00 |
| 71 | 15 | '0150000493000M0 | FULIYA KUMHAIN | DAYAL BHAGAT | Kisunpur chatra | 1/2021-2022 | 4/2025-2026 | 46441.00 |
| 72 | 15 | '0150000489000M0 | Masomat Sitwa | Badhan Kumhar | Kishunpur , Chatra | 1/2021-2022 | 4/2025-2026 | 39646.00 |
| 73 | 15 | '0150000319000A1 | RAMBACHAN SAW AND GANDOURI SAW | SAHADEV SAW | KESHUNPUR CHATRACHATRA | 1/2017-2018 | 4/2025-2026 | 17132.00 |
| 74 | 15 | '0150000398000A1 | ANIMESH PATHAK | RAJ KUMAR PATAK | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 15280.00 |
| 75 | 15 | '0150000343000M0 | DHANA DEVI URF DHANESHWARI DEVI | RAMU YADAV | KISHUNPUR CHATRA | 4/2017-2018 | 4/2025-2026 | 14987.00 |
| 76 | 16 | '0160000196000X1 | MD SHAHID AZAM | JAMILUR RAHMAN | LINE MOHALLA CHATRA | 2/2023-2024 | 4/2025-2026 | 17433.00 |
| 77 | 16 | '0160000259000J1 | RAMBHAJAN GOP,RAMBHAJAN GOP | ,LT RAMDAS GOP | Line muhall chatra | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 17168.00 |
| 78 | 16 | '0160000415000X1 | MD Fujail | REYAJUDDIN | LINE MUHALLA CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 12076.00 |
| 79 | 16 | '0160000313000A3 | PRAKASH SAW | KAILU SAW | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 11197.00 |
| 80 | 16 | '0160000333000A3 | Ramdulari Devi | PRAYAG SAHU | LINE Mohalla Near Santoshi Mandir | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 10948.00 |
| 81 | 17 | '0170000367000X4 | SHIV DEVI | GANESH KUMAR | OLD PETROL PUMP CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 42672.00 |
| 82 | 17 | '0170000313000D1 | BHIM JEE ARYA | KANHAIYA LAL ARYA | MAIN ROAD CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 25756.00 |
| 83 | 17 | '0170000131000X1 | KULESHWAR SAW | | LINE MOHALLA CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 24728.00 |
| 84 | 17 | '0170000282000X1 | MANOJ KUMAR AND OTHERS | SITARAM KESARE | OLD PETROL PUMP | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 24369.00 |
| 85 | 17 | '0170000499000X1 | PUSPHA VERMA | SANJAY KUAMR VERMA | MARWARI MUHALLA CHATRA | 3/2017-2018 | 4/2025-2026 | 22215.00 |
| 86 | 18 | '0180000065000F1 | ANAND TAMBI | GOPAL TAMBI | JUMDA MARWARI MUHALLA CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 22184.00 |
| 87 | 18 | '0180000110000X1 | SITARAM KHANDELWAL | LT MURARI LAL KHANDELWAL | MAIN ROAD CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 15164.00 |
| 88 | 18 | '0180000044000A1 | SHANTI DEVI | MAHESH SAHU | CHATRA | 1/2017-2018 | 4/2025-2026 | 12652.00 |
| 89 | 18 | '0180000136000C2 | MAHENDRA KUMAR JAIN | LT PHALCHANDA JAIN | GANDOURI TALAB JATRAHIBAGH CHATRA | 1/2023-2024 | 4/2025-2026 | 12027.00 |
| 90 | 18 | '0180000213000A2 | BIRENDRA KUMAR | BECHAN SAW | Gandouri talab chatra | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 11492.00 |
| 91 | 19 | '0190000118000X1 | PRADIP KUMAR | RITLAL SAW | CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 258044.00 |
| 92 | 19 | '0190000308000L4 | BALKALAYAN SAMITI, CHATRA | | INDUMATI TIBREWAL SARSWATI VIDAYA MANDIR DIBHA, CHATRA | 4/2024-2025 | 4/2025-2026 | 149330.00 |
| 93 | 19 | '0190000638000X4 | KAMAL KRISHAN LAL GUPTA | NAND LAL GUPTA | GANDOURI MANDIR CHATRA | 2/2019-2020 | 4/2025-2026 | 38805.00 |
| 94 | 19 | '0190000361000M0 | SAIBAL KUMAR DATTA | SUSHANT KUMAR DATTA | THANA ROAD JATRAHIBAG CHATRA | 3/2023-2024 | 4/2025-2026 | 34189.00 |
| 95 | 19 | '0190000412000X1 | SRI RAJENDRA PRASAD KESHRI | | CHHAT TALAB ROAD CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 31472.00 |
| 96 | 20 | '0200000660000I1 | Court | . | Court | 4/2024-2025 | 4/2025-2026 | 281411.00 |
| 97 | 20 | '0200000766000I4 | VIKASH BHAWAN CHATRA | | CHATRA | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 90312.00 |
| 98 | 20 | '0200000767000I1 | VIKASH BHAWAN D R D A PRASHIKSHAN BHAWAN | | CHATRA | 1/2021-2022 | 4/2025-2026 | 74253.00 |
| 99 | 20 | '0200000538000M0 | AJAY KUMAR AGRAWAL | SUDHIR KUMAR AGRAWAL | SURHI CHATRA | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 63360.00 |
| 100 | 20 | '0200000537000M0 | SHRIKANT PRASAD PRADHAN | AMBIKA PRASAD | SURHI CHATRA | 1/2018-2019 | 4/2025-2026 | 23084.00 |
| 101 | 21 | '0210000326000X1 | JILA PARISHAD KARYALAY CHATRA | D.D.C/C.E.O | JILA PARISHAD NEAR DC OFFICE CHATRA | 4/2021-2022 | 4/2025-2026 | 709302.00 |
| 102 | 21 | '0210000243000M0 | Jagni Devi,BAIGOVIND SAW & NANDKISHOR SAW | RAM PRASAD SAW,JODHAN SAW | Nagwa chatra | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 97120.00 |
| 103 | 21 | '0210000369000L1 | R K Mahto Hospital &Research centre | HEALTH CARE TRUST | Nagwan chatra | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 29064.00 |
| 104 | 21 | '0210000429000X1 | NIRMAL KUMAR DANGI & OTHERS | .LT JANKI MAHTO | COLLEGE ROAD NEAR DC OFFICE CHATRA | 1/2025-2026 | 4/2025-2026 | 15740.00 |
| 105 | 21 | '0210000053000A1 | MADHESHWARI DEVI | SATYDEO DUBE | NAGWAN | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 15694.00 |
| 106 | 22 | '0220000295000M0 | Manoj Kumar jaiswal & others | SHAMBHU PRASAD JAISWAL | Nagwan,chatra college road | 1/2019-2020 | 4/2025-2026 | 15998.00 |
| 107 | 22 | '0220000223000A1 | DEWANTI DEVI | | NAGWAN CHATRA | 1/2020-2021 | 4/2025-2026 | 11540.00 |
| 108 | 22 | '0220000452000M0 | Dewanti devi and bimla devi | BHUNESHWAR PODDAR & RAM RATAN SWARKAR | Lipda road nagwan chatra | 1/2020-2021 | 4/2025-2026 | 11327.00 |
| 109 | 22 | '0220000115000A4 | SARO MOSOMAT | LATE. MANTA PRASAD | NAGWAN CHATRA | 1/2016-2017 | 4/2025-2026 | 11264.00 |
| 110 | 22 | '0220000480000A1 | ANJU | MANOJ KUMAR GUPTA | Raj Nagar jatrahibag nagwan | 1/2024-2025 | 4/2025-2026 | 9440.00 |

PR 374919 Urban Development (25-26)_D

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

# ट्रक से ढाई करोड़ रुपये का 433 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

- अंतरराज्यीय तस्करी का भंडाफोड़, गिरफ्तार आरोपियों में एक बिहार और दूसरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पुलिस को अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बारह चक्का ट्रक से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद किया है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत करीब ढाई करोड़ रुपये आंकी गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने गुरुवार को सदर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि, बुधवार की मध्य रात्रि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि, एक बारह चक्का ट्रक संख्या JH12H 9099 लोहरदगा जिले की सीमा में प्रवेश कर चुका है। उसमें भारी मात्रा में गांजा की अंतरराज्यीय तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किस्को वेदांत शंकर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने कचहरी मोड़ रेलवे ओवरब्रिज के पास बैरिकेडिंग लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक के केबिन में बने एक गुप्त बॉक्स से गांजा के पैकेट बरामद किए गए। गिनती करने पर कुल 154 पैकेट गांजा मिला, जिसका कुल वजन लगभग 433 किलोग्राम पाया गया। प्रत्येक पैकेट का वजन लगभग 2 किलोग्राम से 5 किलोग्राम के बीच था, जबकि अधिकांश पैकेट 3 से 5 किलोग्राम के थे। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शमशेर अली उम्र करीब 48 वर्ष, पिता स्वर्गीय चांद मोहम्मद, निवासी मांझी, हसन अली बाजार, थाना मांझी, जिला सारण बिहार तथा इकराम खान उम्र 55 वर्ष, पिता स्वर्गीय मोहम्मद करम खान, निवासी फैजाबाद रोड बाईपास गिर्द, थाना नगर, जिला गोंडा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 154 पैकेट में 433 किलोग्राम गांजा, एक बारह चक्का ट्रक (संख्या JH12H 9099) तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इस संबंध में लोहरदगा थाना कांड संख्या 52/26 दिनांक 12 मार्च 2026 दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(b)(ii)(C), 22(c) एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वेदांत शंकर, निर्मल मार्शल मिंज, विपिन हजाम, बुधराम सिंह मुंडा सहित लोहरदगा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## धूमधाम से निकाली गई सरहुल की शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत गगेया में आदिवासी रीति रिवाज के साथ बहुत ही धूमधाम से प्रकृति पर्व सरहुल मनाया गया.सरहुल के अवसर पर गांव के पाहन और पुजार द्वारा साल वृक्ष का पूजा अर्चना करने के पश्चात सरहुल पूजा समिति के बैनर तले भव्य शोभा यात्रा निकाला गया. जिसमे बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण आदिवासी वेशभूषा में महिला पुरुष व बच्चे बच्चियों ने शामिल हो कर ढोल मांदर व नगाड़ा के थाप पर नाचते झूमते नजर आये । जिसे गीत संगीत की आवाज से गांव गुंजायमान हो रहा था. वही पाहन सुरेंद्र उरांव और पुजार बासुदेव उरांव द्वारा बताया गया की सरहुल पूजा कर गांव की खुशहाली के लिये तथा अच्छी फसल होने के लिये और क्षेत्र की सुख समृद्धि व शांति के लिये मङ्गल कामना किया गया। सरहुल शोभा यात्रा गांव के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए सरना स्थल पंहुचा जहां पर सभी लोग नाचते झूमते हर्षोल्लाष के साथ खुशियां मना रहे थे.गांव के सभी लोगों द्वारा सरहुल शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया.साथ ही पाहन पुजार के द्वारा गांव में फूल वितरण किया गया. वही सरहुल शोभा यात्रा में सभी जाति धर्म समुदाय के लोग शामिल हो कर एकता व भाईचारा का संदेश देते नजर आये इस दौरान बच्चे और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया।

## बोलेरा के धक्के से 13 वर्षीय युवती घायल,ग्रामीणों में आक्रोश



**बालूमाथ।** बृहस्पतिवार शाम को थाना अंतर्गत पांकी मुख्य मार्ग अंबेडकर नगर में बोलेरा संख्या JH13 C 7105 के टक्कर से 13 वर्षीय युवती असमृति कुमारी पिता स्वर्गीय कैलाश राम अम्बेडकर नगर बालूमाथ गंभीर रूप से घायल हो गई है।जिसे आनन फानन में परिजन बालूमाथ सामुदायिक केंद्र पहुंचाया है।जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अस्मृति मुहल्ले में हो रहे शादी समारोह में आई थी जहां तेज रफ्तार बोलेरो ने अपने चपेट में ले लिया।जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने गाड़ी को छती पहुंचाने की प्रयास कर रही थी कि मौके पर पहुंची बालूमाथ ने मामले को शांत करते हुए गाड़ी को टरो कर थाना ले गई है और अग्रतर कार्रवाई कर रही है।ग्रामीणों में इतनी आक्रोश थी कि भारी संख्या में घटना स्थल पर पहुंच गए जिससे गाड़ियों का आवागनम बाधित हो गया।वहीं इस घटना के बाद परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

## गैस उपभोक्ताओं की परेशानी दूर करने को जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन ने एलपीजी गैस उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में हो रही असुविधाओं को दूर करने के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के अनुसार, यदि किसी उपभोक्ता को गैस की कमी, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की वसूली, कालाबाजारी या किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, तो वे सीधे मोबाइल नंबर 6299198094 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के निवारण हेतु टीम सक्रिय है और जांच में दोषी पाए जाने वाले गैस डीलरों या बिचौलियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जागरूक बनें और किसी भी समस्या की स्थिति में बेझिझक उक्त नंबर पर संपर्क करें।

## कार की चपेट में आकर महिला की मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुड़ू - लोहरदगा।** शंख लुकैया पथ कुडू थानां क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना चापी और कुंडगधा की सीमा स्थित एक ईंट भट्ठे के समीप उस समय हुई जब तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार बढकी चापी के खखसी टोला निवासी मुन्ना देवी 50 वर्ष, पति स्व. कैलाश उरांव, एक अन्य महिला के साथ जंगल जा रही थीं। इसी दौरान कुजरा से डालटेंगन बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और मुन्ना देवी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क किनारे स्थित जामुन के पेड़ से टकराकर पुलिया के नीचे जा गिरी।

इस हादसे में मुन्ना देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ चल रही दूसरी महिला किसी तरह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रही। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें एक महिला भी घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शंख लुकैया पथ को जाम कर दिया और मृतका के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख, अंचलाधिकारी, स्थानीय मुखिया, उपमुखिया हेना तिवारी तथा पिकेट प्रभारी सब्बिरुद्दीन अंसारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। इस दौरान अंचलाधिकारी संतोष उरांव ने मानवीय पहल करते हुए मृतका के अंतिम संस्कार के लिए अपने निजी कोष से पांच हजार रुपये की सहायता दी।

## पुलिसकर्मियों को नए आपराधिक कानून बीएनएस-2023 की दी गई ट्रेनिंग

**बानो।** बानो पुलिस निरीक्षक कार्यालय में गुरुवार को सर्किल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों की बैठक आयोजित कर उन्हें भारतीय न्याय संहिता 2023 के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में बानो, कोलेबिरा, जलडेगा और महाबुआंग थाना के साथ गिर्दा, बांसजोर एवं ओड़गा ओपी के पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल हुए। इसमें 20 अध्यायों के अंतर्गत 358 धाराएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध, संगठित अपराध तथा डिजिटल साक्ष्य के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया है।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व सुधार के लिए डीएलएसए परिसर में दो दिवसीय शिविर शुरू

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ. ताराचंद के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर में विशेष मतदाता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और त्रुटियों में सुधार करना है। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जहाँ नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्रपत्र-06 भरे गए। इसके अलावा मतदाता सूची से नाम हटाने या शामिल करने के लिए प्रपत्र-07 और नाम, एपिक नंबर में सुधार, दिव्यांगजन चिन्हीकरण या निवास स्थानांतरण के लिए प्रपत्र-08 के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए गए। प्रशासन ने सूचित किया है कि यह शिविर शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को भी आयोजित किया जाएगा। जो नागरिक आज अपने आवेदन जमा नहीं कर पाए हैं, वे कल डीएलएसए परिसर पहुंचकर संबंधित प्रपत्रों के साथ अपनी प्रविष्टियों में सुधार या नए नाम जुड़वाने का कार्य करा सकते हैं। जिला प्रशासन ने पात्र युवाओं और नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### झारखंड में लोहरदगा का डंका

## नवाडीपाड़ा स्कूल बना राज्य का नंबर-1 स्वच्छ प्राथमिक विद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के पीएम श्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय, नवाडी पाड़ा ने 'मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार' के तहत प्रारंभिक विद्यालय (शहरी क्षेत्र) की श्रेणी में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। विद्यालय ने मूल्यांकन के सभी कड़े मानकों पर 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्वर्ण प्रमाण पत्र हासिल किया है। रांची स्थित होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### इन मानकों पर मिली शत-प्रतिशत सफलता

विद्यालय ने स्वच्छता और पर्यावरण के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाकर यह मुकाम हासिल किया है। मुख्य रूप से: पर्यावरण: किचन गार्डन, प्लास्टिक मुक्त परिसर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान।

स्च्छ ता: माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, सुलभ व दिव्यांग अनुकूल शौचालय, रनिंग वाटर और हैंडवॉश व्यवस्था।

पोषण: पौष्टिक मध्याह्न भोजन और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता।

व्यवहार: बच्चों में इको क्लब और मिशन लाइफ के जरिए व्यावहारिक बदलाव।

### स्वस्थ बच्चे ही करेंगे तीव्र मानसिक विकास: एचएम

विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रधानाध्यापक अरुण राम ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर बच्चों को दिए गए संस्कार ही उनके भविष्य की नींव बनते हैं। उन्होंने कहा, "जब बच्चे साफ और स्वच्छ रहेंगे, तभी वे स्वस्थ रहेंगे और स्वस्थ शरीर में ही तीव्र मस्तिष्क का विकास होता है।" उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की एकजुटता को दिया।

### बच्चों के नेतृत्व में चल रहा अभियान

नोडल शिक्षक राहुल कुमार ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को विभिन्न समूहों में बांटकर जिम्मेदारी दी गई है। बच्चे स्वयं स्वच्छता और अनुशासन का नेतृत्व करते हैं, जिससे उनमें लीडरशिप क्वालिटी विकसित हो रही है।

यही कारण है कि यहाँ के बच्चे न केवल स्वच्छता, बल्कि खेलकूद, पेंटिंग, वाद-विवाद और क्विज़ जैसी प्रतियोगिताओं में भी लगातार पुरस्कार जीत रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजूषा उरांव, सुमित्रा टोप्पो, नीलम कुमारी, उजबेला तिर्की सहित जिले के गणमान्य लोगों ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

### पंचायत स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक हुई

## स्कूलों में चाहरदीवारी निर्माण को लेकर प्रस्ताव भेजा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा के भौरो पंचायत भवन में गुरुवार को प्रजायत्न के तत्वावधान में पंचायत स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें पंचायत के सभी स्कूलों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अभिभावक सदस्य और आंगनबाड़ी के सेविका शामिल हुए। पंचायत की मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रजायत्न के राम बाबु, जितेन दास, अनिल त्रिपाठी, पूनम टोप्पो आदि द्वारा स्कूलों में एसएमसी सदस्यों की भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गईं। स्कूल में बच्चों का नामांकन, उपस्थिति के साथ समस्याओं पर भी चर्चा की गईं। मुखिया ने बताया कि स्कूलों में पानी की समस्या को दुर करने के लिये योजना तैयार की जा रही है। बहुत जल्द स्कूलों में पानी की समस्या दुर हो जाएगी। इसके अलावे चाहरदीवारी निर्माण का प्रस्ताव भी जिला भेज दिया गया है। निविदा के बाद इस पर काम आरंभ हो जाएगा।

पंचायत सचिव अजय उरांव ने पंचायत भवन में संचालित पंचायत ज्ञान केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि इसका लाभ बच्चे उठा सकते हैं। बैठक में पंचायत मोबिलाइजर रामजीवन उरांव, उपमुखिया बसंती देवी, ग्राम प्रधान अमन उरांव आदि उपस्थित थे।

## सरना और सनातन का दिखेगा अनूठा संगम 19 मार्च को लोहरदगा में सजेगी भव्य शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पावरगंज स्थित रामकली स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को जय श्रीराम समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक लक्ष्मी भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी नववर्ष विक्रम संवत की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यक्रम की सफलता हेतु रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भगवा ध्वज फहराकर और पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

### भव्य शोभायात्रा और भक्ति जागरण

मुख्य प्रभारी लक्ष्मी भगत ने बताया कि आगामी 19 मार्च को नववर्ष विक्रम संवत के पावन अवसर पर सुबह 11 बजे ललित नारायण स्टेडियम से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा की विशेषता सरना और सनातन संस्कृति का समागम होगी। शोभायात्रा के समापन के बाद स्टेडियम परिसर में ही विशाल भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी सनातनी बंधुओं से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कोर कमेटी की सदस्य सुषमा सिंह ने जानकारी दी कि जय श्रीराम समिति विपरीत परिस्थितियों में भी निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करते हुए अपने 19 वर्ष पूरे करने जा रही है। विशेष संयोग यह है कि 19 मार्च को समिति अपना स्थापना दिवस भी मनाएगी। वहीं, संरक्षक परमेश्वर साहू ने कहा कि यह शोभायात्रा क्षेत्र में प्रेम, उमंग और धर्म-संस्कृति की मिसाल पेश करती रही है।

### पारंपरिक वाद्य यंत्रों और अस्त्र-शस्त्रों से सजेगी यात्रा

समिति के सदस्य शैलेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा बीते वर्षों की तुलना में अधिक भव्य होगी। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के प्रदर्शन के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूमते नजर आएंगे।

## आईएचआईपी पोर्टल पर बेहतर कार्य करने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र सम्मानित

**कुड़ू - लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू के सभागार में स्वास्थ्य कर्मियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर अस्पताल लोहरदगा के उपाधीक्षक डॉ. शंकर प्रसाद ने की। इस दौरान वर्ष 2025 में आईएचआईपी पोर्टल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड के तीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों को सम्मानित किया गया। जिला सर्विलांस कार्यालय लोहरदगा की ओर से आईएचआईपी पोर्टल पर नियमित व सर्वाधिक रिपोर्टिंग करने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र हनहट को प्रथम, स्वास्थ्य उपकेंद्र कौरो को द्वितीय तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र जिंगी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। डॉ. शंकर प्रसाद ने बताया कि इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईडीएसपी) के तहत संचालित इंटीग्रेटेड हेल्थ इन्फॉर्मेशन पोर्टल (आईएचआईपी) के माध्यम से जिले में फैलने वाली बीमारियों की नियमित निगरानी की जा रही है। एएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी और बहुउद्देशीय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन मिलने वाले मरीजों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करते हैं। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन संचालित है।

## कांग्रेस सबसे पुरानी व लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली पार्टी है : धीरज प्रसाद

- पार्टी का लक्ष्य आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है
- बैठक में मौजूद नेताओं और पर्यवेक्षकों ने चुनाव को लेकर अपने-अपने सुझाव भी साझा किए

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** पश्चिम बंगाल में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने भी चुनावी रणनीति को मजबूत करने के उद्देश्य से नवनियुक्त पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक कोलकाता स्थित बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमिटी भवन में आयोजित की। बैठक में विभिन्न जिलों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों के साथ चुनावी तैयारियों, संगठन की मजबूती और जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा से जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। आने वाले चुनाव में भी पार्टी जनता के विश्वास को जीतने के लिए पूरी ताकत से काम करेगी। उन्होंने सभी नवनियुक्त पर्यवेक्षकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को मजबूत करें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करें।

### सरहुल और ईद के बीच परीक्षा पर आपत्ति

## एनएसयूआई ने जेएसएससी से तिथि बदलने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) द्वारा आयोजित होने वाली उत्पाद सिपाही की लिखित परीक्षा की तिथि को लेकर एनएसयूआई ने कड़ा आपत्ति जताया है। एनएसयूआई झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर 22 मार्च को निर्धारित परीक्षा तिथि को पुनर्निर्धारित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 21 मार्च को आदिवासी समाज का प्रमुख प्राकृतिक महापर्व सरहुल तथा मुस्लिम समुदाय का पवित्र पर्व ईद मनाया जाएगा। वहीं इसके अगले दिन 22 मार्च को सरहुल बासी के अवसर पर समाज में पारंपरिक कार्यक्रम, अतिथियों का आदर-सत्कार और सामूहिक आयोजन होते हैं। ऐसे में उसी दिन उत्पाद सिपाही की लिखित परीक्षा आयोजित किए जाने से विशेषकर आदिवासी एवं अन्य अभ्यर्थियों के सामने असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि झारखंड के हजारों छात्र-छात्राएँ अपने पारंपरिक पर्वों में शामिल रहने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने आयोग से आग्रह किया कि अभ्यर्थियों की भावनाओं और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान करते हुए परीक्षा तिथि पर पुनर्विचार किया जाए और इसे आगे बढ़ाया जाए।

# समसेरा गांव में जंगली हाथी का आतंक, घर को किया क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के उतरी भरनो पंचायत क्षेत्र अंतर्गत समसेरा गांव में जंगली हाथी का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।बीते देर रात करीब ढाई बजे एक जंगली हाथी गांव में घुसकर परमिला उरांव पति भैरो उरांव के मिट्टी के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।जानकारी के अनुसार हाथी ने परमिला उरांव के घर को निशाना बनाया और घर के दीवार व छप्पर में लगे एलबेस्ट्स को तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार के लोग किसी तरह घर से निकलकर अपनी जान बचाई।सूचना मिलने पर मुखिया मंजू देवी पीड़ित महिला के घर पहुंची और घटना के बारे में जानकी लेकर वन विभाग के उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इधर ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब जंगली हाथी ने परमिला उरांव के घर को नुकसान पहुंचाया है।इससे पहले भी हाथियों द्वारा तीन से चार बार उनके घर को क्षतिग्रस्त किया जा चुका है।बार-बार घर टूटने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उन्हें रहने की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि हर बार घटना के बाद वन विभाग और स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी जाती है,लेकिन अब तक किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है। मुआवजा नहीं मिलने से परिवार काफी परेशान है और अस्थायी व्यवस्था में रहने को मजबूर है।इधर ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए तथा गांव में जंगली हाथियों के आतंक से बचाव के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई तो क्षेत्र के लोगों को लगातार जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहेगा।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 एमएम का देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक से अवैध हथियार लेकर शहर के एरोड्राम मैदान की ओर जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया और संदिग्ध की तलाश में इलाके में घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने पैशन प्रो मोटरसाइकिल (संख्या JH01BH-8117) पर सवार एक युवक को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में उसकी पहचान मोहन कुमार राणा (27 वर्ष) के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक 9 एमएम का देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने जब आरोपी से हथियार से संबंधित वैध कागजात की मांग की तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा बरामद पिस्टल, कारतूस और बाइक को जब्त कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह हथियार कहां से लाया था और उसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस मामले में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं है।

गुमला पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध हथियार और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का लाभ समय से लाभुकों तक पहुंचाने का निर्देश

- अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करने का निर्देश
- विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर कार्य समय सीमा में पूरा करने पर बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के दौरान कृषि, पशुपालन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, ग्रामीण विकास, मनरेगा, आपूर्ति, कल्याण, बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस), श्रम, बिजली सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने, क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि पात्र लाभुक इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### साइकिल से गिरने से वृद्ध की मौत, बेटे की शादी का निमंत्रण बांटकर लौट रहे थे घर

**गुमला।** जारी थाना क्षेत्र के सिकरी नदी पुल के पास साइकिल से गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीनगर निवासी जोयाकिम मिंज (60 वर्ष), पिता स्व. इलियस मिंज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जोयाकिम मिंज अपने पुत्र की शादी का निमंत्रण कार्ड बांटकर बुधवार की देर शाम सिकरी कोमडो से वापस अपने घर श्रीनगर लौट रहे थे। इसी दौरान सिकरी नदी पुल के पास उनकी साइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर चोट लगी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को जारी थाना लाया गया। गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे जारी थाना के एएसआई रमेश महतो ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

### रोड पर ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, हादसा टल



**गुमला।** शहर के लोहरदगा रोड स्थित कुम्हार मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह करीब 8:30 बजे ईंट से लदा एक ट्रैक्टर अचानक सड़क पर पलट गया। हालांकि इस घटना में ट्रैक्टर चालक को कोई चोट नहीं लगी, लेकिन समय रहते बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर टोटो की ओर से गुमला की तरफ आ रहा था। कुम्हार मोड़ के पास सड़क पर गति अधिक होने और झटके के कारण ट्रैक्टर के चक्के का पाइप टूट गया। पाइप टूटते ही चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सड़क पर ही पलट गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर वाहनों का परिचालन प्रभावित हो गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि घटना के समय सड़क के दोनों ओर से कोई तेज रफ्तार वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। बाद में दूसरा ट्रैक्टर मंगाकर पलटे हुए ट्रैक्टर से ईंटों को दूसरे वाहन में लादा गया, जिसके बाद सड़क से ट्रैक्टर को हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ।

### नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हुआ संपन्न



**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र स्थित प्रेम नगर कृषि मार्केट के पीछे मंदिर समिति की सार्थक पहल से नवनिर्मित श्री बजरंग बली मंदिर में एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हुआ संपन्न। इसे लेकर मंदिर समिति के सदस्यों ने भव्य तैयारियां किया था। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह देखा गया। मोहल्ला में पहली बार मंदिर का निर्माण कराया गया जिससे लोगो में खुशी है। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का शुरुआत कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया जिसमे महिला श्रद्धालु उमड़ पड़े। पुरोहितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये. मंदिर निर्माता रामविलास साहू और उनकी धर्मपत्नी बिरसमुनी देवी द्वारा नवनिर्मित बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न किया गया। पूजा अनुष्ठान के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति की ओर से भंडारा का भी आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु भगवान बजरंग बली का प्रसाद लेने के लिए उमड़ पड़े। आयोजन को सफल बनाने के लिए मंदिर समिति ने श्रद्धालु का आभार व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के सभी सनातन प्रेमियों से इस धार्मिक अनुष्ठान, कलश यात्रा और भंडारा में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया है। मौके पर शिवदयाल साहू, विदेशी साहू, मुनका साहू, मुन्ना साहू, मुकेश जायसवाल, ढेलू साहू, हीरा साहू, बिंदेश्वर महतो, रूपेश साहू, अंकित साहू, रोशन साहू, बजरंग साहू,आशीष नाग, मुनका साहू, जसपाल सिंह, दीपक महतो, महेश शर्मा, बिपिन अग्रवाल सतीश यादव इत्यादि मौजूद रहे।

### पोजेंगा के पास स्कूटी-कार की जोरदार टक्कर, 17 वर्षीय युवक गंभीर घायल



**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में 17 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान चैनपुर करंट टोली निवासी पाऊल बिलुंग (17 वर्ष), पिता अनिल भूषण बिलुंग के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पाऊल बिलुंग गुरुवार दोपहर अपने घर से मोबाइल बनवाने के लिए पोजेंगा जाने की बात कहकर निकला था। बताया जा रहा है कि वह अपने एक दोस्त से मिलने झिकीरिमा की ओर जा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे पोजेंगा गांव के समीप सिमडेगा की ओर से आ रही एक कार ने उसकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार पाऊल बिलुंग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट लगी है और दाहिना हाथ भी टूट गया है।

### बिचौलियों ने बायोमेट्रिक के जरिए आदिम जनजाति और बुजुर्गों के पेंशन पर डाला डाका

**चैनपुर।** प्रखंड के लिगरपाठ गांव से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। यहाँ बिचौलियों और ठगों के एक संगठित सिंडिकेट ने सीधे-साधे ग्रामीणों, बुजुर्गों और विशेष रूप से संरक्षित आदिम जनजाति परिवार के सदस्यों को अपना शिकार बनाया है। सरकारी योजनाओं की राशि दिलाने के नाम पर उनके बैंक खातों से अंगूठे का निशान लगवाकर हजारों रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। पीड़ित मंगरा मुंडा अपनी वृद्धावस्था पेंशन निकालने की उम्मीद में आए थे। आरोप है कि बिरसू गोप नामक व्यक्ति ने मोबाइल और बायोमेट्रिक मशीन का उपयोग कर मंगरा मुंडा का अंगूठा लगवाया और उनके खाते से पैसे उड़ा लिए।वहीं, मंगरा मुंडा की पत्नी फिरो मुंडा ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया के बीसी नीरज ने 21 फरवरी 2026 को उनका अंगूठा लगवाकर खाते से 10,000 रुपये निकाल लिए। जब फिरो ने पैसे मांगे, तो बीसी ने यह कहकर टाल दिया कि "खाता बंद है, बैंक जाकर केवाईसी करवा लो।

### केंद्रीय महावीर मंडल समिति के कार्यालय का उद्घाटन

**गुमला।** रामनवमी महापर्व की तैयारियों को लेकर गुमला में केंद्रीय महावीर मंडल समिति का कार्यालय गुरुवार को पुराना नगरपालिका परिसर में विधिवत रूप से खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन समिति के पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिया बंटी द्वारा किया गया।

उद्घाटन के अवसर पर पंडित सुशील पंडा के सान्निध्य में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस मौके पर केंद्रीय महावीर मंडल समिति के अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने कहा कि रामनवमी के पावन पर्व को धूमधाम, हर्षोल्लास और पूरी तरह सुनियोजित एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के उद्देश्य से कार्यालय की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय के माध्यम से जिले के विभिन्न अखाड़ों, क्लबों और समिति से जुड़े सदस्यों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा आयोजन से जुड़ी तैयारियों का समन्वय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामनवमी को लेकर शहर में भव्य शोभायात्रा, अखाड़ों के पारंपरिक प्रदर्शन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## महावीर मंडल की बैठक पुरानी कमेटी ही बरकरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** रामनवमी पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर महावीर मंडल पतागाईं की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार की रात घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी पर्व को भव्य और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। इसके तहत अध्यक्ष पद पर रामू सिंह, सचिव पद पर सचिन गोरखपुर तथा कोषाध्यक्ष पद पर रूपेश सिंह के नाम की घोषणा की गई। बैठक में पूजा की तैयारी, व्यवस्था और आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की गई। इस मौके पर मानिक सिंह, मोहरचंद सिंह, निरंजन सिंह, लक्ष्मण सिंह, वीरेंद्र सिंह, अंकित सिंह, भावेश सिंह, पंकज सिंह, कृष्णा सिंह, राधेश्याम सिंह, उत्तम सिंह, रघुनाथ सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामनवमी को भव्य बनाने की तैयारी शुरू

**भरनो (गुमला)।** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर भरनो प्रखंड में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल मैदान में महावीर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय गुप्ता ने की, जिसमें रामनवमी शोभायात्रा को इस वर्ष भव्य और आकर्षक रूप से आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान महावीर मंडल एवं युवा महावीर मंडल की नई कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। महावीर मंडल कमेटी के अध्यक्ष पद पर सुदामा केशरी, सचिव के रूप में संजय गुप्ता, उपाध्यक्ष के रूप में ज्योतिष केशरी, मुख्य संरक्षक के रूप में किशोर साहू, संयोजक के रूप में अभिषेक गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष के रूप में मुरारी केशरी को चुना गया। वहीं युवा महावीर मंडल कमेटी के अध्यक्ष पद पर भगवती केशरी, उपाध्यक्ष पद पर धीरज केशरी और आशीष केशरी तथा सचिव पद पर शंभू केशरी का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इसके अलावा बैठक में संरक्षक, अभिभावक, मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष रामनवमी शोभायात्रा को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा।

### गुमला में रसोई गैस आपूर्ति पर जिला प्रशासन सख्त

गुमला। जिले में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न स्थिति पर अब जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर सभी संबंधित अधिकारियों और गैस एजेंसियों के प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार, 13 मार्च को अपराह्न 2:30 बजे आयोजित की जाएगी। यह बैठक गूगल मीट के माध्यम से होगी। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिले की सभी गैस एजेंसियों के प्रबंधकों को अनिवार्य रूप से बैठक में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि वर्तमान समय में रसोई गैस की उपलब्धता, उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरत, एलपीजी की संभावित कालाबाजारी तथा आपूर्ति में आ रही व्यावहारिक समस्याओं के समाधान को लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है।



### डीसी के निर्देश पर एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार शाम करीब 5 बजे उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर राजीव नीरज ने सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, इमरजेंसी, आईसीयू तथा विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वहां संचालित सभी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुधार पर भी चर्चा की। इस दौरान एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मौके पर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर, प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार, दिनेश कुमार, एचएम जिरेन कंडुलना सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### बाजार से लौटने के दौरान सड़क दुर्घटना, बाइक सवार दो लोग घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर-जारी मुख्य मार्ग पर बरटोली मोड़ के समीप एक अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए, जिनमें से एक को गंभीर चोटें आई हैं।जानकारी के अनुसार, जारी थाना क्षेत्र के सकतार निवासी गोवर्धन सिंह अपने साथी के साथ चैनपुर साप्ताहिक बाजार आए हुए थे। बाजार करने के बाद दोनों बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बरटोली मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।हादसे में गोवर्धन सिंह को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि गोवर्धन सिंह के दोस्त को हल्की चोटें लगी हैं।अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद, दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## तालाब में डूबने से महिला की मौत, गांव में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** प्रखंड के कीरतोटोली गांव में एक दुखद घटना घटी, जहाँ तालाब में नहाने के दौरान पैर फिसलने से एक 45 वर्षीय महिला की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कीरटो टोली निवासी लालसू भगत की पत्नी लालमैत देवी 45 वर्ष गांव के ही तालाब में स्नान करने गई थीं। नहाने के क्रम में अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गईं। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते या उन्हें बचाने का प्रयास करते, तब तक वह पानी में डूब चुकी थीं।घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। चैनपुर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है।थाना प्रभारी अरविंद कुमार के अनुसार तालाब में डूबने से महिला की मृत्यु की सूचना मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।इस घटना से मृतका के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### करंज थाना पुलिस ने तिराडीह गांव में चलाया जागरुकता अभियान

# बच्चा चोरी की अफवाह व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ ग्रामीणों को किया जागरूक

- अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तिराडीह गांव में गुरुवार को पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान करंज थाना प्रभारी करण टुडू ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर बच्चा चोरी की अफवाह सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी करण टुडू ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, विशेषकर बच्चा चोरी जैसी भ्रामक बातों पर बिना सत्यापन किए विश्वास नहीं करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को सचेत करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति पर संदेह होने की स्थिति में कानून को अपने हाथ में लेना और मारपीट या हिंसक घटना को अंजाम देना पूरी तरह गैरकानूनी है। ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को डायन-बिसाही प्रथा, मानव तस्करी, साइबर अपराध, बाल विवाह, अरेस्ट जैसे अपराधों से भी सतर्क रहने की अपील की। साथ ही इलाके में अवैध रूप से अफीम की खेती पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में आज भी कई प्रकार की कुरीतियां मौजूद हैं, जिन्हें खत्म करने के लिए सामूहिक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने और सही मार्गदर्शन प्रदान करने की अपील की, ताकि एक जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण हो सके।

इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों को

# महिला किसानों को नेतृत्व देने की जरूरत: राष्ट्रपति

## नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नई दिल्ली में कृषि-खाद्य प्रणालियों में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन (जीसीडब्ल्यूएफएस-2026) के उद्घाटन सत्र में शिरकत की और सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि बुवाई, कटाई, प्रसंस्करण और फसलों को बाजार तक पहुंचाने सहित कृषि संबंधी सभी गतिविधियों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, वन उत्पादों के समुचित इस्तेमाल और कृषि आधारित उद्यमों के संचालन सहित कई क्षेत्रों में अथक परिश्रम करती हैं। कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं का अमूल्य योगदान है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के कृषि विश्वविद्यालयों में कुल छात्रों में 50 प्रतिशत से अधिक लड़कियां हैं और कई विश्वविद्यालयों में यह संख्या 60 प्रतिशत से अधिक है। ये लड़कियां शैक्षणिक दृष्टि से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सरकार, समाज और कृषि क्षेत्र के सभी हितधारकों का यह दायित्व है कि वे इन होनहार लड़कियों को कृषि तथा अनाज उत्पादन के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के लिए हर संभव सहायता और प्रोत्साहन दें। उन्होंने कहा कि नेतृत्व मातृत्व का अंतर्निहित गुण है। हालांकि, मातृत्व को अक्सर घर की चारदीवारी तक ही सीमित माना जाता है।

- **महिलाओं का योगदान मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, पशुपालन, वन उत्पादों के उपयोग और कृषि आधारित उद्यमों में भी अहम है**



### 2026 अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष, सामूहिक कार्रवाई का आह्वान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2026 को 'अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष' घोषित किया है। इस घोषणा में कृषि-खाद्य मूल्य श्रृंखलाओं में महिला-पुरुष आधारित असमानताओं को दूर करने और महिलाओं के लिए नेतृत्व की भूमिकाओं को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि, विशेषकर कृषि-खाद्य प्रणालियों में कार्यरत महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के विचार के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नीति निर्माण, निर्णय लेने और नेतृत्व पदों में महिलाओं की भूमिका अधिक होनी चाहिए। इस क्षेत्र में सभी स्तरों पर महिलाओं की अधिक भागीदारी महिला-पुरुष समानता को बढ़ावा देने वाली कृषि वृद्धि को प्रोत्साहित करेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला किसानों को भूमि के औपचारिक स्वामित्व, तकनीकी ज्ञान, वित्तीय संसाधन और अन्य सहायता प्रणालियों से संबंधित मामलों में मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि पिछले एक दशक में भारत ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने वाली पहलों ने कृषि में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि लोगों, पृथ्वी, समृद्धि, शांति और साझेदारी को समान महत्व देने पर वैश्विक सहमति है।

# ईंधन की कोई कमी नहीं, अफवाहों से बचें : हरदीप सिंह पुरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को कहा कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और भारत के पास इस समय पर्याप्त कच्चे तेल का भंडार मौजूद है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहें न फैलाएं और फर्जी जानकारी से बचें। संसद में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत में ऊर्जा की उपलब्धता पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने कहा, "भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति सुरक्षित है, और हमारे पास जितना तेल उपलब्ध है, वह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से मिलने वाली आपूर्ति से कहीं अधिक है।"पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत कूटनीतिक पहल और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की वजह से भारत ने इतना कच्चा तेल सुरक्षित कर लिया है, जो संकट के कारण प्रभावित हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से मिलने वाली मात्रा से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत अपने ऊर्जा आयात के स्रोतों को विविध बना रहा है। इसके तहत देश अब सिर्फ पश्चिम एशिया पर निर्भर नहीं है और घरेलू गैस सप्लाई भी स्थिर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भारत लगभग 40 देशों से कच्चा तेल आयात करता है, जिससे विभिन्न मार्गों के जरिए ऊर्जा आपूर्ति जारी रहती है और मौजूदा संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की उपलब्धता पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। पुरी ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि घरेलू उपभोक्ताओं को कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पूरी सप्लाई मिलती रहे।

### ईरान से समस्या सुलझेगी तब भी गैस संकट खत्म नहीं होगा : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध से उत्पन्न गैस सिलेंडर संकट पर कहा कि यदि ईरान के स्तर पर समस्या सुलझ भी जाती है, तब भी यह संकट समाप्त नहीं होगा, क्योंकि दुनिया बदल रही है और संरचना बदल रही है। इसलिए हमें अपना माइंडसेट बदलना होगा। यदि भारत को केंद्र में रखकर काम नहीं किया गया तो समस्या और गहरी होगी। राहुल गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि देश में एलपीजी और तेल संकट की अभी शुरुआत है। उन्होंने सदन में बोलने की इच्छा जताई, लेकिन नई प्रक्रिया के चलते उन्हें अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अब मंत्री पहले तय करेंगे, फिर वह बोलेंगे और उसके बाद मंत्री जवाब देंगे। असल मुद्दा यह है कि गैस, पेट्रोल और सभी ईंधन समस्या बनने जा रहे हैं, क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता हो चुका है। उन्होंने कहा कि अभी तैयारी करने की जरूरत है, क्योंकि हमारे पास समय है। प्रधानमंत्री और सरकार को तुरंत इस संकट से निकलने की तैयारी शुरू करनी चाहिए। अगर तैयारी नहीं की गई तो करोड़ों लोगों को नुकसान होगा। यह मुद्दा केवल ईरान से ईंधन मिलने या न मिलने का नहीं है, बल्कि हम एक अस्थिर समय में प्रवेश कर रहे हैं।

### राहुल गांधी 'लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा', एलपीजी के मुद्दे पर राजनीति कर रहे : निशिकांत दुबे




**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। भाजपा सांसद ने संसद परिसर में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा सांसद ने दावा किया कि विपक्ष के कई कार्यक्रमों और आंदोलनों के पीछे विदेशी फंडिंग का हाथ है। निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कहा कि चाहे भारत जोड़ो यात्रा हो या फिर सैम पित्रोदा के साथ जुड़ी गतिविधियां, इन सबको जॉर्ज सोरोस से समर्थन मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोरस ने भारत जोड़ो यात्रा के लिए 100 करोड़ रुपए दिए। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी को 'लीडर ऑफ प्रोपेगेंडा' बताते हुए कहा कि वह विभिन्न मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की कोशिश करते हैं। दुबे ने कहा कि एलपीजी से जुड़ी समस्याओं को लेकर सरकार पहले से ही चिंतित है, लेकिन विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। उन्होंने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान विपक्षी सांसदों की एक तस्वीर का जिक्र करते हुए कहा कि उस तस्वीर में राहुल गांधी समेत विपक्ष के कुछ सदस्य चाय पीते हुए दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि संसद कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है और गंभीर मुद्दों पर चर्चा के बजाय इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि कि स्पीकर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मकर द्वार पर किसी प्रकार का धरना-प्रदर्शन नहीं होगा और संसद परिसर में चाय-कॉफी के साथ विरोध-प्रदर्शन भी नहीं किया जाएगा।

### इजरायली हमले में आईआरजीसी कमांडर इस्माइल देहगान की मौत

**तेहरान ।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी समाचार एजेंसी तसनीम न्यूज एजेंसी ने वरिष्ठ आईआरजीसी कमांडर इस्माइल देहगान की मौत की पुष्टि की है। एजेंसी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार बुधवार 11 मार्च को कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में देहगान के साथ उनके परिवार के कई सदस्य भी मारे गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि हमले में उनकी पत्नी फरीदेह सादात सईदी, बेटी फातेमेह देहगान, बेटा मोहम्मद पारसा देहगान और उनकी सास सोगरा घासेमी की भी मौत हो गई, जबकि उनका एक अन्य बेटा मोहम्मद हुसैन देहगान घायल हो गया। इससे पहले इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने 10 मार्च की सुबह घोषणा की थी कि उसने मध्य ईरान के रणनीतिक शहर अराक के हाफेजियाह इलाके में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया। इजरायली सेना का दावा था कि इस हमले का लक्ष्य एक वरिष्ठ आईआरजीसी कमांडर था। अराक को ईरान के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर माना जाता है क्योंकि यहां अराक हेवी वाटर रिएक्टर स्थित है और इसके आसपास सेना से जुड़े कई औद्योगिक प्रतिष्ठान मौजूद हैं। हालांकि जिस हाफेजियाह इलाके को निशाना बनाया गया वह मुख्य रूप से एक रिहायशी क्षेत्र है।

### ऑस्ट्रेलिया में बिकेगा 'गंदा फ्यूल', बाजार में हर महीने 10 करोड़ लीटर अतिरिक्त सप्लाई का लक्ष्य



**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने ईंधन की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति दबाव को कम करने के लिए एक अहम फैसला लेते हुए देश में ईंधन गुणवत्ता मानकों में अस्थायी ढील देने की घोषणा की है, यानी लोगों को गंदे ईंधन से काम चलाना होगा। सरकार का कहना है कि इस कदम से बाजार में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों पर नीचे की ओर दबाव बनाने में मदद मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा मंत्री क्रिस बोवेन ने संसद में बताया कि सरकार 60 दिनों के लिए ईंधन में सल्फर की अधिक मात्रा की अनुमति देगी। आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया में ईंधन की गुणवत्ता को लेकर सख्त मानक लागू हैं, जिनमें सल्फर की मात्रा सीमित रखी जाती है ताकि पर्यावरण और वाहनों पर नकारात्मक असर कम हो। सरकार के अनुसार, मानकों में यह बदलाव ईंधन आपूर्ति को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इस फैसले के तहत रिफाइनरियों और सप्लाई नेटवर्क को थोड़ी अधिक सल्फर मात्रा वाले ईंधन का उपयोग और वितरण करने की अनुमति होगी, जिससे उत्पादन और आपूर्ति में तेजी लाई जा सकेगी। सरकार का अनुमान है कि इस निर्णय से हर महीने करीब 100 मिलियन लीटर यानी लगभग 10 करोड़ लीटर अतिरिक्त ईंधन बाजार में उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे परिवहन, उद्योग और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद कर सकती है।

### विदेश मंत्री और अराघची की बातचीत से फैसला,होर्मुज से होकर गुजरेगा भारत का टैंकर

**नई दिल्ली/तेहरान ।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के बीच बातचीत के बाद ईरान ने भारत के झंडे वाले टैंकरों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसका मकसद कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखना है। इस मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक भारतीय टैंकर 'पुष्पक' और 'परिमल' होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं। हालांकि, अमेरिका, यूरोप और इजरायल के जहाजों को इस अहम जलमार्ग पर पाबंदियों का सामना करना पड़ रहा है। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बदलते हालात पर चर्चा की। इस बातचीत में होर्मुज स्ट्रेट से समुद्री आवाजाही एक अहम मुद्दा था। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से यह उनकी तीसरी बातचीत थी। इसी तरह के एक और मामले में, सऊदी अरब का कच्चा तेल ले जा रहा एक लाइबेरिया के झंडे वाला टैंकर भी होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार करके मुंबई पोर्ट पर रुक गया है। इस जहाज का कैप्टन एक भारतीय था। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद इस इलाके में समुद्री ट्रैफिक बहुत ज्यादा धीमा हो गया है। ऐसे में यह जहाज भारत जाने वाला पहला टैंकर बन गया। टैंकर 'शेनलॉन्ग स्वेजमैक्स' ने 1 मार्च को सऊदी पोर्ट रास तनुरा से कच्चा तेल लोड किया था और दो दिन बाद रवाना हुआ था।

## ईरान में फंसे भारतीयों के साथ सरकार, एस जयशंकर ने विदेश मंत्री से 3 बार की बात

- **ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद हैं। जिनमें छात्र, नाविक, कारोबारी, पेशेवर और तीर्थयात्री शामिल हैं**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मिडिल ईस्ट संकट के बीच भारत सरकार अपने नागरिकों को बचाने का प्रयास लगातार कर रही है। इसी के तहत ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीन बार बात की। ये जानकारी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एमईए प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर की अपने ईरानी समकक्ष से पिछले कुछ दिनों में 3 बार बातचीत की है। आखिरी बातचीत में समुद्री जहाजों की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा अभी ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगी। जायसवाल ने दोहराया कि भारतीय नागरिकों की निकासी को लेकर वो फिक्रमंद हैं और उन्हें हर तरह की सहूलियत पहुंचाने की कोशिश जारी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही है। जो भारतीय अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वीजा दिलाने और जमीन के रास्ते सीमा पार कराने में भी सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया, "ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद थे या अभी भी हैं। इनमें छात्र, नाविक (सीफेरर्स), कारोबारी, पेशेवर लोग और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं।" जायसवाल ने दावा किया कि कई भारतीय नागरिक, खासकर छात्र, देश छोड़कर वापस भारत पहुंच चुके हैं। वहीं तेहरान में रहने वाले कई भारतीयों (जिनमें छात्र और धार्मिक यात्रा पर गए जायरीन भी शामिल हैं) को एहतियात के तौर पर देश के दूसरे सुरक्षित शहरों में भेजा गया है। एक बार फिर उन्होंने कहा कि जो भारतीय नागरिक अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते लौटने के इच्छुक हैं उन्हें वीजा और जमीन के रास्ते सीमा पार करने में मदद दी जा रही है। कई भारतीयों को इस तरह अजरबैजान और आर्मेनिया पहुंचने में मदद की गई है, जहां से वे कमर्शियल फ्लाइट लेकर भारत लौट रहे हैं। रणधीर जायसवाल ने यह भी सलाह दी कि जो भारतीय नागरिक जमीन के रास्ते ईरान छोड़ना चाहते हैं, वे भारतीय दूतावास की ओर से जारी एडवाइजरी का पालन करें।

### महाराष्ट्र में विधान भवन और हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई में गुरुवार सुबह विधान भवन, उच्च न्यायालय सहित चार जगहों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने तुरंत इन स्थानों की गहन छानबीन की। जांच में कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने में जुट गई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बताया कि आज सुबह विधान भवन, हाई कोर्ट सहित चार जगहों पर बम विस्फोट की धमकी भरा मैसेज मिला था। ईमेल में विधान भवन के अलावा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मेट्रो, हाई कोर्ट और कुछ बैंकों का भी जिक्र था। उन्होंने बताया कि इस समय बजट सत्र चल रहा है इसलिए सभी कर्मचारियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को गेट पर रोक दिया गया था। डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता बुलाया गया और विधान भवन परिसर, उच्च न्यायालय सहित अन्य जगह पर भी गहन जांच की गई।

## पवन खेड़ा का आखिरी भाषण असम की जेल में होगा : सरमा

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए राज्य में उग्रवादी संगठनों से संपर्क करने का प्रयास किया। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ कई मामले पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं। सीएम सरमा ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव से पहले उग्रवादी समूहों से संपर्क करने के कथित प्रयास के संबंध में तीन से चार मामले दर्ज किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव के बाद कांग्रेस नेता के खिलाफ संभावित कानूनी कार्रवाई का भी संकेत दिया। सरमा ने कहा कि असम में कुछ उग्रवादी संगठनों से संपर्क करके चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश करने के आरोप में पवन खेड़ा के नाम पर तीन से चार मामले पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि मामलों के नतीजे और संभावित गिरफ्तारियां चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेल कौन जाएगा? यह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा। मुझे लगता है पवन खेड़ा का आखिरी भाषण असम की किसी जेल में होगा। मुख्यमंत्री द्वारा उल्लिखित विशिष्ट मामलों के बारे में अधिकारियों ने अभी तक विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है। सरमा की टिप्पणियों ने राज्य में चुनावों से पहले एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रही हैं। भाजपा नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि अवैध तरीकों से चुनाव को प्रभावित करने का कोई भी प्रयास किए।

## एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी पर विपक्ष के हंगामे से ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही बाधित



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** ओडिशा विधानसभा में गुरुवार को एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी और राज्य में गैस की कमी को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी दलों ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए सदन की कार्यवाही बाधित कर दी। हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा में जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ, कांग्रेस के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर स्पीकर के आसन के पास पहुंच गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान स्पीकर सुरमा पाधी ने सदन की कार्यवाही जारी रखने की कोशिश की, लेकिन शोर-शराबा इतना बढ़ गया कि उन्हें सदन को सुबह के लिए स्थगित करना पड़ा। वहीं, बीजद के विधायक भी प्रश्नकाल के दौरान अपनी सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करते रहे और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का विरोध जताते रहे।

### ईरान युद्ध के बीच गैस आपूर्ति पर निगरानी, 28 धावा दल गठित

**पटना।** ईरान युद्ध में पश्चिमी एशिया में आए संकट के कारण कथित तौर पर एलपीजी की कमी होने का बिहार में भी असर देखा जा रहा है। कई जिलों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर खरीदने के लिए लोग परेशान हैं। इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने घरेलू रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर एक हेल्पलाइन स्थापित की है तथा रसोई गैस की जमाखोरी रोकने के लिए 28 धावा दल का गठन किया गया है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम ने गुरुवार को कहा कि एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। इस बीच, जिलाधिकारी के निर्देश पर रसोई गैस की सुचारू आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन स्थापित की गई है।

### मध्य प्रदेश में गैस एजेंसियों के बाहर नजर आने लगी है लंबी लाइन

**भोपाल।** अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध का असर मध्य प्रदेश की एलपीजी गैस आपूर्ति पर नजर आने लगा है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें नजर आ रही हैं और उपभोक्ता इस बात को लेकर सशंकित हैं कि उन्हें गैस समय पर मिल पाएगी। दो देशों के बीच चल रहे युद्ध के कारण दुनिया के कई देशों में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, मगर भारत में पेट्रोलियम पदार्थ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यह दावा सरकार की ओर से किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार ने कुछ दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वहीं मध्य प्रदेश में भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। राज्य में कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति थामी हुई है और इसका असर सड़क किनारे चलने वाली चाय -नाश्ते की दुकान से लेकर होटल व रेस्टोरेंट पर भी पड़ रहा है।

## एक नजर

### बरपेटा मेडिकल कॉलेज से फ. अली अहमद का नाम हटाने को गोगोई ने किया विरोध



**गुवाहाटी ।** गौरव गोगोई ने गुरुवार को असम सरकार के उस कथित फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें फखरुद्दीन अली अहमद के नाम को फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज से हटाने की बात कही गई है। उन्होंने इस कदम को एक प्रतिष्ठित असमिया व्यक्तित्व और स्वतंत्रता सेनानी का अपमान बताया। गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में गहरी चिंता जताई और कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद न केवल सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि भारत के राष्ट्रपति बनने वाले पहले असमिया भी थे। फखरुद्दीन अली अहमद ने 1974 से 1977 तक भारत के पांचवें राष्ट्रपति के रूप में सेवा दी और देश के लिए उनके योगदान और असम का प्रतिनिधित्व सर्वोच्च संवैधानिक पद पर करने के लिए उन्हें याद किया जाता है। गोगोई ने कहा कि बारपेटा मेडिकल कॉलेज से उनका नाम हटाना राज्य सरकार के निर्णय के तर्क पर गंभीर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा, "बारपेटा मेडिकल कॉलेज से फखरुद्दीन अली अहमद का नाम हटाने का असम सरकार का निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और असम के लोगों की भावनाओं को गहराई से आहत करता है।

### गैस सप्लाई में रुकावट, फ्यूल संकट पर कैबिनेट बैठक में चर्चा होगी : कर्नाटक के डिप्टी सीएम



**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई में रुकावट के मुद्दे पर गुरुवार शाम को कैबिनेट बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में मीडिया से बात करते हुए कहा, "रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एक अलग मामला है, लेकिन गैस ही जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। कर्नाटक के सांसद इस मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। या तो उन्हें गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए या दूसरे उपाय सुझाने चाहिए। डीके शिवकुमार ने कहा, "कम से कम उन्हें हमारे किसानों को दूसरे इंतजाम करने और गांवों में पारंपरिक लकड़ी के जलाने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने पहले घोषणा की थी कि किचन में जलाने की लकड़ी नहीं होनी चाहिए, लेकिन उस नियम में ढील देनी होगी। उन्होंने दावा किया कि गैस की कमी हो सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं। शिवकुमार ने कहा, "लोग पहले से ही परेशान हैं और राज्य सरकार इस बारे में कुछ नहीं कर सकती। इस संकट के समय में केंद्र सरकार विदेश नीति के बारे में बात नहीं कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद अलग-अलग मामलों पर बयान दे रहे हैं। उन्हें इस संकट को संसद में उठाना चाहिए और राज्य के साथ न्याय करना चाहिए। डीके शिवकुमार ने कहा, "हम केंद्र सरकार के रुख की निंदा करते हैं। लोगों को बिना किसी रुकावट के शांति से जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए।

### तेजस्वी यादव लक्ष्मण रेखा पार न करें, उनका जन्म भी इसी मिट्टी में हुआ : राजीव रंजन



**पटना ।** जदयू नेता राजीव रंजन ने राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक बयानबाजी की भी एक सीमा होती है, वे भी इसी बिहार की मिट्टी में पैदा हुए हैं, तो लक्ष्मण रेखा पार करने का दुस्साहस न करें। राजद नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि 21 वर्षों की एनडीए सरकार में बिहार विकास के सभी मानकों, मानदंडों और सूचकांकों में सबसे फिसड्डी है। हालांकि इन शर्मनाक तथ्यों और रैंकिंग पर किसी की कभी कोई जवाबदेही नहीं, बस पलटा-पलटी, प्रशासनिक तंत्र, सरकारी खजाने से वोट खरीदी, वोट की लूट और जातिवाद के सहारे कथित सुशासनी लोग सत्ता का आनंद भोग रहे हैं। तेजस्वी के माता-पिता के कार्यकाल के आखिरी वर्ष में बिहार का जो बजट था, आज लगभग 13-14 गुनी बड़ी बिहार की अर्थव्यवस्था है। बजटीय आकार 14 गुना बढ़ चुका है।

### नए राज्यपाल को ममता का संदेश -बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं



**कोलकाता ।** इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के पूर्व शीर्ष अधिकारी और तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल आर.एन. रवि ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के 22वें राज्यपाल के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उनसे पहला संदेश था कि 'बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं।' शपथ समारोह खत्म होने के बाद, मुख्यमंत्री ने नए राज्यपाल के गले में लबादे का एक टुकड़ा डालकर उनका स्वागत किया। उस बातचीत के दौरान, मुख्यमंत्री ने रवि को यह छोटा सा मैसेज दिया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से कहा, "बंगाल और बंगाली सभी भाषाई बैकग्राउंड के लोगों का सम्मान करते हैं। बंगाल में सभी लोग शांति के साथ रहते हैं। लेकिन खास बात यह है कि बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं। यह बंगाली लोगों की खासियत है।"राज्यपाल को मुख्यमंत्री को जवाब देते हुए सुना गया, "यह सच है कि पश्चिम बंगाल भारत की इंटेलेक्चुअल और कल्चरल कैपिटल है।"राजनीतिक जानकारों को लगता है कि इस बयान, 'बंगाल उनसे प्यार करता है जो बंगाल से प्यार करते हैं,' के जरिए मुख्यमंत्री ने नए गवर्नर को एक छोटा सा मैसेज दिया है। शहर के एक राजनीतिक जानकार ने कहा, "वह मैसेज यह है कि स्टेट सेक्रेटेरिएट और गवर्नर हाउस के बीच अच्छे रिश्ते तभी बन पाएंगे जब गवर्नर हाउस की तरफ से ऐसा कोई काम न हो जो राज्य या राज्य सरकार के हित के खिलाफ हो।

### गैस सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए कोलकाता पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता

**कोलकाता ।** मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण संभावित आपूर्ति व्यवधान की आशंकाओं के मद्देनजर कोलकाता पुलिस ने शहर भर में एलपीजी गैस की कालाबाजारी को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शहर के सभी पुलिस थानों को एलपीजी सिलेंडरों की आवाजाही और वितरण पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने व्यावसायिक सिलेंडर की संभावित कमी से निपटने के लिए पुलिस बैरकों में इंडक्शन कुकर और माइक्रोवेव ओवन जैसे वैकल्पिक खाना पकाने की व्यवस्था अपनाने का भी निर्णय लिया है। लालबाजार स्थित नगर पुलिस मुख्यालय का यह निर्णय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राज्य में आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए एलपीजी डीलरों के साथ आपातकालीन बैठक करने के एक दिन बाद आया है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री बनर्जी ने एलपीजी डीलरों को उपलब्ध एलपीजी स्टॉक का विवरण देते हुए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने और सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने का निर्देश दिया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कोलकाता में किसी भी प्रकार के संकट से बचने के लिए खाना पकाने की गैस की जमाखोरी और अवैध बिक्री को रोकने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सभी मंडलों के उपायुक्तों (डीसी) को स्थिति पर कड़ी निगरानी रखने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# ईरान के विरुद्ध इजरायल+अमेरिका युद्ध, किसकी है कितनी ताकत?

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और खासकर ईरान और इजरायल के बीच चल रहे टकराव ने दुनिया का ध्यान फिर से इस क्षेत्र की सैन्य ताकत पर केंद्रित कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर ईरान कितना ताकतवर है और वह तकनीकी रूप से बेहद आधुनिक माने जाने वाले इजरायल तथा उसका हर तरह से समर्थन कर रहे अमेरिका की मिली जुली ताकत के सामने कितना टिक सकता है।सैन्य विश्लेषण संस्था ग्लोबल फायरपावर के ताजा आंकड़ों के अनुसार ईरान को मिडिल ईस्ट की बड़ी सैन्य शक्तियों में गिना जाता है। भले ही उसकी वायुसेना इजरायल या अमेरिका जितनी आधुनिक नहीं मानी जाती, लेकिन बड़ी थल सेना, लंबी दूरी की मिसाइल क्षमता, ड्रोन तकनीक और विशाल पैरामिलिट्री नेटवर्क उसे क्षेत्रीय स्तर पर बेहद प्रभावशाली बनाते हैं।दूसरी ओर इजरायल छोटा देश होने के बावजूद अत्याधुनिक तकनीक, मजबूत वायुसेना व उच्च स्तर की सैन्य तैयारी के कारण दुनिया की सबसे सक्षम सेनाओं में गिना जाता है। वहीं अमेरिका आज भी वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी सैन्य शक्ति माना जाता है।

*नीचे आंकड़ों व तुलना से समझते हैं कि तीनों देशों की सैन्य ताकत कैसी है।*




### 1. ईरान: बड़ी सेना व मिसाइल क्षमता सबसे बड़ी ताकत-

*लगभग 8.8 करोड़ आबादी वाला ईरान सैन्य मानव संसाधन के मामले में क्षेत्र के सबसे बड़े देशों में से एक है। उसके पास बड़ी थल सेना और मजबूत मिसाइल कार्यक्रम है।*

**मुख्य आंकड़े**

- **कुल जनसंख्या: 8.84 करोड़**
- **सक्रिय सैनिक: 6.1 लाख**
- **रिजर्व सैनिक: 3.5 लाख**
- **पैरामिलिट्री बल: 2.2 लाख**

**सैन्य उपकरण**

- **कुल सैन्य विमान: 551**
- **फाइटर जेट: 188**
- **टैंक: 2675**
- **सैन्य वाहन: 75,939**
- **रॉकेट आर्टिलरी: 1550**
- **नौसैनिक प्लेटफॉर्म: 109**
- **पनडुब्बियां: 25**

*ईरान की खास ताकत उसकी बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन क्षमता मानी जाती है, जिसने हाल के वर्षों में क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित किया है।*

### 2. इजरायल: कम सैनिक, लेकिन हाई-टेक सेना-

करीब 94 लाख आबादी वाला इजरायल आकार में छोटा जरूर है, लेकिन तकनीक और आधुनिक हथियारों के कारण उसकी सैन्य क्षमता बहुत मजबूत मानी जाती है।

**मुख्य आंकड़े**

- **सक्रिय सैनिक: 1.7 लाख**
- **रिजर्व सैनिक: 4.65 लाख**
- **पैरामिलिट्री बल: 35 हजार**

**सैन्य उपकरण**

- **कुल विमान: 597**
- **फाइटर जेट: 239**
- **टैंक: 1300**
- **सैन्य वाहन: 62,380**
- **रॉकेट आर्टिलरी: 228**
- **नौसैनिक प्लेटफॉर्म: 82**
- **पनडुब्बियां: 6**

*इजरायल की सबसे बड़ी ताकत उसकी आधुनिक वायु सेना, मिसाइल रक्षा प्रणाली और साइबर व खुफिया क्षमता मानी जाती है।*

### 3. अमेरिका: दुनिया की सबसे बड़ी सैन्य शक्ति-

United States *कई दशकों से वैश्विक सैन्य शक्ति में शीर्ष पर बना हुआ है। उसके पास सैनिकों की बड़ी संख्या के साथ-साथ दुनिया के सबसे आधुनिक हथियार और सबसे बड़ा सैन्य बजट है।*

**मुख्य आंकड़े**

- **सक्रिय सैनिक: 13.3 लाख**
- **रिजर्व सैनिक: 8 लाख**

**सैन्य उपकरण**

- **कुल सैन्य विमान: 13,032**
- **फाइटर जेट: 1,791**
- **टैंक: 4,666**
- **सैन्य वाहन: 4,09,660**
- **नौसैनिक प्लेटफॉर्म: 465**
- **एयरक्राफ्ट कैरियर: 11**
- **पनडुब्बियां: 66**

*अमेरिका की असली ताकत उसकी वैश्विक पहुंच, अत्याधुनिक तकनीक और विशाल नौसैनिक बेड़ा है।*

### तुलनात्मक चार्ट: तीनों देशों की सैन्य ताकत-

| सैन्य क्षमता | ईरान | इजरायल | अमेरिका |
|---|---|---|---|
| कुल जनसंख्या | 8.84 करोड़ | 94 लाख | 34.2 करोड़ |
| सक्रिय सैनिक | 6.1 लाख | 1.7 लाख | 13.3 लाख |
| रिजर्व सैनिक | 3.5 लाख | 4.65 लाख | 8 लाख |
| कुल सैन्य विमान | 551 | 597 | 13,032 |
| फाइटर जेट | 188 | 239 | 1,791 |
| टैंक | 2675 | 1300 | 4,666 |
| सैन्य वाहन | 75,939 | 62,380 | 4,09,660 |
| रॉकेट आर्टिलरी | 1550 | 228 | 1,731 |
| नौसैनिक प्लेटफॉर्म | 109 | 82 | 465 |
| पनडुब्बियां | 25 | 6 | 66 |
| एयरक्राफ्ट कैरियर | 0 | 0 | 11 |

इस तरह -

ईरान की ताकत बड़ी सेना, मिसाइल और ड्रोन क्षमता में है। इजरायल की ताकत उन्नत तकनीक और अत्याधुनिक वायु सेना है। अमेरिका इन दोनों से कई गुना आगे है और वैश्विक सैन्य सुपर पावर बना हुआ है।

## ईरान के अमेरिकी तेल टैंकर पर हमले में भारतीय नाविक की मौत

**नई दिल्ली/बगदाद ।** बुधवार को इराक के बसरा के पास एक अमेरिकी तेल टैंकर 'सेफसी विष्णु' पर ईरान ने हमला कर दिया। इस हमले में टैंकर पर काम करने वाले एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। इराक में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी। बगदाद में भारतीय दूतावास ने कहा कि जहाज पर सवार बाकी 15 भारतीय क्रू मेंबर को सुरक्षित निकाल लिया गया और एक सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। यह हमला फारस की खाड़ी में हुआ, जहां इराक के समुद्री इलाके में एक और तेल टैंकर पर हमला होने के बाद उसमें भी आग लगने की खबर सामने आई। ईरान ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि पानी के अंदर ड्रोन हमले में जहाजों को निशाना बनाया गया था। ईरानी सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी के मुताबिक, इस ऑपरेशन में पानी के अंदर ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकाने पर हमला किया: इजरायल

**तेल अवीव ।** मध्य एशिया संकट गहराता जा रहा है। 13वें दिन इजरायल ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने ईरान के एक और न्यूक्लियर प्रोजेक्ट को निशाना बनाया है। आईडीएफ ने तालेघन साइट पर हमला किया है। एक्स प्लेटफॉर्म पर इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने एक पोस्ट के जरिए ये बड़ा दावा किया है। आईडीएफ ने बताया कि उसकी वायुसेना ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े एक महत्वपूर्ण ठिकाने पर स्ट्राइक किया है।

# एलपीजी आपूर्ति में रुकावट का असर आईटी कंपनियों तक

**ब्यूरो**

### एचसीएल टेक में वर्क फ्रॉम होम, इन्फोसिस में एलपीजी सिलेंडर की कमी से डोसा व ऑमलेट काउंटर अगली सूचना तक बंद

**नई दिल्ली।** ईरान के विरुद्ध इजराइल व अमेरिका के युद्ध का असर अब भारत के बड़ी आई टी कंपनियों तक में दिखाई देने लगा है। रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में आई रुकावट के कारण कई बड़े आईटी कंपनियों में कैंटीन सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। इसके चलते कुछ कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को अस्थायी रूप से घर से काम करने का विकल्प भी दिया है, जबकि कई जगह भोजनालय सीमित मेन्यू के साथ संचालित किए जा रहे हैं।एचसीएलटेक में वर्क फ्रॉम होम, इन्फोसिस में एलपीजी सिलेंडर की कमी से डोसा व ऑमलेट काउंटर अगली सूचना तक बंद कर दिया गया है। चेन्नई स्थित उक्त में से एक सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने 12 और 13 मार्च को कर्मचारियों को घर से काम करने का विकल्प दिया है। बताया जा रहा है कि कैंटीन चलाने वाले ठेकेदारों को रसोई गैस सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी, जिससे कार्यालय परिसर में भोजन व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल हो गया। इस स्थिति को देखते हुए कंपनी प्रबंधन ने अस्थायी व्यवस्था के तौर पर कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी।इसी तरह देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इन्फोसिस के कई परिसरों में भी भोजन सेवाओं पर असर पड़ा है। पुणे, बेंगलुरु व चेन्नई स्थित परिसरों में कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में बताया गया है कि गैस सिलेंडर की सीमित उपलब्धता के कारण कैंटीन का मेन्यू कुछ समय के लिए सीमित रहेगा। कई भोजनालयों में भोजन बाहर के रसोईघरों से मंगवाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। कर्मचारियों को भेजे गए संदेश में यह भी बताया गया है कि गैस की कमी के कारण ताजे भोजन बनाने वाले कुछ काउंटर अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। विशेष रूप से डोसा और ऑमलेट जैसे व्यंजन बनाने वाले काउंटर अगली सूचना तक बंद रहेंगे। पुणे परिसर में भेजे गए संदेश में कहा गया है कि भोजनालय संचालित करने वाले विक्रेताओं को फिलहाल रसोई गैस की सीमित आपूर्ति मिल रही है। इसी कारण सभी भोजनालय सीमित मेन्यू के साथ चलाए जा रहे हैं ताकि उपलब्ध संसाधनों से अधिकतम कर्मचारियों को भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

### तमाम शहरों में गैस एजेंसियों पर भीड़

देश के कई हिस्सों में रसोई गैस की किल्लत के कारण गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के बस्ती , सिद्धार्थनगर व अन्य तमाम जिलों में बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों के बाहर जुटे दिखाई दिए। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि जिले में गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है, लेकिन कीमत बढ़ने की आशंका और आपूर्ति बाधित होने की खबरों के कारण लोग जल्द से जल्द सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, बस्ती जिले में उज्ज्वला योजना के लगभग 2.07 लाख उपभोक्ता और सामान्य श्रेणी के करीब तीन लाख उपभोक्ता हैं और उनके लिए पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है।पंजाब के कई शहरों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। लोगों ने बड़ी संख्या में ऑनलाइन गैस बुकिंग शुरू कर दी, जिससे बुकिंग मंच अस्थायी रूप से ठप हो गए और नई बुकिंग नहीं हो सकी।

इस बीच केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में रसोई गैस का कोई संकट नहीं है और आपूर्ति सामान्य है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी करने या कमी की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।हालांकि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते बाजार और उपभोक्ताओं में चिंता का माहौल भी देखा जा रहा है।

## नेपाल के पूर्व पीएम ओली ने चुनाव में करारी हार स्वीकार की

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने कहा कि 5 मार्च को हुए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के चुनावों में उन्हें और उनकी पार्टी को मिली करारी हार के बाद उन्होंने लोगों के जनादेश को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया है। बता दें, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) या सीपीएन (यूएमएल) के चेयरपर्सन ओली को पूर्वी नेपाल के झापा-5 चुनाव क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने करारी शिकस्त दी। झापा-5 यूएमएल का पारंपरिक गढ़ है, ऐसे में ये नतीजा कई लोगों के लिए सोचा भी नहीं जा सकता था। काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के पूर्व मेयर शाह ने ओली के खिलाफ 68,348 वोटों से जीत हासिल की। यह नेपाल के संसदीय इतिहास में किसी भी उम्मीदवार को मिले सबसे ज्यादा वोट हैं। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री को नए उम्मीदवार के हाथों बुरी तरह हार का सामना करते हुए सिर्फ 18,734 वोट मिले। उनकी पार्टी 275 सदस्यों वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में फर्स्ट पास्ट द पोस्ट (एफपीटीपी) सिस्टम के तहत उपलब्ध 165 सीटों में से सिर्फ नौ सीटें जीतकर तीसरे स्थान पर रही। 110 सीटें प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन इलेक्टोरल सिस्टम से भरी जाती हैं। साढ़े तीन साल पुरानी आरएसपी के अध्यक्ष रबी लामिछाने और पीएम उम्मीदवार शाह हैं।



## भारत की पाक को दो-टूक, परमाणु प्रसार के खराब रिकॉर्ड वाले न दें नसीहत

- **पाकिस्तान पर गुप्त परमाणु प्रसार का इतिहास होने का आरोप**

**एजेंसी । दिल्ली**

भारत ने कनाडा के साथ हुए यूरेनियम समझौते पर पाकिस्तान के आपत्ति जताने को खारिज किया है और पड़ोसी को नसीहत दी है कि खराब रिकॉर्ड वाले को नसीहत देने का कोई हक नहीं हैं। वहीं भारत की साख हमेशा से बेदाग रही है और दुनिया भी यह मानती है।

विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस मामले पर पाकिस्तान के बयान को खारिज करते हैं। परमाणु अप्रसार के संबंध में भारत की साख बेदाग है और वैश्विक समुदाय इसे भली-भांति मान्यता देता है। उन्होंने कहा, "जिस देश का इतिहास गुपचुप तरीके से परमाणु प्रसार करने के पुख्ता सबूतों से भरा हो, वह भला निर्यात नियंत्रण और परमाणु प्रसार के जोखिमों के बारे में उपदेश कैसे दे सकता है? ऐसे बेतुके बयान पाकिस्तान द्वारा अपने ही बेहद खराब रिकॉर्ड से ध्यान भटकाने की एक कोशिश के अलावा और कुछ नहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने भारत-कनाडा के बीच यूरेनियम आपूर्ति समझौते और परमाणु प्रौद्योगिकी सहयोग पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही कहा है कि इस व्यवस्था से भारत के परमाणु हथियारों के जखीरे में विस्तार हो सकता है और वैश्विक परमाणु अप्रसार ढांचे को नुकसान पहुंच सकता है।

## चीन में भारत के काउंसल ने एएनटी समूह के सीनियर अधिकारियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली ।** भारत के काउंसल जनरल प्रतीक माथुर ने चीन के प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एएनटी समूह की उपाध्यक्ष और हेड ऑफ वैश्विक और रणनीतिक विकास मामलों की प्रमुख कैरी सुएन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने फिनटेक नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आर्थिक सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा की। यह बैठक सतत विकास के लिए साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। डिजिटल तकनीक और किफायती समाधान विकासशील देशों के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं। एएनटी समूह को चीन की अग्रणी तकनीकी कंपनियों में गिना जाता है। यह वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य तकनीक, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा दक्षता जैसे क्षेत्रों में नवाचार के लिए जानी जाती है।

## सुई-कराची गैस पाइपलाइन में धमाका बलूच रिपब्लिकन ग्रुप ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसी । क्वेटा**

ईंधन की बढ़ती कीमतों के बीच पाकिस्तान की एक प्रमुख गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया गया है। बलूचिस्तान के सुई गैस फील्ड से कराची तक फ्यूल ले जाने वाली एक बड़ी गैस पाइपलाइन में तोड़फोड़ की गई है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स (बीआरजी) ने इसकी जिम्मेदारी ली है। एक बयान में, बीआरजी प्रवक्ता दोस्तैन बलूच ने कहा कि ग्रुप के लड़ाकों ने बुधवार (11 मार्च) शाम को पाकिस्तान के सिंध प्रांत के काशमोर इलाके के पास 36-इंच डायमीटर वाली गैस पाइपलाइन पर विस्फोटकों का इस्तेमाल किया। प्रवक्ता के मुताबिक, इस धमाके से सुई से कराची तक नेचुरल गैस ले जाने वाली पाइपलाइन को बहुत नुकसान पहुंचा। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, बीआरजी ने बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल का विरोध करते हुए, चेतावनी दी कि वह ऐसी गतिविधियों को टारगेट करना जारी रखेगा। एक अलग घटना में, बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने बलूचिस्तान के टंप इलाके में पाकिस्तानी फोर्स के खिलाफ कई हमले किए, जिसमें मिलिट्री के 15 जवान मारे गए। बयान के मुताबिक, बीएलएफ की कई यूनिट्स ने अप्सी खान और शापचर जंक्शन पर मौजूद एक पाकिस्तानी मिलिट्री चेकपॉइंट के दो हिस्सों को घेर लिया और मोर्टार, स्नाइपर राइफल, रॉकेट, लाइट मशीन गन और ग्रेनेड लॉन्चर के जरिए हमला किया।

## कुवैत में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुए ड्रोन हमले

**नई दिल्ली ।** मिडिल ईस्ट में ईरान की ओर से जारी हमलों की वजह से चिंता का माहौल बना हुआ है। ईरान पश्चिम एशिया के देशों में अलग-अलग ठिकानों पर हमले जारी रखे हुए है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान के इन हमलों की कड़ी आलोचना भी की जा रही है। कुवैत की राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी ने नागरिक उड्डयन अधिकारियों के हवाले से बताया कि कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई ड्रोन हमले हुए। हमलों से सिर्फ सामान का नुकसान हुआ। वहीं, इजरायली वॉर रूम ने कहा, "कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ईरान के आतंकी शासन से जुड़े कई ड्रोन ने निशाना बनाया है, जिससे सामान को नुकसान होने की खबर है। अरब देशों पर ईरान का हमला बढ़ता जा रहा है और पूरे मिडिल ईस्ट में आम लोगों को धमका रहा है।

# परमाणु रेडिएशन से बचाएगा स्वदेशी सीमेंट मोर्टार, आईआईटी ने विकसित किया नया तरीका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

परमाणु बिजली घरों से किसी भी स्थिति में परमाणु रेडिएशन का खतरा न हो इसके लिए भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं ने एक विशेष प्रकार का सीमेंट मोर्टार विकसित किया है। भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा विकसित यह एक ऐसा विशेष सीमेंट मोर्टार है, जो न केवल निर्माण को लोहे जैसी मजबूती देगा, बल्कि जानलेवा परमाणु रेडिएशन को रोकने में भी सक्षम होगा।

आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ताओं ने सीमेंट में चार खास तरह के सूक्ष्म कण मिलाकर इसे 'सुपर मोर्टार' में बदल दिया है। चेर्नोबिल और फुकुशिमा जैसी बड़ी परमाणु



आपदाओं से सबक लेते हुए, वैज्ञानिकों का मुख्य फोकस ऐसी दीवारें बनाने पर था, जो भूकंप या विस्फोट जैसी चरम स्थितियों में भी रेडिएशन का रिसाव न होने दें। आईआईटी के शोधकर्ताओं ने इन चार महत्वपूर्ण कणों का इस्तेमाल कर सीमेंट के मिश्रण को बेहद उन्नत बनाया है। इसमें बोरॉन ऑक्साइड मिलाया गया जिसने इसने रेडिएशन से सुरक्षा को कई गुना बढ़ा दिया। वहीं लेड ऑक्साइड मिलाने से यह मोर्टार काफी घना और मजबूत हो गया। इसमें टंगस्टन ऑक्साइड भी शामिल किया गया है। इसने दरारों को रोकने की क्षमता बढ़ाई और एक साथ कई तरह के रेडिएशन को रोकने में मदद की।

वहीं, इसमें शामिल किया गया बिस्मथ ऑक्साइड भी रेडिएशन अवरोधक के रूप में प्रभावी पाया गया। इस रिसर्च पर आईआईटी गुवाहाटी के प्रो. हृषिकेश शर्मा का कहना है, "हमारा लक्ष्य ऐसी अगली पीढ़ी की सामग्री तैयार करना है, जो भीषण गर्मी और रेडिएशन के बीच भी चट्टान की तरह खड़ी रहे।" गौरतलब है कि यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल मटेरियल्स एंड स्ट्रक्चर्स में प्रकाशित हुआ है। डॉ. हृषिकेश शर्मा और उनके छात्र संचित सक्सेना के साथ इसमें सीएसआईआर-रुड़की के डॉ. सुमन कुमार का भी अहम योगदान है। अब वैज्ञानिक इस मोर्टार का बड़े पैमाने पर कंक्रीट के साथ परीक्षण करने की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले समय में इसका उपयोग न्यूक्लियर रिएक्टरों, छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और अस्पतालों के एक्स-रे, कैंसर थेरेपी रूम को सुरक्षित बनाने में किया जा सकेगा।

### शादी पर उठे विवादों पर मोनालिसा ने कहा

# हमने हिंदू रीति-रिवाज से की शादी, अफवाहों में सच्चाई नहीं

महाकुंभ मेले में फूलमाला बेचने वाली मोनालिसा बड़ी-बड़ी और नीली आंखों की वजह से वायरल सेंसेशन बन गई थीं। हाल ही में वह अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी करने के बाद फिर से चर्चा में आ गई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लव जिहाद बताया जा रहा है, लेकिन अब दोनों ने इसका खंडन किया है। मोनालिसा ने अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान के साथ केरल के तिरुवनंतपुरम के पास पूवर इलाके में अरुमानूर श्री नैनार देवा मंदिर में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली है। शादी के दौरान मोनालिसा लाल रंग की साड़ी में दिखीं, जबकि फरमान ने सफेद रंग का सफेद कुर्ता और मुंडू पहना हुआ है हाल ही में मोनालिसा और उनके पति फरमान खान ने आईएएनएस के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई है और लोग जैसा सोच रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है। मोनालिसा ने कहा, "लोग जो सोच रहे हैं, वैसा कुछ भी नहीं है। हमारी शादी पूरी तरह से हिंदू परंपरा से मंदिर में हुई थी। हमारी शादी के दौरान रीति-रिवाजों का पालन किया गया। मेरे पिता भी शायद कुछ सोच रहे होंगे, लेकिन जो अफवाहें चल रही हैं, वो गलत हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सब धर्म एक समान हैं। फरमान ने भी अपनी बात रखी और केरल सरकार का सपोर्ट किया। फरमान ने कहा, "केरल सरकार ने हमारा सपोर्ट किया, उनको हमारी तरफ से तहे दिल से शुक्रिया। हमें उम्मीद भी नहीं थी कि हमारी शादी में इतने सारे लोग आएंगे। हमें लगा था कि हमारी शादी में कुछ ही लोग होंगे और साधारण तरीके से निपट जाएगी, लेकिन बहुत सारे लोग और मंत्री आए थे। शिक्षा मंत्री आए थे और सभी ने हमें आशीर्वाद दिया और जैसा लोग बोल रहे हैं वैसा कुछ भी नहीं है। हमारे लिए सारे धर्म एक जैसे हैं। दोनों की शादी की वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं।



### जेंडर-रेस्पॉन्सिव सेकेंडरी एजुकेशन विषय पर बैठक आयोजित, बोले विस अध्यक्ष

# बालिकाओं की शिक्षा राज्य की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार : रबींद्रनाथ

- राज्य में बालिकाओं की शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यापक विचार-विमर्श



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यूनिसेफ ने झारखंड में किशोरियों के लिए माध्यमिक शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा शिक्षा की निरंतरता और गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से झारखंड विधानसभा में गुरुवार को एक राउंडटेबल चर्चा का आयोजन किया। जेंडर-रेस्पॉन्सिव सेकेंडरी एजुकेशन विषय पर आयोजित इस बैठक में राज्य में बालिकाओं की शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के 35 से अधिक विधायकों के साथ यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र, यूनिसेफ की कम्युनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट आस्था अलंग तथा एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

राउंडटेबल चर्चा का मुख्य उद्देश्य झारखंड में किशोरियों की माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर तक शिक्षा जारी रखने में आने वाली बाधाओं की पहचान करना तथा इन चुनौतियों को दूर करने के लिए आवश्यक नीतिगत पहल और निवेश संबंधी प्राथमिकताओं पर चर्चा करना था।इस अवसर पर झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा राज्य की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जब लड़कियां माध्यमिक शिक्षा पूरी करती हैं तो इससे न केवल उनका जीवन बदलता है, बल्कि परिवार, समाज और पूरे राज्य के विकास को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में विद्यालयों को सुदृढ़ बनाने, समुदाय को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा शिक्षा तक पहुंच, सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों को समर्थन देने का आह्वान किया।

यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि बालिकाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा में निवेश समाज के लिए सबसे प्रभावशाली निवेशों में से एक है। उन्होंने कहा कि जेंडर-रेस्पॉन्सिव शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए सरकार, नीति-निर्माताओं और विभिन्न साझेदारों के बीच मजबूत सहयोग और पर्याप्त निवेश आवश्यक है, ताकि हर लड़की अपनी शिक्षा पूरी कर सके।

यूनिसेफ की कम्युनिकेशन, एडवोकेसी एवं पार्टनरशिप स्पेशलिस्ट आस्था अलंग ने कहा कि किशोरियों के लिए सुरक्षित, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए नीति-निर्माताओं, शिक्षकों, समुदायों और साझेदारों के बीच समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाकर समाधान तलाशने का अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान यूनिसेफ झारखंड की एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा ने तकनीकी प्रस्तुति के माध्यम से राज्य में माध्यमिक शिक्षा की वर्तमान स्थिति और प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नामांकन में सुधार के बावजूद लड़कियों के लिए शिक्षा की निरंतरता, उच्च माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई जारी रखना और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना अभी भी चुनौती बना हुआ है। बैठक में यह भी बताया गया कि माध्यमिक विद्यालयों की संख्या बढ़ाने, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, पेयजल एवं स्वच्छता सुविधाओं में सुधार करने, शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा करियर मार्गदर्शन और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने से छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने में मदद मिल सकती है। राउंडटेबल के दौरान विधायकों ने भी किशोरियों के सामने आने वाली चुनौतियों-जैसे घर से विद्यालयों की दूरी, सामाजिक मान्यताएं, सुरक्षा संबंधी चिंताएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संसाधनों की कमी पर अपने विचार साझा किए।

चर्चा में इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षा में निवेश, बेहतर आधारभूत संरचना और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से झारखंड की हर लड़की को शिक्षा जारी रखने का अवसर सुनिश्चित किया जा सकता है।



सीएम हेमंत सोरेन, स्मार्ट सिटी परिसर स्थित मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास में आयोजित दावत- ए- इफ्तार में हुए सम्मिलित।

# अधिकारी विकास को दें गति : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में नव प्रोन्नत झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव प्रोन्नत आईएएस अधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने इन अधिकारियों से कहा कि अब तक के सेवा काल में आप सभी जिस तरह राज्य के विकास में अहम योगदान देते आ रहे हैं, आगे भी इसी तरह हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का समाधान पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करेंगे। आप सभी के सहयोग से ही राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले नव प्रोन्नत आईएएस अधिकारियों में दिलेश्वर महतो, इश्तियाक अहमद, विद्यानंद शर्मा पंकज, संगीता लाल, रोबिन टोप्पो, अनिलसन लकड़ा, अरुण कुमार सिंह, नागेंद्र पासवान, आसिफ इकराम, नीरज कुमार सिंह, जुल्फिकार अली, अर्चना मेहता एवं आलोक शिकारी कच्छप शामिल थे।

## झारखंड राजकीय पॉलिटेक्निक अंशकालीन व्याख्याता संघ सीएम हेमंत सोरेन से मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड राजकीय पॉलिटेक्निक अंशकालीन व्याख्याता संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने एक ज्ञापन के माध्यम से झारखंड के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में कार्यरत सभी की सेवा अवधि 65 वर्ष किए जाने एवं नियमावली की विसंगतियों को दूर करने का आग्रह किया।

## झारखंड स्टेट बार काउंसिल चुनाव में 70 फीसदी से अधिक मतदान

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पंचवर्षीय चुनाव में कुल 23 पदों के लिए मतदान संपन्न हो गया। करीब 70 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की सूचना है। प्राप्त सूचना के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट में 2165 मत, गुमला में 234 मत, बुंडू में 42 मत, लातेहार में 103, रामगढ़ में 424, तेनूघाट में 265 चांडिल में 36, खूंटी में 114, चक्रधरपुर में 39 मत डाले गए। चुनाव को लेकर झारखंड हाई कोर्ट एवं रांची सिविल कोर्ट में पूरे दिन गहमागहमी रही। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह दिखा. झारखंड हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में पूरे दिन मतदाताओं (अधिवक्ताओं) की भीड़ लगी रही। दिनभर कौन प्रत्याशी जीतेगा इसकी चर्चा होती रही। प्रत्याशी अपने जीत का दावा करते नजर आए. झारखंड स्टेट बर काउंसिल कार्यालय में बैलट बॉक्स रखने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहां पूरे झारखंड से बैलट बॉक्स रखे जा रहे हैं. पूरे राज्य में 75 बूथ पर मतदान संपन्न हो गया।

# एलपीजी संकट पर महिला कांग्रेस का हमला, पेट्रोलियम मंत्री से इस्तीफे की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रमा खलखो ने गुरुवार को रांची स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस की कथित किल्लत को लेकर केंद्र की नीतियों की आलोचना करते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे और गैस सिलेंडर के बढ़े दाम तुरंत वापस लेने की मांग की।

रमा खलखो ने आरोप लगाया कि अमेरिका के दबाव के कारण भारत रूस से सस्ता तेल नहीं ले पा रहा है, जिससे देश में ईंधन संकट की स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि इसी का असर एलपीजी गैस की कीमतों और आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 115 रुपये की बढ़ोतरी से आम जनता पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

उन्होंने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में एलपीजी सिलेंडर की कमी देखने को मिल रही है, जिसके कारण लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर भी सवाल उठाते हुए इसे विफल करार दिया।

रमा खलखो ने कहा कि पहले नोटबंदी के दौरान लोगों को बैंकों के बाहर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा, कोरोना काल में ऑक्सीजन के लिए लाइनें लगीं और अब एलपीजी गैस की किल्लत के कारण लोग फिर से कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता इस मुद्दे पर लगातार आवाज उठाती रहेंगी और आम जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करती रहेंगी। इस मौके पर महिला कांग्रेस की गुंजन सिंह, सुंदरी तिर्की, मेरी तिर्की, रीता चौधरी, नीतू देवी, शहनाज खातून, मीना देवी, संगीता टोप्पो, गीता कच्छप और नीलम तिग्गा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थीं।

# पुलिस गाड़ियों की खरीद केवल दिखावा : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा पुलिस प्रशासन के लिए छह सौ से अधिक गाड़ियों की खरीद पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, लेकिन सरकार का ध्यान अपराध नियंत्रण के बजाय प्रचार और फोटो सेशन पर अधिक केंद्रित है। अजय साह ने कहा कि जब मूलभूत समस्याएं जस की तस बनी हुई हों, तब ऐसी घोषणाएं जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसी प्रतीत होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर पीसीआर वैन अवैध बालू और कोयला ढोने वाले ट्रकों से वसूली में लगी रहती हैं, लेकिन सरकार ने आज तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कानून लागू कराने वाली व्यवस्था ही सवालों के घेरे में हो, तो नई गाड़ियों की खरीद से कानून व्यवस्था में सुधार कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अजय साह ने कहा कि भाजपा पुलिस को आधुनिक संसाधन और बेहतर वाहन दिए जाने के पक्ष में है, लेकिन राज्य में जब अपराधी बेखौफ घूम रहे हों और जनता असुरक्षित महसूस कर रही हो, तब केवल गाड़ियों की खरीद कर कानून व्यवस्था सुधारने का दावा करना उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि दिखावे की राजनीति छोड़कर कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ, ताकि अपराधियों में कानून का भय पैदा हो और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

# राज्य में एग्री एक्सपोर्ट हब तैयार करे सरकार : कल्पना सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने अल्पसूचित प्रश्न के जरिए राज्य के एयरपोर्ट पर टेस्टिंग लैब खोलने व राज्य में एग्री एक्सपोर्ट हब तैयार करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि राज्य के एयरपोर्ट में टेस्टिंग लैब व एक्सपोर्ट हब के लिए कोई प्रस्ताव केंद्र को नहीं भेजा गया है। राज्य के प्रमुख एयरपोर्ट से निर्यात होने वाले कृषि या वनोत्पाद की टेस्टिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। झारखंड के उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिमांड है। कल्पना सोरेन ने सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि यदि राज्य सरकार उत्पादन व संभावनाओं का संकल्प कर यूनिफाइड फॉर्म में प्रस्ताव तैयार कर एग्री एक्सपोर्ट हब बनाने का प्रस्ताव केंद्र के समक्ष रखे तो बेहतर होगा।

कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य से निर्यात योग्य कई पदार्थ हैं। राज्य में तीन से चार लाख टन अनाज, पांच से छह लाख टन टमाटर, एक से डेढ़ लाख टन मिर्च, शहद पांच से छह हजार टन, लाह 10 हजार टन, औषधीय पौधे 10 से 15 हजार टन, साल के बीज 1 लाख टन का उत्पादन होता है। कल्पना ने कहा कि राज्य सरकार डेढ़ लाख एकड़ में हरित ग्राम योजना चला रही है। आने वाले वर्ष में इससे फल आने लगेंगे, राज्य सरकार स्ट्राबेरी, शिमला मिर्च समेत अन्य खेती भी करा रही है। फल, सब्जियों और वन उत्पाद भारी मात्रा में आएंगे, ऐसे में ग्लोबल मार्केट के लिए तैयार होना होगा। यूरोप व मध्यपूर्व में इसकी खूब मांग है। राज्य सरकार वैश्विक आकलन कर प्रस्ताव तैयार करे तो एग्री एक्सपोर्ट हब तैयार किया जा सकता है। कृषि उत्पादों की मैपिंग कर एग्रो हब बनाने का प्रस्ताव भेजा जाए। कल्पना ने कहा कि राज्य में रांची व देवघर एयरपोर्ट हैं, वहां पर कृषि उत्पादों की टेस्टिंग, कोल्ड चेन, पैकेजिंग व कोरेंटिन की सुविधा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उत्पादकों को सीधा लाभ मिले।कल्पना सोरेन के पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में आने वाले वक्त में एग्रो एक्सपोर्ट हब जरूरत होगी। भारी प्रोडक्शन होने वाला है। लेकिन वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले साल आईसीआर नामकुम के माध्यम से आरकेवाई प्रोजेक्ट के तहत मॉर्डन टेस्टिंग लेबोरेट्री का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। पहली बार केंद्र ने कुछ सवाल पूछा था, बाद में प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया गया। दिल्ली जाकर राज्य की आवश्यकताओं से अवगत कराया जाएगा, ताकि आने वाले समय में लैब को अनुमति मिल सके।

## पेज एक के शेष

### मांस प्रसंस्करण को...

साथ ही झारखंड में मांस प्रसंस्करण के बुनियादी ढांचे का विकास, अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों का कार्यान्वयन, स्थानीय उद्यमियों और श्रमिकों के लिए क्षमता निर्माण तथा मांस प्रसंस्करण से जुड़े तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी काम किया जाएगा। इसके अलावा पूरे राज्य में वैज्ञानिक पशुपालन प्रथाओं को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, निदेशक पशुपालन आदित्य कुमार आनंद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### शिशु देखभाल अवकाश...

बैठक में रांची महिला कॉलेज की छात्राओं के लिए प्रस्तावित 528-बेड के छात्रावास को कॉलेज परिसर के बजाय मोरहाबादी स्थित कल्याण परिषद परिसर में बनाने का निर्णय भी लिया गया। वहीं शिशु देखभाल अवकाश के दौरान छुट्टी वेतन की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और पूर्व विधायकों को अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों की तर्ज पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इस व्यवस्था के तहत उनके उपचार पर होने वाले खर्च की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार करेगी।

### तेज रफ्तार कार...

घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार युवक का लगभग 80 प्रतिशत शरीर झुलस गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### 12 इंट्रीग्रेटेड थानों...

धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, पलामू, गुमला, चतरा और दुमका के इंट्रीग्रेटेड थानों का शिलान्यास भी किया जाएगा। इन इंटीग्रेटेड थानों के निर्माण के बाद एक ही बिल्डिंग में साइबर थाना, एसटी-एससी थाना, एएचटीयू थाना व महिला थाना का संचालन होगा। आमलोगों की सुगमता के लिहाज से सारे विशेष थाने अब एक ही बिल्डिंग में होंगे। वहीं यह बिल्डिंग अत्याधुनिक बैरक से भी युक्त होगी।पुलिस गश्ती के लिए किस जिले को कितने वाहनगश्ती के लिए वाहन आवंटन की सूची में राजधानी रांची और औद्योगिक शहर जमशेदपुर को सबसे अधिक वाहन मिले हैं। रांची को 80 चार पहिया और 73 दो पहिया, जमशेदपुर को 51 चार पहिया और 89 दो पहिया, धनबाद को 40 चार पहिया और 45 दोपहिया, बोकारो को 39 चार पहिया और 53 दोपहिया, हजारीबाग को 28 चार पहिया और 42 दोपहिया वाहन मिले हैं। अन्य जिलों को भी उनकी आवश्यकता के अनुसार वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। आईजी प्रोविजन ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वे रक्षित परिवहन, डोरंडा से समन्वय स्थापित कर आवंटित वाहनों का रजिस्ट्रेशन और अन्य जरूरी कागजी कार्रवाई जल्द से जल्द रांची जिले से कराना सुनिश्चित करें। इससे थानों में पुराने पड़ चुके वाहनों की समस्या दूर होगी और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की पहुंच तेज होगी।

### बोहिता गांव में...

जानकारी के अनुसार बोहिता गांव निवासी हरिशंकर शर्मा के पुत्र लवकुश शर्मा के घीढ़री कार्यक्रम के अवसर पर बुधवार को गांव में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया था। भोज में ग्रामीणों को पूड़ी, बुंदिया और सब्जी परोसी गई थी। बताया जा रहा है कि जिन लोगों ने पूड़ी और बुंदिया खाई, उनमें अधिक लोग बीमार पड़े हैं, जबकि कुछ लोगों को सब्जी खाने के बाद भी उल्टी-दस्त की शिकायत हुई है। ग्रामीण सुदेश्वर सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह जब कुछ लोग शौच के लिए खेत गए तो उन्हें चक्कर और कमजोरी महसूस होने लगी। इसके बाद धीरे-धीरे गांव के कई घरों से लोगों के बीमार होने की सूचना आने लगी और देखते-देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रभावित हो गए। स्थानीय लोगों ने गुरुवार सुबह करीब नौ से दस बजे के बीच बीमार लोगों को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पोखरपार टोला, बोहिता में एकत्र कर प्राथमिक उपचार शुरू कराया। घटना की सूचना मिलते ही पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और बीमार लोगों का हालचाल लिया। उन्होंने गंभीर मरीजों को तत्काल मेदिनीनगर अस्पताल भेजने तथा अन्य मरीजों का इलाज विद्यालय परिसर में ही करने का निर्देश दिया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम को आवश्यक दवाएं और मेडिकल किट उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर एंबुलेंस पहुंच चुकी थीं और गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव, महेश यादव और समाजसेवी आशिष सिन्हा भी मौके पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि फूड पॉइजनिंग किस कारण से हुई।

### झारखंड में मतदाता...

योग ने स्पष्ट किया कि इस बार एब्सेंट (अनुपस्थित), शिफ्टेड (स्थानांतरित), डेथ (मृतक) और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को बीएलओ द्वारा राजनीतिक दलों के एजेंटों से प्रमाणित कराया जाएगा और फिर उसे सार्वजनिक किया जाएगा। इससे फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने में मदद मिलेगी। बैठक में ड्राफ्ट पब्लिकेशन, नोटिफिकेशन और सुनवाई की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई।

### रैयतों को उनका...

उन्होंने कहा कि जहां तक न्यूनतम मजदूरी का प्रश्न है, राज्य सरकार निजी क्षेत्र की इकाइयों के लिए वर्ष में दो बार न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करती है। वहीं ईपीएफ और अन्य प्रावधानों की निगरानी मुख्य रूप से भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आती है।यदि कोई शिकायत मिलती है तो राज्य सरकार उसे संबंधित प्राधिकरण तक पहुंचाती है। भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 के तहत मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जिसमें सामान्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में चार गुना और शहरी क्षेत्रों में दो गुना तक मुआवजा देने का प्रावधान है। यदि किसी औद्योगिक संस्थान द्वारा मजदूरों या प्रभावित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा है और सदस्य उस विषय को लिखित रूप में देते हैं, तो सरकार उसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी। यह भी देखा जाता है कि रैयत अधिग्रहित भूमि का उपयोग पूरा होने के बाद पुरानी अवस्था में वापस लौटाने की मांग नहीं करते। अगर वे ऐसा करेंगे तो सरकार इसे सुनिश्चित कराएगी।

**जामताड़ा के सहकारिता पदाधिकारी निलंबित, सदन में सरकार की घोषणा :** जामताड़ा के सहकारिता पदाधिकारी को करप्शन के मामले में निलंबित कर दिया गया है। उनपर आदिम जनजाति समाज के लिए आवंटित राशन को खुले बाजार में बेचने का आरोप है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 11 मार्च को खाद्य आपूर्ति विभाग के अनुदान मांगों पर वाद विवाद के दौरान इस मसले को उठाया था। खास बात है कि खुद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को सदन में निलंबन की घोषणा की।

**नेता प्रतिपक्ष ने उठाया था सवाल :** दरअसल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने 11 मार्च को खाद्य आपूर्ति विभाग के अनुदान मांगों पर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि वर्तमान सरकार भ्रष्ट पदाधिकारियों को बचाती है। यही वजह है कि खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र बरहेट के पतना में एक पदाधिकारी ने आदिम जनजाति के हिस्से के राशन को खुले बाजार में बेच दिया। राशन की कीमत एक करोड़ रु से ज्यादा थी। उन्होंने आश्चर्य जताया कि जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद उस पदाधिकारी की फिर दूसरे जिले में पोस्टिंग हो गई।

**सदन में मामला उठने पर सरकार ने की कार्रवाई :** नेता प्रतिपक्ष के इस गंभीर आरोपों से घिरी सरकार ने अगले ही दिन सदन में संबंधित अधिकारी के निलंबन की घोषणा कर यह बताने की कोशिश की गई कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि दोषी पदाधिकारी से गबन की राशि वसूलने की कवायद चल रही है। उनके खिलाफ प्रपक्ष-क भी गठित कर दिया गया है। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि बरहेट में पोस्टिंग के दौरान संबंधित पदाधिकारी को गबन का दोषी पाए जाने के बाद इन्हें सहकारिता विभाग के मुख्यालय में तबादला कर दिया गया। लेकिन यहां भी उनकी कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। लिहाजा, उन्हें जामताड़ा में सहकारिता पदाधिकारी के रूप में भेजा गया।

### राज्य में उद्यानिकी...

इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव श्री अबू बकर सिद्दीकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, तीन जिलों को मिले नए अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा, झारखंड प्रदेश में संगठन को नई धार देने और जमीनी स्तर पर मजबूती लाने के उद्देश्य से बड़े बदलाव किए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के निर्देशानुसार पार्टी ने तीन महत्वपूर्ण जिलों के लिए नए जिला अध्यक्षों के नामों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह निर्णय आगामी राजनीतिक चुनौतियों और सांगठनिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। पार्टी द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के अंतर्गत आने वाले लोहरदगा जिले की जिम्मेदारी अजय पंकज को सौंपी गई है। वहीं, धनबाद प्रमंडल के तहत बोकारो जिले के लिए सुरेन्द्र राज को नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# सड़कों का डीपीआर स्वीकृत कर समय पर निर्माण करें : हाईकोर्ट




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हाईकोर्ट ने राज्य में सड़क निर्माण से जुड़े एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सरकार को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट स्वीकृत कर निर्धारित समय सीमा में सड़क निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिया कि संबंधित मोहल्ला सड़क का डीपीआर 30 अप्रैल तक स्वीकृत करें। विभाग को आवश्यक टेंडर प्रक्रिया पूरी कर सड़क निर्माण का कार्य 31 दिसंबर 2026 तक हर हाल में पूरा करने का आदेश दिया गया। सुनवाई में हस्तक्षेपकर्ता ने कोर्ट को बताया कि 2023 में तैयार डीपीआर में सड़क की चौड़ाई केवल 12 फीट रखी गई है, जो काफी कम है और इससे दो वाहनों का एक साथ गुजरना मुश्किल होगा। इस पर अदालत ने सरकार को सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के सुझाव पर भी विचार करने को कहा। मामला रांची के अरगोड़ा-नयासराय रोड के पास स्थित गुटवा पंचायत क्षेत्र से जुड़ा है, जहां राजेंद्र नगर, सिद्धि विनायक नगर, महुआ टोली, बेथलेहम नगर, धर्म कॉलोनी और लक्ष्मी नगर समेत कई मोहल्लों के लोग वर्षों से बिना पक्की सड़क और नाली के रह रहे हैं। यहां की सड़कों की हालत खराब होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### एथलेटिक्स ग्रां प्री में भारत का दबदबा

# सुमित अंतिल ने 69.25 मीटर भाला फेंककर जीता स्वर्ण पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



यहां चल रहे विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2026 के दूसरे दिन भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए और कई स्पर्धाओं में पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया।

दिन का मुख्य आकर्षण पुरुष भाला फेंक एफ-43/एफ-44/एफ-64 स्पर्धा रही, जहां पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने 69.25 मीटर का शानदार थ्रो करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के साथ रजत और पूनम राम ने 49.48 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।जीत के बाद सुमित अंतिल ने कहा कि इस वर्ष कई प्रतियोगिताएं होने वाली हैं और वह उनमें अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए ऑफ-सीजन प्रशिक्षण का दौर है और उन्हें इतनी लंबी दूरी के थ्रो की उम्मीद नहीं थी। उनका लक्ष्य एशियाई खेलों में 75 मीटर का थ्रो करना है और इसके लिए वह लगातार मेहनत कर रहे हैं।

पुरुष 400 मीटर दौड़ टी-13 स्पर्धा में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि प्रियांशु कौशिक ने 53.19 सेकंड के साथ रजत और अवनील कुमार ने 56.91 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष 400 मीटर दौड़ टी-46/टी-47 में भाविककुमार दिन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि जसबीर ने 50.09 सेकंड में रजत पदक हासिल किया। सर्बिया के इवान स्वेतकोविक को कांस्य पदक मिला।व्हीलचेयर वर्ग की पुरुष 400 मीटर दौड़ टी-53/टी-54 में भी भारत ने पोडियम पर पूरी तरह कब्जा जमाया। मनोजकुमार सबापति ने 54.33 सेकंड में स्वर्ण, अनिल कुमार ने 57.57 सेकंड में रजत और मणिकंदन जोथि ने 1:01.94 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

महिला 400 मीटर दौड़ टी-11/टी-12 में तेजलबेन अमराजी दामोर ने 57.53 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। ललिता किल्लाका ने 1:07.92 में रजत और शालिनी चौधरी ने 1:16.79 के साथ कांस्य पदक हासिल किया।फील्ड स्पर्धाओं में महिला शॉट पुट एफ-36/एफ-37/एफ-40 में लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। अकुताई सीताराम उलभगत ने 5.49 मीटर के साथ रजत और भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।पुरुष लंबी कूद टी-42/टी-63 में भी भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर कब्जा जमाया। शैलेश कुमार ने 5.47 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि रामसिंहभाई गोविंदभाई पधियार ने 4.68 मीटर के साथ रजत और सोलैराज जगन्नाथन ने 3.23 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष शॉट पुट एफ-46 में रोहित कुमार ने 14.35 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। देवेंद्र सिंह गुर्जर ने 13.97 मीटर के साथ रजत और लोकेश अकुला ने 10.92 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष डिस्कस थ्रो एफ-51/एफ-55 में साहिल सलीम सैयद ने 36.83 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुखचैन ने 30.49 मीटर के साथ रजत और सुधीर ने 28.78 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष भाला फेंक एफ-12/एफ-13 में मनजीत ने 57.86 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। प्रतीक अमृतराव पाटिल ने 50.43 मीटर के साथ रजत और इरफान दीवान ने 45.39 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।पुरुष भाला फेंक एफ-40/एफ-41 में सुनील कुमार ने 32.58 मीटर के साथ स्वर्ण, प्रिंस कुमार ने 31.23 मीटर के साथ रजत और काथिर धनसेकरन ने 18.73 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।अन्य मुकाबलों में पुरुष 400 मीटर दौड़ टी-12 में मोहित पाल ने 54.39 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि लकी यादव ने 1:04.27 के साथ रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पुरुष 400 मीटर दौड़ टी-20 में रूस के खिलाड़ियों ने तीनों पदक जीते, जिसमें सर्गेई माकारोव ने 49.20 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

## आईसीसी की बड़ी कार्रवाई, वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स सहित तीन निलंबित

**नई दिल्ली/ बारबाडोस।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के उल्लंघन के मामले में वेस्टइंडीज के खिलाड़ी जेवोन सर्ल्स, टीम अधिकारी ट्रेवोन ग्रिफिथ और टाइटंस टीम के मालिक चितरंजन राठौड़ पर आरोप लगाए हैं। यह मामला 2023-24 में बारबाडोस में आयोजित बिम10 क्रिकेट टूर्नामेंट से जुड़ा हुआ है। जांच के बाद तीनों व्यक्तियों पर क्रिकेट वेस्टइंडीज के भ्रष्टाचार विरोधी नियमों के तहत कई आरोप लगाए गए हैं। राठौड़ पर तीन, सर्ल्स पर चार और ग्रिफिथ पर चार आरोप लगाए गए हैं। इन सभी पर आरोप है कि उन्होंने बिम10 टूर्नामेंट के मैचों के परिणाम, प्रगति या अन्य पहलुओं को अनुचित तरीके से प्रभावित करने या ऐसा करने की साजिश रचने का प्रयास किया। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्तियों ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को भ्रष्टाचार विरोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए उकसाने या सहायता करने का प्रयास किया। इसके अलावा तीनों पर यह भी आरोप है कि उन्होंने संभावित भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच में सहयोग नहीं किया।

# बांग्लादेश की नजर सीरीज जीतने पर वापसी करना चाहेगी पाकिस्तानी टीम

**एजेंसी। ढाका**



बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का दूसरा मैच शुक्रवार को खेला जाएगा, इस मैच में पाकिस्तान की टीम वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी, जबकि बांग्लादेश की नजर सीरीज पर कब्जा जमाने पर होगी। पहले मैच में शानदार जीत के साथ बांग्लादेश ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले एकदिवसीय मुकाबले में पाकिस्तान ने अपनी टीम में चार नए बल्लेबाजों को मौका दिया था, लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के सामने पाकिस्तानी बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। नाहिद राणा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर पांच विकेट झटके।

उनकी तेज और उछाल भरी गेंदबाजी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। अनुभवी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा भी नाहिद राणा की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सके। पाकिस्तान की पूरी टीम 114 रन पर सिमट गई, जो बांग्लादेश के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए उसका सबसे कम स्कोर है। छोटे लक्ष्य का बचाव करने उतरी पाकिस्तान की गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही। गेंदबाजों ने अनुशासनहीनता दिखाते हुए 14 वाइड गेंदें फेंकी। इसका फायदा उठाते हुए बांग्लादेश ने केवल दो विकेट खोकर और 209 गेंद शेष रहते मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ बांग्लादेश के पास पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी एकदिवसीय श्रृंखला जीतने का मौका है। इससे पहले वर्ष 2015 में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 3-0 से हराया था। बांग्लादेश के लिए कप्तान मेहदी हसन मिराज का प्रदर्शन भी अहम रहा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए तंजीद हसन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। पाकिस्तान की टीम के लिए यह मुकाबला करो या मरो जैसा होगा। टीम को अपने नए खिलाड़ियों के साथ-साथ अनुभवी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा पर टीम को संभालने की जिम्मेदारी होगी।दूसरी ओर बांग्लादेश की टीम पहले मैच में जीत दिलाने वाले संयोजन को बरकरार रख सकती है, खासकर यदि पिच का मिजाज पहले मुकाबले जैसा ही रहा।

# डिफेंडिंग चैंपियन जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी। इंडियन वेल्स**



मौजूदा चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स 2026 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। कड़े मुकाबले में ड्रेपर ने जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (7/5) से मात दी। ब्रिटेन के ड्रेपर ने इस मुकाबले में जबरदस्त संघर्ष दिखाया और तीसरे सेट में 38 वर्षीय जोकोविच को थका कर जीत हासिल की। इस हार के साथ ही सर्बिया के स्टार खिलाड़ी जोकोविच का 2016 में अपना पांचवां खिताब जीतने के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि उन्होंने यह मुकाबला अपने जज्बे और सकारात्मक सोच के दम पर जीता। उन्होंने कोर्ट पर जोकोविच को लगातार दौड़ने पर मजबूर किया और कई शानदार ड्रॉप शॉट लगाए। पहले दो सेट में मुकाबला बेहद करीबी रहा। तीसरे सेट की शुरुआत में ही एक लंबी और रोमांचक रैली देखने को मिली, जिसमें दोनों खिलाड़ी ड्रॉप शॉट और लॉब का जवाब देते रहे। आखिरकार जोकोविच ने ओवरहेड शॉट लगाकर अंक अपने नाम किया, लेकिन इस दौरान वह काफी थक चुके थे। जोकोविच ने बाद में कहा कि उस लंबे पॉइंट के बाद उनकी ऊर्जा लगभग खत्म हो गई थी। उन्होंने कहा कि वह एक अहम पॉइंट जरूर जीत गए थे, लेकिन इसके बाद उनके पास ज्यादा ताकत नहीं बची। तीसरे सेट में ड्रेपर ने जोकोविच की सर्विस तोड़ दी, हालांकि 5-4 की बढ़त पर मैच खत्म करने का मौका वह तुरंत भुना नहीं सके। इसके बाद मुकाबला टाईब्रेक तक पहुंचा, जहां जोकोविच 4-3 से आगे थे, लेकिन ड्रेपर ने शानदार वापसी करते हुए 7-5 से टाईब्रेक जीत लिया।

## विश्व बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप में भारतीय मुक्केबाजों गुंजन, राधामणि और चंद्रिका ने दर्ज की जीत

**बैंकॉक।** विश्व बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 के पांचवें दिन गुरुवार को भारतीय युवा मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में जीत दर्ज की। भारत की ओर से गुंजन, राधामणि लोंगजाम और चंद्रिका पुजारी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर टीम का मनोबल बढ़ाया।सुबह के सत्र में 48 किलोग्राम वर्ग में गुंजन ने पोलैंड की मुक्केबाज को 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से हराया। वहीं 57 किलोग्राम वर्ग में राधामणि लोंगजाम ने इक्वाडोर की खिलाड़ी को पहले ही राउंड में रेफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने के फैसले से हराकर शानदार जीत दर्ज की। हालांकि, 60 किलोग्राम वर्ग में प्राची को स्लोवाकिया की मुक्केबाज के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# इंडियन प्रीमियर लीग से पहले पंजाब किंग्स ने लॉन्च की नई जर्सी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी नई आधिकारिक मैच जर्सी का अनावरण किया है। नई जर्सी में पंजाब किंग्स के पारंपरिक लाल और नीले रंग को बरकरार रखा गया है, जो टीम की ऊर्जा, गर्व और निडर रवैये का प्रतीक माने जाते हैं। इस बार जर्सी के डिजाइन में खास पैटर्न जोड़ा गया है, जिसकी शुरुआत टीम के प्रतीक शेर से होती है और आगे बढ़ते हुए कपड़े पर हीरे के आकार के डिजाइनों में बदल जाता है।इस डिजाइन के जरिए टीम और खिलाड़ियों की यात्रा को दर्शाने की कोशिश की गई है। शेर टीम की ताकत, आक्रामकता और प्राकृतिक प्रतिभा का प्रतीक है, जबकि हीरे का पैटर्न उस प्रतिभा को दर्शाता है जो कड़ी मेहनत, तैयारी और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा से निखरती है।फ्रेंचाइजी का मानना है कि यह अवधारणा उनकी उस सोच को भी दर्शाती है, जिसके तहत युवा प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें भरोसा और सही मार्गदर्शन दिया जाता है, ताकि वे बड़े मंच पर मैच जिताने वाले खिलाड़ी बन सकें। पिछले सत्र में टीम के मजबूत प्रदर्शन के बाद पेश की गई यह नई जर्सी एक ऐसे दल का संकेत देती है, जो नए आत्मविश्वास और महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ रहा है।

## ओलंपिक डे सेलिब्रेशन के तौर पर 2036 पेड़ लगाएं राज्य और केंद्र शासित प्रदेश : आईओए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने सभी जुड़े हुए राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के ओलंपिक एसोसिएशन से अपील की है कि वे इस साल के ओलंपिक डे सेलिब्रेशन के हिस्से के तौर पर पेड़ लगाने का एक कैंपेन चलाएं, जिसमें हर एसोसिएशन 2036 पेड़ लगाएगा। अध्यक्ष पी. टी. उषा की तरफ से आईओए ने जारी प्रेस रिलीज में कहा गया है कि इस पहल का मकसद ओलंपिक मूवमेंट की सतत विकास और पर्यावरण की जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाना है। साथ ही देश भर के समुदायों को पर्यावरण से जुड़े सार्थक कामों के जरिए ओलंपिक डे मनाने के लिए बढ़ावा देना है। प्रेस रिलीज में कहा गया है कि देश भर में पेड़ लगाने की यह मुहिम अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की ओलंपिक वन पहल के साथ है और यह खेल के जरिए पर्यावरण की देखभाल के लिए भारत की बढ़ती प्रतिबद्धता को दिखाता है। 2036 पेड़ों का सांकेतिक पौधारोपण ओलंपिक मूवमेंट और सतत भविष्य बनाने की इच्छा को दिखाता है। राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन को स्थानीय खेल निकाय, शैक्षणिक संस्थान, एथलीट, युवा संस्थाएं और सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने के लिए बढ़ावा दिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी और लंबे समय तक चलने वाला असर पक्का हो सके। कम्युनिटी की भागीदारी को ज्यादा से ज्यादा करने के लिए खेल सुविधा, स्कूल, पार्क और दूसरी सार्वजनिक जगहों पर पेड़ लगाने का काम किया जा सकता है।

# आईबीओजीसी: राशिद खान ने पहले राउंड में बनाई बढ़त

**एजेंसी। अहमदाबाद**

इंडोरामा वेंचर्स गोल्फ चैंपियनशिप 2026 में राशिद खान ने सिक्स-अंडर 66 के स्कोर के साथ पहले राउंड में बढ़त बना ली है। 3,00,000 अमेरिकी डॉलर (2.7 करोड़ रुपए) की यह चैंपियनशिप कलहार ब्लूज एंड ग्रींस गोल्फ क्लब में खेली जा रही है। राशिद खान ने गुरुवार को सात बर्डी और एक बोगी लगाकर अकेली बढ़त बनाई। दिल्ली के राशिद ने कुल 14 टाइटल जीते हैं, जिनमें 2 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हैं। सीजन के पहले इवेंट के विनर, अमेरिकन झारेड हैक पहले राउंड में फाइव-अंडर 67 का कार्ड बनाकर दूसरे स्थान पर रहे। झारेड हैक के राउंड में छह बर्डी और एक बोगी थी।अर्जुन प्रसाद, बृजेश कुमार, सप्तक तलवार, मानव बैस और कार्तिक सिंह समेत पांच गोल्फर चार-अंडर 68 के बराबर स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे।राशिद खान ने बैक-नाइन में दो बर्डी और एक बोगी बनाई। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने सात साल के टाइटल के सूखे को खत्म करने के लिए फ्रंट-नाइन में पांच बर्डी बनाईं और लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए। शानदार प्रदर्शन के बाद राशिद ने कहा, "कोर्स बहुत अच्छा चल रहा है, पिछली बार से अलग और पिन पोजीशन मुश्किल थीं, लेकिन मैंने कुछ अच्छे शॉट और पुट लगाए और बॉल को सही जगहों पर रखकर अपने लिए मौके बनाए। मैं बस यहां से अपना बेस्ट देना चाहता हूं।" झारेड हैक के अलावा, पहले राउंड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले दूसरे विदेशी खिलाड़ी फ्रांस के क्लेमेंट सोर्डेट और पियरे पिन्यू के साथ-साथ ऑस्ट्रिया के क्रिस्टोफ ब्लेयर थे।



# 'स्वाभिमान' पहल से अगले 5 वर्षों में देश भर में 10 लाख महिलाओं को सशक्त बनाने का लक्ष्य : प्रीति अदाणी

**एजेंसी । मुंबई**

अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति अदाणी ने गुरुवार को मुंबई में आयोजित 'स्वाभिमान - द राइज ऑफ शी' कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में चल रही 'स्वाभिमान' पहल के बड़े विस्तार की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस पहल के जरिए पूरे भारत में करीब 10 लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्यक्रम शहरी वंचित वर्ग की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में प्रीति अदाणी ने कहा कि 'स्वाभिमान' पहल की शुरुआत तीन-चार साल पहले की गई थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को यह सिखाया जाता है कि वे अपने उत्पादों को बाजार तक कैसे पहुंचाएं और अपने व्यवसाय को कैसे विकसित करें। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस पहल से अब तक 4,500 से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं और कई महिलाएं 'लखपति दीदी' के रूप में उभरकर सामने आई हैं। इन महिलाओं ने अपनी मेहनत से न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल की है, बल्कि अपने परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरतों को भी पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रीति अदाणी ने आगे कहा कि 'स्वाभिमान' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक विचार है जो महिलाओं को आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह पहल उन हजारों महिलाओं की मेहनत, साहस और सफलता का उत्सव है जिन्होंने अपने जीवन में बदलाव की नई कहानी लिखी है। अदाणी फाउंडेशन ने इन




**● मुझे खुशी है कि इस पहल से अब तक 4,500 से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं और कई महिलाएं 'लखपति दीदी' के रूप में उभरकर सामने आई हैं।**

महिलाओं को कौशल विकास, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ बाजार से जोड़ने में भी मदद की है। उन्होंने आगे घोषणा करते हुए कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने अगले चरण में महाराष्ट्र की एक लाख महिलाओं को 'स्वाभिमान' पहल से जोड़ने का संकल्प लिया है। इसके बाद आने वाले कुछ वर्षों में इस पहल को पूरे देश में विस्तारित करते हुए 10 लाख महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, बीएमसी मेयर रितु तावडे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अदाणी फाउंडेशन, अदाणी इलेक्ट्रिसिटी और महिला आर्थिक विकास महामंडल पिछले दो-तीन वर्षों से मिलकर इस पहल पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 से शुरू हुए इस अभियान के तहत अब तक 4,500 से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई जा चुकी है और कई प्रेरणादायक सफलता की कहानियां सामने आई हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इस पहल के माध्यम से एक लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई जाएगी, जिससे वे आर्थिक रूप से साक्षर और आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की लखपति दीदी योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई इस योजना के तहत महाराष्ट्र में अब तक 37 लाख से अधिक महिलाओं तक पहुंच बनाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में 25 लाख और महिलाओं को इससे जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे इस वित्तीय वर्ष के अंत तक लगभग 60 से 65 लाख महिलाएं 'लखपति दीदी' बन सकती हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति सुनील तटकरे ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमशील बनाने की दिशा में ऐसे कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तर पर कई योजनाएं और पहलें चलाई जा रही हैं। इससे पहले अपने संबोधन में प्रीति अदाणी ने भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वे लड़कियों को पढ़ाने जाती थीं तो उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

## रेलवे में सुरक्षा बढ़ाने के लिए एआई सिस्टम और नई तकनीकें लागू की जा रहीं : अश्विनी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया कि भारतीय रेल अपने पूरे



नेटवर्क में सुरक्षा और कामकाज को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निरीक्षण सिस्टम, ड्रोन निगरानी और कई नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा है। लोकसभा में लिखित जवाब में रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में तकनीकी सुधार एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और कई नई प्रणालियों को शुरू किया गया है या पायलट प्रोजेक्ट के रूप में उनका परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे में मशीन विजन इंस्पेक्शन सिस्टम (एमवीआईएस), व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर (डब्ल्यूआईएलडी), ऑनलाइन मॉनिटरिंग ऑफ रोलिंग स्टॉक (ओएमआरएस), इंटीग्रेटेड ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम्स (आईटीएमएस) और ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) जैसे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। मंत्री के अनुसार, एमवीआईएस एक एआई और मशीन लर्निंग पर आधारित सिस्टम है, जो चलती ट्रेन में लटके हुए, ढीले या गायब हिस्सों का पता लगाने में मदद करता है। इस सिस्टम की तीन यूनिट नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे में, दो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में और एक साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लगाई गई हैं। रेलवे ने डीएफसीसीआईएल के साथ समझौता भी किया है, जिसके तहत मालगाड़ियों के लिए नेटवर्क में चार और एमवीआईएस यूनिट लगाई जाएंगी। मंत्री ने बताया कि रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) भी उद्योगों के साथ मिलकर इस तकनीक को और विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्हील इम्पैक्ट लोड डिटेक्टर सिस्टम ट्रैक पर पहियों के असर को मापकर खराब पहियों की पहचान करता है और ऐसे 24 सिस्टम पूरे रेलवे नेटवर्क में लगाए जा चुके हैं। वहीं ओएमआरएस सिस्टम ट्रेन के बेयरिंग और पहियों की स्थिति पर नजर रखता है और अब तक 25 ओएमआरएस सिस्टम लगाए जा चुके हैं।

जिनमें एक सिरपुर कागजनगर में सिकंदराबाद डिवीजन के साउथ सेंट्रल रेलवे के तहत लगाया गया है। रेल पटरियों की जांच के लिए आईटीएमएस सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो मशीन लर्निंग और इमेज प्रोसेसिंग की मदद से रेल, स्लीपर और फास्टनिंग में खराबी का पता लगाता है।इसके अलावा, रायपुर डिवीजन में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ड्रोन के जरिए ओवरहेड उपकरणों की थर्मल इमेजिंग से निगरानी शुरू की गई है।

## दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत

**नई दिल्ली ।** एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 21वीं सदी की सबसे गतिशील आर्थिक सफलता की कहानियों में से एक बनकर उभरा है। देश ने एक विकासशील अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाई है। पिछले दो दशकों में तेज आर्थिक विस्तार, तेजी से डिजिटलाइजेशन और वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला देश बना दिया है। यह जानकारी न्यूज.एजेड की एक रिपोर्ट में सामने आई है।

## आर्थिक दबाव में पाक ईंधन बचाने और खर्च घटाने के लिए बड़ा फैसला

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और बढ़ते आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान ने एक अहम फैसला लिया है। पाकिस्तान ने सरकारी खर्च कम करने और फ्यूल बचाने के लिए खर्च कम करने के उपायों की घोषणा की है।

# बढ़ते तनाव के बीच शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी, सेंसेक्स 829 अंक फिसला

**एजेंसी । मुंबई**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को भी भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा और प्रमुख बेंचमार्क सेंसेक्स व निफ्टी लाल निशान में बंद हुए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1.08 प्रतिशत या 829.29 अंक गिरकर 76,034.42 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी50 0.95 प्रतिशत या 227.70 अंक गिरकर 23,639.15 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स में 992.53 अंक या 1.3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह दिन के निचले स्तर 75,871.18 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी50 में 298.15 अंक या 1.25 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 23,556.30 पर आ गया। बाद में सेंसेक्स ने अपनी बढ़त कुछ हद तक कम की और 600 अंक की रिकवरी करते हुए दिन के उच्चतम स्तर 76,681.71 पर पहुंच गया।